सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
10.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 208

12 मिसेज फलानी में नौ अलग अलग किरदार निभायेंगी स्वरा

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### पहला टेस्ट : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 177 पर समेटा

जामथा (नागपुर)। भारत- ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला दिन मेजबानों के नाम रहा है। गुरुवार को स्टंप्स तक टीम इंडिया ने कंगारुओं के 177 रनों के जवाब में एक विकेट पर 77 रन बना लिये। कप्तान रोहित शर्मा (56 रन) और रविचंद्रन अश्विन (0 रन) नाबाद लौटे हैं। मेहमान टीम की पारी 63.5 ओवर में ही सिमट गयी। जडेजा ने पांच और अश्विन ने तीन विकेट लिए।

### ट्रक ने ऑटो को रौंदा 7 स्कूली बच्चों की मौत

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर में गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गयी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद ऑटो चालक 8 बच्चों को लेकर जा रहा था, तभी एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। बच्चों की उम्र 5 से 8 साल के बीच थी। 2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी। 5 बच्चों ने कोरर अस्पताल में दम तोड़ा।

### चौपारण के दनुआ घाटी में पांच वाहन टकराये

हजारीबाग। झारखंड–बिहार के सीमावर्ती चौपारण चोरदाहा के दनुआ घाटी में गुरुवार दोपहर घाटी में एक एक कर पांच वाहन आपस में टकराते गये। सबसे पहले कोयला लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इसके बाद पीछे से तेज गति से आने वाले वाहन टकराते चले गये।

### गुमला में सड़क हादसा तीन युवकों की मौत

गुमला। जसपुर–छत्तीसगढ़ मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में गुरुवार को बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। घटना करौंदी के समीप युवकों की बाइक अनियंत्रित होने से हुई। दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक ने इलाज के दौरान अस्पताल में भी दम तोड़ दिया। तीनों युवक घाटोटोली की ओर से गुमला की ओर तेज रफ्तार से आ रहे थे। सामने से आ रही एक कार से साइड लेने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो कर सड़क के किनारे ईंट के ढेर से जा टकरायी। युवकों के नाम आकाश बेग, कुलदीप खलखो और अमन बेग बताये जा रहे हैं।

### सीएम से मिले जिंदल स्टील के अध्यक्ष

रांची। सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को देश के प्रसिद्ध उद्योगपति जेएसडब्ल्यू स्टील के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल ने मुलाकात की। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। झारखंड में उद्योगों को ले कर दोनों ने कई मुद्दों पर चर्चा की।

### आज से 25 तक खिलायी जायेगी एल्बेंडाजो दवा

रांची। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रांची के सिविल सर्जन डॉ बिनोद कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल 33084 लोगों को डीईसी और एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी जाएगी। इसके लिए 470 केंद्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग से अति प्रभावित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र, प्राथमिक केंद्र और आंगनबाड़ी में केंद्र के माध्यम से दवा खिलाई जायेगी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## हेमंत कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्तावों पर मुहर, 3 मार्च को झारखंड का बजट

# कस्तूरबा के शिक्षकेतर कर्मियों का मानदेय बढ़ा

- उर्दू शिक्षकों को गैर योजना मद में लाने का निर्णय
- 20 लाख लाभुकों को इस साल भी खाद्य सुरक्षा
- 20 मॉडल स्कूल बनेंगे आवासीय विद्यालय





खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्तावों पर मुहर लगायी गयी है। राज्य के 20 मॉडल स्कूलों को आवासीय विद्यालय में परिवर्तित करने ,कस्तूरबा स्कूल के कर्मियों का मानदेय 20 फीसदी बढ़ाने, नर्सों को जिला अस्पताल में भी अनिवार्य ड्यूटी तथा राज्य के पर्यटन स्थलों को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के रूप में डेवलप करने की मंजूरी प्रमुख हैं। इसके साथ ही सूखाग्रस्त प्रखंड में राहत के लिए 268 करोड़ जेसीएफ से लोन लिया जायेगा। 20 लाख लाभुकों को खाद्य सुरक्षा के तहत इस साल भर भी मुफ्त राशन दिया जायेगा। साथ ही राज्य योजनामद में आने वाले इंटर प्रशिक्षित उर्दू शिक्षकों को गैर योजनामद में लाने का निर्णय लिया गया।

**सत्र 27 से, 3 मार्च को बजट :** कैबिनेट ने विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से आहूत करने की स्वीकृति दी गयी। बजट 3 मार्च को पेश किया जायेगा। 17 दिन के कार्य दिवस में बजट सत्र 24 मार्च तक चलेगा।

**पीपीपी मोड में डेवलप होंगे पर्यटन स्थल :** कैबिनेट सचिव ने बताया कि राज्य के पर्यटन स्थलों को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए दिया जाएगा। चयनित एजेंसी पर्यटन स्थलों को डेवलप भी करेगी और उसे संचालित भी करेगी। प्रभात कुमार झा की तीन वेतन वृद्धि की रोक को यथावत रखा गया। मुख्य सूचना आयुक्त के वेतन भत्ता में संशोधन किया गया। कॉफी टेबल के निर्माण के लिए आउटलुक बुक का मनोनयन किया गया। इसमें 19 लाख रुपये की लागत आयेगी। चिरौंदी स्थित तारामंडल के 3 वर्ष के संचालन और उसके प्रोजेक्टर को ठीक करने की जिम्मेदारी ऑर्बिट एनिमेट प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। 20 मॉडल स्कूल को आवासीय स्कूल में तब्दील किया जायेगा। रांची के एचईसी में अलग से स्टेट कमांड कंट्रोल सेंटर का निर्माण होगा। अभी यह रांची एसपी कार्यालय में है।


(शेष पेज 11 पर)

### सूखा राहत के लिए 268 करोड़ लोन लेगी सरकार

बैठक के बाद कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि 238 सूखाग्रस्त प्रखंड में राहत के लिए 268 करोड़ जेसीएफ से लोन लिया जायेगा। 20 लाख लाभुकों को खाद्य सुरक्षा दी जायेगी। जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक मुफ्त राशन दिया जायेगा। कस्तूरबा स्कूल के 1234 कर्मियों का 20 फीसदी मानदेय बढ़ा। नर्सों को जिला अस्पताल में भी ड्यूटी करनी होगी। 203 कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कार्यरत 1234 नॉन टीचिंग स्टाफ के मानदेय में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है। इनमें रसोईया से लेकर कर्मी तक शामिल हैं। इसमें 3 करोड़ से अधिक राशि खर्च होगी। राज्य सरकार इसके लिए राशि देगी। एएनएम-जीएनएमए को अब जिला और प्राथमिक स्कूलों में 1 साल के बॉन्ड पर काम करना होगा। इसके लिए10,000 मासिक मानदेय मिलेगा। यदि जिला अस्पतालों में नहीं जाना चाहते तो 10,0000 जमा करना पड़ेगा।

## राज्यपाल बैस ने तीसरी बार झारखंड वित्त विधेयक लौटाया

### विधेयक के विवरणों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की सलाह



खबर मन्त्र ब्यूरो


रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने विधानसभा से पारित झारखंड वित्त विधेयक 2022 को राज्य सरकार को लौटा दिया है। राज्यपाल ने राज्य सरकार को यह सलाह देते हुए लौटा दिया कि इस विधेयक के विवरणों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की जाये। विधेयक में उल्लेखित बिंदुओं और विवरणों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करें कि यह संविधान की अनुसूची सात के अंतर्गत राज्य सूची में समाहित है अथवा नहीं। उन्होंने कहा है कि समीक्षा की जाये कि विधेयक में बीमा अथवा अन्य प्रविधानों से संबंधित कोई विवरण संघ सूची अथवा समवर्ती सूची में तो सम्मिलित नहीं है। भारत के संविधान के अनुसूची सात के अंतर्गत संघ सूची एक के क्रम संख्या 47 में बीमा से संबंधित विषय का वर्णन किया गया है।

राज्यपाल ने उपरोक्त बिन्दुओं पर राज्य सरकार को विधि विभाग से मंतव्य प्राप्त कर इस विधेयक को अनुमोदन के लिए भेजने का निर्देश दिया है। दरअसल, इसके पहले राज्यपाल ने टाइपिंग त्रुटियों को लेकर भी विधेयक को लौटाया था।

(शेष पेज 11 पर)

## कीचड़, कमल से लेकर नेहरू-इंदिरा तक, विपक्ष पर खूब बरसे मोदी

# नेहरू महान थे तो सरनेम रखने में डर क्यों



एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विपक्ष के शोरगुल के बीच धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के साथ-साथ नेहरू परिवार और राहुल गांधी पर खूब निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि 600 सरकारी योजनाएं सिर्फ नेहरू-गांधी परिवार के नाम पर हैं, लेकिन उनकी पीढ़ी का कोई व्यक्ति नेहरू सरनेम रखने से डरता क्यों है। मोदी ने कहा कि नेहरू सरनेम रखने में क्या शर्मिंदगी है। इतना बड़ा महान व्यक्तित्व आपको मंजूर नहीं है। ये देश किसी परिवार की जागीर नहीं है। अगर नेहरू के नाम का उल्लेख नहीं हुआ तो उनके बाल खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक सेहत से खिलवाड़ ना किया जाये। विपक्ष की नारेबाजी और शोर-शराबा पर पीएम मोदी ने कहा कि ये देश देख रहा है कि एक अकेला कितनों पर भारी है। ये राजनीतिक खेल खेलने वाले लोग बचने का रास्ता ढूंढ रहे हैं। पीएम ने आगे कहा, यह जन-जन की पीढ़ियों से बना देश है।

### आदिवासियों को विकास से दूर रखा

पीएम मोदी ने आदिवासियों का जिक्र करके भी कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बार–बार देश नकार रहा है, लेकिन वो अपनी साजिशों से बाज नहीं आ रहे हैं। जनता ये देख रही है। हर मौके पर उन्हें सजा देती रही है। 1857 से लेकर 2014 तक हिंदुस्तान का कोई भी भूभाग उठा लीजिए। आजादी की लड़ाई में आदिवासियों का योगदान सुनहरे पन्नों से भरा है, लेकिन दशकों तक आदिवासी भाईयों को विकास से वंचित रखा गया। विश्वास का सेतु तो कभी बना ही नहीं। सही नीयत से आदिवासियों के कल्याण के लिए समर्पण से काम किया होता तो 21वीं सदी के तीसरे दशक में मुझे इतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती। अटल बिहारी सरकार में आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय, अलग बजट की व्यवस्था हुई।

यह देश किसी परिवार की जागीर नहीं। हमने मेजर ध्यान चंद्र के नाम पर खेल खत्न का नाम रख दिया। हमें गर्व हो रहा है। जो लोग आये दिन हमारे देश की सेना को नीचा दिखाने का मौका नहीं छोड़ते, हमने द्वीपों को परमवीर चक्र पाने वाले वीरों के नाम पर रख दिया। उन्होंने कहा, खड़गे जी, आपको जनता ही नकार दे रही, उसका रोना यहां रो रहे हैं। 60 साल कांग्रेस के परिवार ने देश में गड्ढे ही गड्ढे कर दिये थे। उनका इरादा नेकी का होगा, लेकिन गड्ढे कर दिये। उन्होंने कहा, 'वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिकों को नीचा दिखाने के लिए कितने प्रयास हुए। आर्टिकल लिखे गए, टीवी में बोला गया। ये विज्ञान के विरोधी लोग, ये टेक्नोलॉजी के विरोधी लोग हैं। हमारे वैज्ञानिकों को बदनाम करने का मौका नहीं छोड़ते। हमारे नौजवान नए अनुसंधान कर रहे हैं, ये उन्हें बदनाम कर रहे हैं। इन्हें देश की चिंता नहीं है, अपनी राजनीति की चिंता है।

(शेष पेज 11 पर)


## गुरुजी की तबीयत खराब, मेदांता में भर्ती



रांची। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की तबीयत अचानक खराब हो जाने पर उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ अमित की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की टीम शिबू सोरेन की चिकित्सकीय जांच में जुटी है। डॉक्टरों ने उनका अल्ट्रासाउंड कराया है। केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने इसकी पुष्टि की है। शिबू सोरेन का हर तीन महीने में हेल्थ चेकअप होता है। इसके लिए वह दिल्ली जाते थे। परंतु इस बार अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण उन्हें रांची के मेदांता में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम उनका रूटीन चेक भी कर रही है। ऑक्सीजन लगने के बाद शिबू सोरेन की हालत ठीक है। जांच के लिए उनके ब्लड सैंपल लिये गये हैं रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर आगे की ट्रीटमेंट करेंगे। डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि शिबू सोरेने को पहले से किडनी की समस्या है।

## जमशेदपुर में टाटा ग्रुप खोलेगा पांच सितारा होटल ताज विवांता

### झारखंड-बिहार में टाटा ग्रुप अपना होटल कर रहा लांच



विशेष संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी शीघ्र ही मिलने जा रहा है पहला पांच सितारा होटल। टाटा समूह की कंपनी एवं होटल ताज ग्लोबल ब्रांड की मालिक इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने जमशेदपुर में पांच सितारा ब्रांड होटल ताज विवांता खोलने के लिए यहां के विश्वसनीय रियल एस्टेट कंपनी एवं श्याम सुंदर गौड़ और फणींद्र महतो के नेतृत्व वाले विजया होम्स ग्रुप के साथ हाथ मिलाया है। इस साझेदारी के तहत गोलमुरी स्थित भव्य ब्रिजटॉन होटल को अगले वर्ष से होटल विवांता के रुप में आइएचसीएल संचालित करेगा। कंपनी का झारखंड में यह चौथा होटल होगा। होटल 2024 में चालू हो जायेगा। मुंबई में आइएचसीएल के सीइओ एंड एमडी पुनीत चटवाल और विजया होम्स ग्रुप के निदेशक श्याम सुंदर गौड़ और फणीन्द्र महतो ने होटल संचालन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये। सुश्री, रियल एस्टेट एंड डेवलपमेंट, आईएचसीएल कीकार्यकारी उपाध्यक्ष सुमा वेंकटेश ने कहा कि झारखंड को अपनी महत्वपूर्ण व्यावसायिक क्षमता के साथ एक महत्वपूर्ण राज्य के रूप में मान्यता दी जा रही है। विवांता जमशेदपुर, उस दिशा में एक कदम है, क्योंकि यह राज्य के सबसे बड़े शहरों में से एक है। होटल की अन्य सुविधाओं में पूरे दिन चलने वाला डाइनर, विशेषता और छत पर रेस्तरां, बार, स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर शामिल होंगे। यह 1,000 वर्ग मीटर से अधिक एरिया वाले तीन बैंक्वेट हॉल की पेशकश भी करेगा। श्याम सुंदर गौड़ और फणींद्र महतो, निदेशक, विजया होम्स ग्रुप ने कहा, हम जमशेदपुर में विवांता ब्रांड लाने के लिए भारत की अग्रणी हॉस्पिटैलिटी कंपनी आईएचसीएल के साथ हाथ मिलाकर खुश हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## झारखंड को आज मिल सकता है नया डीजीपी

रांची। शुक्रवार को झारखंड के नये डीजीपी के नाम की घोषणा हो सकती है। डीजीपी नीरज सिन्हा शुक्रवार को रिटायर हो रहे हैं। यूपीएससी पैनल झारखंड सरकार को पहले ही तीन नामों की सूची भेज चुका है। इनमें सीबीआइ में प्रतिनियुक्त अजय भटनागर(1989 बैच), पुलिस हाउसिंग के एमडी सह डीजी एसीबी अजय कुमार सिंह (1989) और रेल एडीजी अनिल पालटा (1990) का नाम है। इन तीनों नामों में से किसी एक को डीजीपी बनाया जाना है। वर्तमान राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया है कि 12 फरवरी को राज्य में नये डीजीपी की नियुक्ति कर दी जायेगी। नये डीजीपी के तौर पर आइपीएस अजय कुमार सिंह का नाम सबसे आगे चल रहा है। डीजीपी के तौर पर नीरज सिन्हा ने 11 फरवरी 2021 को योगदान दिया था। 1987 बैच के नीरज सिन्हा का कार्यकाल बेहतरीन रहा खासकर नक्सल फ्रंट पर झारखंड पुलिस को बूढ़ा पहाड़ जैसी बेहतरीन सफलता हासिल हुई।

## रामगढ़ की जनता के सुख-दुख के साथी बनेंगे चूल्हा प्रमुख

### चूल्हा प्रमुखों के सम्मेलन में सुदेश ने कांग्रेस और झामुमो पर किया हमला

### राज्य में अराजक स्थिति, बिना घूस कोई काम नहीं होता



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रामगढ़ विधानसभा उप-चुनाव से पहले आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुखों ने हजारों की संख्या जमा होकर अपनी ताकत दिखा दिये। चूल्हा प्रमुख आजसू पार्टी के आखिरी पीलर कैडर हैं। रामगढ़ विधानसभा में आजसू पार्टी के 12 हजार चूल्हा प्रमुख हैं। प्रत्येक चूल्हा प्रमुख 10 चूल्हा परिवार का नेतृत्व करनेवाला होता है। यानी रामगढ़ के एक लाख 20 हजार घरों तथा परिवारों तक आजसू ने अपना सीधा पहुंच स्थापित किया है। गोला के सीपी चौधरी इंटर कॉलेज मैदान में गुरुवार चूल्हा प्रमुखों के सम्मेलन आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि ये पार्टी के सबसे मूल्यवान कार्यकर्ता हैं। जनता के सुख-दुख के असली साझीदार भी। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हर घर, हर परिवार की सेवा के लिए ही चूल्हा प्रमुखों का चयन करते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। चूल्हा प्रमुखों के सम्मेलन में गांव-गांव से जुटे हजारों चूल्हा प्रमुखों को कर्तव्य, निष्ठा और जनसेवा की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि चूल्हा प्रमुखों का सम्मेलन आम अवाम के सुख दुख में साथ खड़ा रहने का संकल्प है। चूल्हा प्रमुख हर घर परिवार के हक अधिकार दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

## झारखंड के 15 लाख के इनामी नक्सली का सरेंडर

### पुलिस लेगी ट्रांजिट रिमांड पर हथियार–गोली भी सौंपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में 15 लाख के इनामी नक्सली अभ्यास भुइंया ने बिहार में सरेंडर कर दिया है। अभ्यास चतरा जिले के प्रतापुर थाना क्षेत्र के बंसी गांव का रहनेवाला है। 12 वर्ष की उम्र में वह नक्सली बन गया था। 20 वर्षो तक वह झारखंड- बिहार में पुलिस का सरदर्द बना रहा। झारखंड पुलिस अभ्यास भुईंया को ट्रांजिट रिमांड पर लेगी। बिहार-झारखंड के हार्डकोर नक्सली नक्सली अभ्यास भुइयां उर्फ प्रेम भुईयां ने गुरूवार को रामपुर थाना क्षेत्र स्थित सीआरपीएफ 159 बटालियन स्थित परिसर में सीआरपीएफ के कमांडेंट कुमार मयंक एवं गया एसएसपी आशीष भारती के समक्ष सरेंडर किया। अभ्यास भुइयां बिहार पुलिस, एसएबी, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के दबाव में गया पुलिस के समक्ष सरेंडर किया।

(शेष पेज 11 पर)

## कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा।

### आवश्यक सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा के गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014 के आलोक में पूर्व में नामांकित वैसे गृह रक्षक जिनका चार वर्षो का सेवा अवधि (बॉण्ड) समाप्त हो चुका है, उनकी पुनःनामांकन (बॉण्ड) की प्रकिया दिनांक–17.02.2023 एवं 18.02.2023 को अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा सुनिश्चित की गई है। यह कार्य कार्यालय अवधि 10:00 बजे पूर्वाह से 4:00 बजे अपराह तक **जिला समादेष्टा, कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा** में किया जाना हैं। पुनः नामांकन कार्य प्रखण्डवार की जायेगी, तिथि निम्न प्रकार है:–

| प्रखण्ड का नाम– | तिथि | प्रखण्ड का नाम– | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. शहरी – | 17.02.2023 | 12. बरडीहा– | 18.02.2023 |
| 2. गढ़वा– | 17.02.2023 | 13. रंका– | 18.02.2023 |
| 3. मेराल– | 17.02.2023 | 14. भंडरिया– | 18.02.2023 |
| 4. रमुना– | 17.02.2023 | 15. रमकंडा– | 18.02.2023 |
| 5. नगर उंटारी– | 17.02.2023 | 16. चिनिया– | 18.02.2023 |
| 6. सगमा– | 17.02.2023 | 17. बड़गड– | 18.02.2023 |
| 7. धुरकी– | 17.02.2023 | 18. केतार– | 18.02.2023 |
| 8. भवनाथपुर– | 17.02.2023 | 19. विशुनपुरा– | 18.02.2023 |
| 9. खरौंधी– | 17.02.2023 | 20. डण्डई– | 18.02.2023 |
| 10. मझिऑव– | 17.02.2023 | 21. डण्डा– | 18.02.2023 |
| 11. कांडी– | 17.02.2023 | | |

पुनः नामांकन प्रकिया में भाग लेने वाले गृह रक्षक पुरी वर्दी में रहेंगे तथा अपने साथ निम्न आवश्यक दस्तावेज लायेंगे।

1.गृह रक्षक प्रमाण पत्र
2.आधार कार्ड/मतदाता प्रमाण पत्र
3.दो नवीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट साईज)

ह०/–
पुलिस उपाधीक्षक (मु0)गढ़वा
– सह–
जिला समादेष्टा,झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा।

PR 289735 (Home) 22-23 (D)



## कार्यालय–जिला परिवहन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

### आवश्यक सूचना

जिला परिवहन कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर में निबंधित निम्न वाहनों का पथ का का भुगतान तिमाही किया जा रहा है जबकि Loader, Crane, Excavator, Transit Mixer एवं अन्य मशीनरी वाहनों को झारखण्ड गजट संख्या–95 दिनांक–31.01.2019 के द्वारा Construction Equipment Vehicle के रूप में एक मुस्त कर की Category में रखा गया है। जिसके कारण अंकेक्षण दल, झारखण्ड, रांची के द्वारा वर्णित वाहनों के विरूद्ध आपत्ति उठाया गया है।

अतः उपरोक्त वर्णित परिप्रेक्ष्य में निम्नांकित वाहनों के स्वामी को निर्देश दिया जाता है प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपने वाहनों का पथ कर तिमाही (Quarterly) के स्थान पर एक मुस्त कर One Time Tax का भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें अन्यथा निम्नांकित वाहनों को Vahan Software में Blacklist करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अर्न्तगत कार्रवाई की जायगी।

| SL NO | REGN_NO | DOR | DOP | MODEL | LD_WT | SALE_AMT | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 86 | JH05BV8115 | 05-09-17 | 16-05-17 | 14 TON PICK & CARRY CRANE | 11200 | 1260000 | 88327 |
| 87 | JH05BV8442 | 30-08-17 | 17-11-16 | SIDE SHIFT BACKHOE LOADER | 7520 | 2373500 | 239886 |
| 88 | JH05BV8737 | 18-08-17 | 12-07-17 | CRANE | 9800 | 1197000 | 87862 |
| 89 | JH05BV8869 | 23-08-17 | 25-07-17 | LOADER | 12495 | 4127000 | 409687 |
| 90 | JH05BV9547 | 31-07-17 | 29-07-17 | CRANE | 12000 | 1700000 | 131619 |
| 91 | JH05BV9601 | 31-08-17 | 29-06-17 | CRANE | 12000 | 1450000 | 117202 |
| 92 | JH05BW0118 | 12-09-17 | 02-03-17 | CONSTRUCTION EQUIPMENT VEHICLE | 11000 | 17466637 | 1985091 |
| 93 | JH05BW0357 | 08-09-17 | 30-01-17 | CRANE | 12000 | 1280000 | 87291 |
| 94 | JH05BW0504 | 23-09-17 | 18-07-17 | SIDE SHIFT BACKHOE LOADER | 7460 | 2629627 | 272204 |
| 95 | JH05BW0736 | 20-09-17 | 31-08-17 | SIDE SHIFT BACK HOE LOADER | 7400 | 2250000 | 226568 |
| 96 | JH05BW1655 | 17-10-17 | 04-10-17 | LOADER | 7500 | 26592300 | 3050317 |
| 97 | JH05BW3083 | 12-09-17 | 25-08-17 | LOADER | 12495 | 4300000 | 427369 |
| 98 | JH05BW3611 | 26-09-17 | 21-09-17 | CRANE | 13500 | 2130000 | 183358 |
| 99 | JH05BW3715 | 15-09-17 | 24-08-17 | BACKHOE LOADER SS 2WD | 7500 | 1965056 | 191835 |
| 100 | JH05BW5460 | 23-09-17 | 14-09-17 | SIDE SHIFT BACKHOE LOADER | 7460 | 2655923 | 273752 |
| 101 | JH05BW5957 | 08-09-17 | 30-03-17 | BACKHOE LOADER SS 2WD | 7500 | 1994750 | 194344 |
| 102 | JH05BW6915 | 18-09-17 | 31-01-17 | SIDE SHIFT BACKHOE LOADER | 7520 | 2454900 | 249813 |
| 103 | JH05BW7010 | 26-09-17 | 23-08-17 | LOADER | 16700 | 3694580 | 327134 |
| 104 | JH05BW7370 | 15-09-17 | 24-08-17 | BACKHOE LOADER SS 2WD | 7500 | 1965056 | 191835 |
| 105 | JH05BW8030 | 10-10-17 | 22-09-17 | CRANE | 15850 | 2433294 | 185087 |
| 106 | JH05BW8032 | 05-10-17 | 15-09-17 | LOADER | 7580 | 2042101 | 200680 |
| 107 | JH05BW9623 | 09-10-17 | 28-08-17 | CRANE | 12000 | 1311000 | 89496 |
| 108 | JH05BX7878 | 23-11-17 | 30-10-17 | LOADER | 7510 | 2655923 | 272460 |
| 109 | JH05BY1165 | 03-01-18 | 23-11-17 | CRANE | 12100 | 1515000 | 109430 |
| 110 | JH05BY3117 | 19-01-18 | 30-12-17 | CRANE | 12000 | 1403900 | 98685 |
| 111 | JH05BY3594 | 21-12-17 | 17-11-17 | LOADER | 11500 | 3574711 | 355718 |
| 112 | JH05BY3795 | 13-01-18 | 16-12-17 | CRANE | 12000 | 1440685 | 103618 |
| 113 | JH05BY4137 | 21-12-17 | 17-11-17 | LOADER | 11500 | 1450214 | 109445 |
| 114 | JH05BY4459 | 27-01-18 | 30-12-17 | CRANE | 16600 | 2676500 | 213044 |
| 115 | JH05BY5132 | 19-12-17 | 20-11-17 | CRANE | 12001 | 1414000 | 98070 |
| 116 | JH05BY5196 | 18-01-18 | 07-08-17 | LOADER | 12495 | 4180000 | 409120 |
| 117 | JH05BY5324 | 27-01-18 | 28-11-17 | LOADER | 7460 | 2295000 | 225302 |
| 118 | JH05BY5829 | 04-01-18 | 30-10-17 | CRANE | 15850 | 2705386 | 213963 |
| 119 | JH05BY6215 | 18-01-18 | 29-11-17 | LOADER | 7510 | 2424000 | 239632 |
| 120 | JH05BY7354 | 07-12-17 | 28-11-17 | CRANE | 12000 | 1470000 | 147310 |
| 121 | JH05BY7430 | 21-12-17 | 23-11-17 | LOADER | 18676 | 11202920 | 1188640 |
| 122 | JH05BY7969 | 19-12-17 | 05-12-17 | CRANE | 12001 | 2015211 | 181947 |
| 123 | JH05BY8623 | 21-12-17 | 25-10-17 | LOADER | 12495 | 2688606 | 246026 |
| 124 | JH05BY8948 | 16-12-17 | 24-11-17 | CRANE | 12000 | 1310980 | 89685 |
| 125 | JH05BY9642 | 30-01-18 | 08-01-18 | CRANE | 10610 | 1226001 | 85462 |
| 126 | JH05BY9900 | 16-12-17 | 31-03-17 | LOADER | 7500 | 2493900 | 254558 |
| 127 | JH05BZ1103 | 07-02-18 | 23-11-17 | CRANE | 12100 | 1515000 | 109430 |
| 128 | JH05BZ2044 | 12-02-18 | 29-01-18 | LOADER | 7460 | 2330000 | 244238 |
| 129 | JH05BZ2691 | 24-02-18 | 16-11-17 | LOADER | 7460 | 2300000 | 258113 |
| 130 | JH05BZ2748 | 05-02-18 | 16-01-18 | CRANE | 12000 | 1373600 | 94405 |
| 131 | JH05BZ2871 | 17-03-18 | 22-01-18 | CRANE | 12000 | 1363500 | 114915 |
| 132 | JH05BZ2905 | 05-02-18 | 17-01-18 | CRANE | 9800 | 1186000 | 93303 |
| 133 | JH05BZ2947 | 09-02-18 | 30-01-18 | CRANE | 12000 | 1440000 | 105839 |
| 134 | JH05BZ3263 | 21-02-18 | 23-11-17 | CRANE | 11200 | 1465001 | 130647 |
| 135 | JH05BZ3665 | 10-02-18 | 30-11-17 | LOADER | 11500 | 1392650 | 139568 |
| 136 | JH05BZ3769 | 05-02-18 | 16-01-18 | CRANE | 9800 | 1237250 | 92377 |
| 137 | JH05BZ3784 | 15-02-18 | 22-01-18 | LOADER | 7460 | 2356331 | 240418 |
| 138 | JH05BZ4006 | 15-03-18 | 08-03-18 | CRANE | 9800 | 1250000 | 111388 |
| 139 | JH05BZ5964 | 17-03-18 | 22-01-18 | CRANE | 12000 | 1363500 | 114915 |
| 140 | JH05BZ6811 | 13-02-18 | 24-01-18 | CRANE | 12000 | 1334000 | 133174 |
| 141 | JH05BZ7340 | 24-02-18 | 29-01-18 | LOADER | 7460 | 2300000 | 253903 |
| 142 | JH05BZ7829 | 24-02-18 | 31-01-18 | LOADER | 7460 | 2300000 | 263306 |
| 143 | JH05BZ8219 | 05-02-18 | 16-01-18 | CRANE | 12000 | 1398850 | 97332 |
| 144 | JH05BZ8716 | 13-02-18 | 07-02-18 | CRANE | 12000 | 1343000 | 94212 |
| 145 | JH05BZ9328 | 13-03-18 | 05-03-18 | LOADER | 7160 | 2424000 | 276339 |
| 146 | JH05CA0965 | 16-04-18 | 30-03-18 | CRANE | 15900 | 2725001 | 258848 |
| 147 | JH05CA1882 | 05-04-18 | 19-03-18 | CRANE | 12000 | 1363500 | 112089 |
| 148 | JH05CA2110 | 04-04-18 | 28-03-18 | CRANE | 16600 | 2562370 | 232962 |
| 149 | JH05CA2229 | 26-04-18 | 28-02-18 | LOADER | 7510 | 2020000 | 223781 |
| 150 | JH05CA2431 | 19-04-18 | 31-03-18 | LOADER | 7510 | 2478302 | 307155 |
| 151 | JH05CA2557 | 31-03-18 | 13-03-18 | CRANE | 12000 | 1292000 | 94495 |
| 152 | JH05CA3094 | 23-03-18 | 06-02-18 | LOADER | 7160 | 1911000 | 227319 |
| 153 | JH05CA3284 | 23-04-18 | 05-02-18 | LOADER | 7600 | 2470000 | 289839 |
| 154 | JH05CA3594 | 23-03-18 | 20-03-18 | CRANE | 12000 | 1363500 | 103369 |
| 155 | JH05CA3819 | 27-04-18 | 13-04-18 | CRANE | 12000 | 1337240 | 107557 |
| 156 | JH05CA3884 | 07-04-18 | 06-04-18 | CRANE | 13500 | 2200000 | 208752 |
| 157 | JH05CA4209 | 06-04-18 | 19-02-18 | LOADER | 7510 | 2448429 | 279207 |
| 158 | JH05CA4217 | 27-04-18 | 31-03-18 | CRANE | 12000 | 1515000 | 131076 |
| 159 | JH05CA4424 | 10-04-18 | 06-03-18 | LOADER | 7510 | 2448000 | 278690 |
| 160 | JH05CA4832 | 31-03-18 | 23-03-18 | CRANE | 16600 | 2771700 | 260286 |
| 161 | JH05CA5219 | 03-04-18 | 11-12-17 | LOADER | 7510 | 2428429 | 273523 |
| 162 | JH05CA5642 | 31-03-18 | 22-03-18 | CRANE | 12000 | 1441000 | 121928 |
| 163 | JH05CA5668 | 31-03-18 | 22-03-18 | CRANE | 12000 | 1441000 | 121928 |
| 164 | JH05CA7247 | 05-04-18 | 27-03-18 | CRANE | 12000 | 1460000 | 124136 |
| 165 | JH05CA7341 | 16-04-18 | 12-04-18 | CRANE | 20200 | 3200000 | 290024 |
| 166 | JH05CA8023 | 03-04-18 | 03-02-18 | LOADER | 7460 | 2330000 | 267067 |
| 167 | JH05CA8675 | 27-04-18 | 11-04-18 | CRANE | 12000 | 1575600 | 177737 |
| 168 | JH05CA9477 | 10-04-18 | 14-02-18 | LOADER | 16700 | 3724375 | 405749 |
| 169 | JH05CA9803 | 27-04-18 | 28-02-18 | LOADER | 11500 | 3277450 | 362975 |
| 170 | JH05CA9928 | 09-04-18 | 24-11-17 | LOADER | 7510 | 2380000 | 270257 |
| 171 | JH05CB0688 | 28-05-18 | 24-11-17 | CRANE | 12000 | 1310980 | 106571 |
| 172 | JH05CB1283 | 05-06-18 | 09-12-17 | LOADER | 8400 | 2473676 | 270835 |
| 173 | JH05CB1825 | 30-05-18 | 21-03-18 | CRANE | 11200 | 1619327 | 138282 |
| 174 | JH05CB2732 | 05-05-18 | 23-03-18 | LOADER | 7630 | 2490000 | 284453 |
| 175 | JH05CB2745 | 08-06-18 | 29-07-17 | LOADER | 7460 | 2550000 | 294757 |
| 176 | JH05CB2867 | 05-06-18 | 14-06-17 | LOADER | 7460 | 2289500 | 260765 |
| 177 | JH05CB3554 | 17-05-18 | 18-12-17 | CRANE | 12000 | 1530000 | 133582 |
| 178 | JH05CB3791 | 09-05-18 | 11-04-18 | LOADER | 7500 | 2370000 | 272813 |
| 179 | JH05CB4788 | 19-05-18 | 03-04-18 | CRANE | 10610 | 1215000 | 95286 |
| 180 | JH05CB5362 | 04-05-18 | 17-04-18 | CRANE | 12000 | 1490000 | 131450 |
| 181 | JH05CB5487 | 06-06-18 | 18-04-18 | LOADER | 7160 | 2350000 | 291379 |
| 182 | JH05CB5904 | 29-05-18 | 19-03-18 | LOADER | 7510 | 2448429 | 265932 |
| 183 | JH05CB7085 | 23-05-18 | 16-03-18 | CRANE | 10610 | 1215000 | 95286 |
| 184 | JH05CB7595 | 11-05-18 | 08-05-18 | CRANE | 20200 | 3333000 | 313039 |
| 185 | JH05CB7809 | 05-05-18 | 18-04-18 | CRANE | 16890 | 2900000 | 266579 |

जिला परिवहन पदाधिकारी,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

PR 289796 Transport(22-23)#D



e-Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer
Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi

e-Procurement Notice (Very Urgent)

Tender Reference No.-BCD/SECNC/33/BCD, Building Division Chaibasa/2022-23 Date:-09-02-2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Hostel-3 in the Campus of Residential High School Kundrugutu under Bandgaon Block in the District of West Singhbhum for the Year-2022-23 | Rs. 78,59,300.00 | 6 (Six) Months | 15.02-2023 | 21.02.2023 11:00 AM | 22.02.2023 11:30 AM | 23.02.2023 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

○ इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल, राँची

PR 289745 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (22-23)_D


# रामगढ़ में आजसू के 12 हजार 'चूल्हा प्रमुखों' ने उड़ायी विरोधियों की नींद

**खबर मन्त्र संवाददाता**











**रांची।** उप-चुनाव को लेकर रामगढ़ विधानसभा में चुनावी तैयारी जोर पकड़ लिया है। गुरुवार को गोला के सीपी चौधरी इंटर कॉलेज में आजसू पार्टी के 'चूल्हा प्रमुख सम्मेलन' में 12 हजार चूल्हा प्रमुख की भीड़ ने विरोधी दलों की नींद उड़ा देने का काम किया। आजसू का मजबूत कैडर युवा पुरुष और महिलाओं को माना जाता है। जो चूल्हा प्रमुख में दिखाई दिये। इन सभी के उम्र लगभग 30 और 40 वर्ष से कम के थे। बताया जाता है कि आजसू ने पिछले तीन सालों में रामगढ़ विधानसभा में 12 हजार चूल्हा प्रमुख के रूप में नेता तैयार कर एक लाख 20 हजार घर-परिवारों के साथ सीधा पहुंच स्थापित करने का काम किया है। इन सभी चूल्हा प्रमुखों का आज गोला के इस कॉलेज मैदान में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने शपथ दिलाया। उन्होंने जनता की सेवा के लिए सभी को समर्पित भाव से काम करने का आह्वान किया।

**क्या है चूल्हा प्रमुख**

आजसू ने गांव और वहां के लोगों तक सीधा पहुंच स्थापित करने के लिए 'चूल्हा प्रमुख' कैडर तैयार की। इसकी तैयारी कई वर्षों से की जा रही थी। प्रत्येक घर में परिवार का संबंध चूल्हा से होता है, जहां उनके लिए भोजन पकता है। ऐसे 10 चूल्हा परिवार से एक प्रमुख का चुनाव किया गया। इसका फायदा यह होगा कि आजसू का संपर्क सीधा इन कैडरों से होगा। सरकारी योजना का लाभ उनतक सीधे पहुंचाया जा सकता है। उनकी सुख-दुख में पार्टी सीधे-सीधे संपर्क में रहेगी।

**किसानों का बिजली कनेक्शन काटा तो अधिकारी को पोल में टांग देंगे : चन्द्रप्रकाश**

आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने चूल्हा प्रमुख सम्मेलन के मंच से राज्य सरकार के अधिकारियों की रवैये और व्याप्त भ्रष्टाचार पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने एक-एक कर पदाधिकारियों-अधिकारियों को चुनौती दी। कहा सरकार में बालू-कोयले की तस्करी, लूट, हत्या, बलात्कार और भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों के बकाये बिजली बिल और नये कनेक्शन के नाम पर उनके बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बिजली अधिकारियों को चेतावनी दिया कि किसानों के एक भी कनेक्शन काटे गये तो उसी पोल में अधिकारियों को टांग देंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार 1932 खतियान और आरक्षण के नाम पर राजनीति कर रही है। इन मुद्दों पर सरकार की मंसा साफ नहीं है। बेरोजगारों को नौकरी, किसानों को ऋण माफी की घोषणा अधर में है। राज्य की जनता को सरकार भरमाने में लगी है। ओबीसी आरक्षण के बिना पंचायत चुनाव हो गया, अब नगर निकाय चुनाव भी बिना आरक्षण कराने जा रही थी, जिसे उन्होंने सुप्रीम कोर्ट ले गये। अब सरकार आरक्षण लागू करते हुए चुनाव कराने को तैयार हुई है। उन्होंने कहा रामगढ़ चुनाव का फैसला दो मार्च को आयेगा, फिर चीजें पटरी पर आयेगी।

**चूल्हा प्रमुख हमारे पार्टी के मजबूत कैडर : डॉ लंबोदर महतो**

**रांची।** आजसू पार्टी के गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने चूल्हा प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चूल्हा प्रमुख आजसू पार्टी के मजबूत कैडर हैं, प्रत्येक कैडर हर 10 घर अथवा परिवारों के नेता प्रमुख हैं। जो आजसू पार्टी से जुड़कर रामगढ़ की जनता के दुख-सुख के साथी हैं। 12 हजार चूल्हा प्रमुख एक लाख बीस हजार परिवारों से सीधा नाता रखते हैं। डॉ लंबोदर ने कहा कि कांग्रेस 70 सालों में जनता को छलने का काम किया है। यह पार्टी हवा-हवाई पार्टी है। पिछले तीन सालों में रामगढ़ की जनता ने देख लिया। रामगढ़ का विकास अवरूद्ध हुआ है। इस बार जनता कांग्रेस के छल्लावे में आनेवाली नहीं है। रामगढ़ की जनता आजसू को ऐतिहासिक जीत दिलाकर विकास नयी कहानी लिखेगी।

**मौका मिला तो रामगढ़ को संवारने का काम करुंगी : सुनीता चौधरी**

रामगढ़ विधानसभा उप-चुनाव के एनडीए भाजपा समर्थित आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने कहा कि उन्हें मौका मिला तो रामगढ़ को आदर्श जिला बनाने का काम करुंगी। तीन साल में रामगढ़ पिछले पायदान पर है। सुनीता चौधरी ने रामगढ़ की जनता से सहयोग मांगा, कहा कि आपका आशीर्वाद मिला तो वह रामगढ़ को फिर से सजाने-संवारने का काम करुंगी।

**ये थे मौजूद**

आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में आजसू प्रमुख सुदेश महतो के अलावा गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री आजसू नेता रामचन्द्र सहिस व उमाकांत रजक, आजसू रामगढ़ प्रत्याशी सुनीता चौधरी, पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, पार्टी के बड़कागांव प्रभारी रौशन लाल चौधरी, लोहरदगा विस प्रभारी नीरू शांति भगत, हसन अंसारी समेत बड़ी संख्या में पार्टी के केन्द्रीय नेता, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया उपस्थित थे।

# हाइकोर्ट में शपथ पत्र दायर कर बताया पुलिस पर्सन की प्रतिमाह हो रही है लॉ ट्रेनिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नीलम चौबे की हेबियस कार्पस पर गुरुवार को हाई कोर्ट जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। मामले में आईजी प्रोबेशन की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कहा गया कि लॉ की जानकारी के लिए पुलिस पर्सन का रेगुलर बेसिस पर प्रतिमाह ट्रेनिंग हो रहा है, जो लगातार चलेगा। कोर्ट ने कहा चुकी आरोपी को पुलिस ने छोड़ दिया है इसलिए अब हेबियस कार्पस खत्म हो चुका है। कोर्ट इस बात की मॉनिटरिंग कर रही थी कि पुलिस अनुसंधान में जो त्रुटियां है उसे दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। कोर्ट ने आईजी प्रोबेशन का जवाब देते हुए मामले को निष्पादित कर दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने पैरवी की।

पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि क्या पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग हो रही है या यह सिर्फ कागजों पर है। प्रत्येक माह राज्य के पुलिस कर्मियों को अनुसंधान से संबंधित सटीक जांच करने, आईपीसी एवं सीआरपीसी की धाराओं की जानकारी देने आदि के बारे में ट्रेनिंग कराए जाने का दिशा निर्देश हाईकोर्ट द्वारा दिया गया था। रेगुलर बेसिस पर इन पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग हो रही है या नहीं, इसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को बताने को कहा था।

दरअसल, यह मामला मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा बोकारो से एक लॉ के छात्र को गिरफ्तार कर ले जाने जाने से संबंधित है। इस मामले में पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि झारखंड पुलिस भी कानून पूरी तरह से नहीं जानती है। कानून के प्रति पुलिस वालों को ट्रेंड करना चाहिए। ऐसे में जरूरी है कि सरकार पुलिस को कैप्सूल कोर्स कराए। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा बोकारो से एक लॉ के छात्र को गिरफ्तार कर ले जाया गया था। इस गिरफ्तारी में मध्य प्रदेश पुलिस छात्र को अपने साथ ले गयी पर कोर्ट में पेश नही किया गया था। अदालत के ट्रांजिट आदेश के बगैर ही उसे राज्य से बाहर ले जाया गया था।

## नन्हे खान हत्याकांड : कुख्यात प्रिंस खान के साले शाहबाज को हाइकोर्ट से नहीं मिली बेल

**रांची।** धनबाद के चर्चित नन्हे खान हत्याकांड के अभियुक्त शाहबाज उर्फ शहवाज आलम को बेल देने से हाई कोर्ट ने इंकार कर दिया है। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने शाहबाज के द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर अपना फैसला सुनाया है। शाहबाज ने खुद को बेकसूर बताते हुए हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसपर बहस के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता विनीत वशिष्ठ ने जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। बता दें कि 24 नवंबर 2021 को नन्हे खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद दिसंबर 2021 में धनबाद पुलिस ने शाहबाज को गिरफ्तार किया था। इस केस का मुख्य आरोपी प्रिंस खान अब तक फरार है।

## रांची हिंसा मामला : आरोपी इरफान उर्फ जुबेर को बेल देने से हाइकोर्ट ने किया इनकार

**रांची।** रांची में 10 जून 2022 को हुई हिंसा के आरोपी इरफान अंसारी उर्फ जुबेर आलम को बेल देने से झारखंड हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। इरफान उर्फ जुबेर ने झारखंड हाईकोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। जिसपर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। जमानत अर्जी पर सरकार और आरोपी का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपी इरफान 25 जुलाई 2022 से न्यायिक हिरासत में हैं।

## कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे के मामले में सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दीपिका पांडेय की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। अब हाइकोर्ट इस मामले में 28 फरवरी को सुनवाई करेगा। तब तक हाइकोर्ट ने दीपिका पांडये के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार दिया है। कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने के लिए झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## हाइकोर्ट ने किया टिस्को को नोटिस, सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** पश्चिम सिंहभूम के नोआमुंडी इलाके के ग्रामीणों की ओर से दायर रिट याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने टिस्को को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को 3 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 3 सप्ताह के बाद होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने पैरवी की। सुनवाई में प्रार्थी की ओर से बताया गया नोआमुंडी में बिना भूमि अधिग्रहण के पहले तो जैतगढ़- नोआमुंडी सड़क बना दिया गया। उसके बाद सड़क के किनारे बिना जमीन अधिग्रहण के टिस्को के माइंस के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने के लिए राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है। ग्रामीणों ने टिस्को के द्वारा सड़क के किनारे पाइप लाइन बिछाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# लोकसभा चुनाव 2024 को ले झारखंड आ रहे हैं मल्लिकार्जुन खड़गे

**सत्येन्द्र**



**रांची।** अगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सरगर्मी तेज कर दी है। कांग्रेस अभी से ही भाजपा के नक्शे कदम पर चुनावी बिसात बिछाने में जुट गयी है। 11 फरवरी को कुछ इसी मकसद से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पाकुड़ आ रहे है और झारखंड के लिए हाथ से हाथ जोड़ों अभियान की शुरूआत करने के प›ात आमसभा के माध्यम से 2024 में होनेवाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत शंखनाद करेंगे। दरअसल कांग्रेस को अभी से ही महसूस होने लगा है कि झारखंड में पार्टी की पहुंच बढ़ाना है तो तैयारी करनी होगी, क्योकि भाजपा के चुनावी चाणक्य अमित शाह ने पिछले दिनों ही कोल्हान के चाईबासा एवं देवघर से संथाल परगना की सियासी नब्ज टटोलने के बाद पार्टी को अपने अनुभव से अवगत करा दिया है। इसके बाद बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व उनके अनुभव के अधार पर रणनीति बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसको देखते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के शुभारंभ के बहाने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बुलाकर संथाल परगना की धरती से कांग्रेस के हाथ को मजबूत करना चाह रही है।

**पाकुड़ और साहेबगंज जायेंगे**

दरअसल कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे झारखंड दौरे पर शनिवार को आ रहे हैं। वो पाकुड़ व साहेबगंज जायेंगे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एकीकृत इ-मार्केट प्लेटफॉर्म के अधिकारियों के साथ की बैठक

## कहा- कृषि उत्पादों की बिक्री को बेहतर बाजार प्रबंधन पर हो फोकस

- राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर इ-मार्केट झारखंड में कृषि और किसान हित के लिए कार्य करेगी
- अधिकारियों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत कार्य योजना तैयार कर संबंधित विभाग को रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश, किसानों की आय को बढ़ाना लक्ष्य



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरूवार को झारखंड मंत्रालय में एकीकृत ई-मार्केट प्लेटफॉर्म एनसीडीईएक्स ई-मार्केट्स के अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक राज्य में कृषि एवं किसानों के कल्याण के लिये एक बेहतर कार्य योजना बनाए जाने तथा किसानों के आय वृद्धि पर केंद्रित था। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एनइएमएल के अधिकारियों से कहा कि यहां के किसानों के आय में वृद्धि करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। झारखंड के किसानों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का उचित मूल्य उन्हें मिल सके, इस निमित्त एक बेहतर बाजार प्रबंधन तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा उत्पादित सब्जियों के ऑनलाइन बिक्री के लिये डिजिटल मार्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत जल्द 4 से 5 जगहों का चयन करे तथा बेहतर कार्य योजना बनाकर संबंधित विभाग को रिपोर्ट समर्पित करे। उन्होंने एनइएमएल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के कर्मियों तथा किसानों को आधुनिक तकनीकों का उपयोग किस प्रकार की जाये। इसका प्रशिक्षण देकर उनका क्षमतावर्द्धन करे। उन्होंने कहा कि वनोपज अधिक मात्रा में पाये जाते हैं। माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस की खरीद.बिक्री के लिए एनईएमएल सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि० के साथ समन्वय बनाकर एक बेहतर बाजार प्रबंधन की सुविधा यहां के किसानों को उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके, इस निमित्त राज्य सरकार बाजार मैनेजमेंट पर बल दे रही है।

इस अवसर पर एनईएमएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मृगांक परांजपे ने कार्य योजना से संबंधित एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी रखा। श्री परांजपे ने कहा कि एनईएमएल झारखंड सरकार के साथ साझेदारी कर राज्य के किसानों की आय को बढ़ाने की दिशा में अपनी भूमिका निभाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर राज्य के लाखों किसानों के जीवन स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने निमित्त हमारी संस्था प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि० के सीईओ संजीव कुमार, सचिव जयप्रकाश शर्मा, एनईएमएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मृगांक परांजपे, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट यशवंत सिंह, सहायक मैनेजर रितेश कुमार सहित संबंधित विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एनसीसी के महानिदेशक ने सीएम हेमंत से मुलाकात की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को झारखंड मंत्रालय में नेशनल कैडेट कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जीपी सिंह ने मुलाकात की। इस अवसर पर एडीजी एनसीसी बिहार-झारखंड मेजर जनरल अमनदीप सिंह बजाज उपस्थित थे।

### झापा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** झारखंड पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक गुरुवार को हरमू स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी उपचुनाव में प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गयी। इनमें अशोक कुमार भगत, अजीत कुमार, किरण आईंद, रिजवान अहमद, एलेस्टर बोदरा, अर्पणा हंस, अंशू लकड़ा, निर्मल आलोक एक्का, जीवन भूट कुमार पाहन, कुमार कामेश आदि शामिल हैं।

## झारखंड में 2.57 टन मछली का हुआ उत्पादन

### मछली पालन से एक साल में 34 लाख को मिला रोजगार

**रांची।** केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने कहा है कि मत्स्य पालन विभाग के द्वारा वर्ष 2024-25 तक प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत देश भर में लगभग 55 लाख लोगों को रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य लिया गया है। इसके लिए 20050 करोड रुपए की अनुमानित राशि के निवेश पर भी कार्य किया जा रहा है। दरअसल, सांसद संजय सेठ ने सदन में मत्स्य विभाग से संबंधित सवाल पूछा था। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ष 2021-22 के दौरान झारखंड में 2.57 टन मछली का उत्पादन किया गया। वही, इसी वर्ष में देश में 162.48 टन मछली का उत्पादन हुआ है। उन्होंने बताया कि मछली उत्पादन के माध्यम से लगभग 34 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। मछली उत्पादन को बढ़ावा मिल सके, इसकी मार्केटिंग बेहतर होए इसका इंफ्रास्ट्र^ र बढ़िया तैयार हो, श्रमिकों को उनका बेहतर मेहनताना मिले। इसके साथ ही मछुआरों और अन्य हित धारकों की आय में वृद्धि हो, इसके लिए भारत सरकार हमेशा से गंभीर रही है। मछली उत्पादन और रोजगार के क्षेत्र में पीएमएवाई के तहत सरकार के द्वारा बड़ी मात्रा में राशि निर्गत की गई है।

# कुख्यात अपराधी सुरेंद्र बंगाली के मामले में राज्य सरकार ने जवाब के लिए मांगा समय

### सुरेंद्र बंगाली ने आजीवन कारावास की सजा में 21 साल से अधिक समय जेल में रहने पर हाइकोर्ट से रिहाई की लगायी है गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कुख्यात अपराधी सुरेंद्र सिंह रौतेला उर्फ सुरेंद्र सिंह बंगाली द्वारा लालपुर थाना से जुड़े मामले में मिली आजीवन कारावास की सजा में 21 साल जेल में रहने को ध्यान में रखते हुए इस मामले से रिहा करने का आग्रह करने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 13 फरवरी निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया था इनके खिलाफ कई और केस है, जो लंबित है इसलिए इन्हें रिहा नहीं किया जा सकता है।

बता दें कि लालपुर थाना कांड संख्या 31/ 1996 में हत्या से जुड़े एक मामले में सुरेंद्र बंगाली को रांची सिविल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। वर्ष 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने सुरेंद्र बंगाली के फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदला था। इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2000 में सुरेंद्र बंगाली के फांसी की सजा को कंफर्म किया था। प्रार्थी की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि वर्ष 1984 की एक बिहार सरकार की एक पॉलिसी है जिसे झारखंड सरकार ने अंगीकृत किया है। जिसके तहत आजीवन कारावास में जेल में 14 साल से अधिक समय बिताने के बाद अभियुक्त को रिहा करने पर कंसीडर किया जाएगा। प्रार्थी की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया है कि वह इस मामले में 21 साल से अधिक समय से जेल में है इसलिए उसे रिहा किया जाना चाहिए।

# झारखंड ऊर्जा विकास निगम के कर्मचारियों का प्रमोशन रद्द करने का आदेश निरस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुभाष चांद की खंडपीठ ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम के कर्मियों की प्रोन्नति को निरस्त करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने बिजली बोर्ड के प्रोन्नति रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि ऐसा करने में नियमों का पालन नहीं किया गया है। हालांकि अदालत ने कहा कि बोर्ड चाहे तो सभी कर्मियों का पक्ष जानने के बाद भी नियमानुसार कोई निर्णय ले सकता है। पूर्व में बोर्ड ने प्रोन्नति रद्द करने के बाद मिले अधिक वेतन वसूलने का भी आदेश दिया था। लेकिन अदालत ने उक्त आदेश को निरस्त कर दिया था।

**सभी कर्मियों को वर्ष 2013-14 में प्रोन्नति दी गई थी**

इस संबंध में राम नंदन प्रसाद अंबष्ठ और चंद्र भूषण प्रसाद वर्मा सहित 138 कर्मचारियों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार, प्रभात कुमार और श्वेता कुमारी ने पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि उक्त सभी कर्मियों को वर्ष 2013-14 में प्रोन्नति दी गई थी। लेकिन वर्ष 2020 में बिजली बोर्ड ने इनकी प्रोन्नति को रद्द करते हुए अधिक भुगतान की वसूली का आदेश पारित किया। इस बीच सभी कर्मी सेवानिवृत्त भी हो गए। इनका पेंशन भी रिवाइज कर दिया गया। एकल पीठ ने वसूली पर रोक लगा दी थी। लेकिन बिजली बोर्ड के प्रोन्नति रद करने के आदेश को सही ठहराया था। जिसके खिलाफ अपील दाखिल की गई थी।

## खुद का वर्चस्व कम न हो, इसलिए कर दी युवक की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खुद का वर्चस्व कम न हो, इसलिए युवक की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगा दिया। ग्रामीण एसपी की टीम ने इस मामले का खुलासा किया और आरोपी को अताउल मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया। वह इटकी थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा व मोबाइल बरामद किया है। अताउल मंसूरी पर विजय उरांव की हत्या का आरोप है। पुलिस को अन्य तीन आरोपियों की तलाश जारी है। ग्रामीण एसपी मो नौशाद ने बताया कि छह फरवरी को गाजीया उरांव ने इटकी थाने में लिखित शिकायत की थी कि उनका बेटा विजय उरांव दोपहर दो बजे घर से निकल कर नगड़ी केसारी गांव गया था। देर रात वह नहीं लौटा, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर पूरे मामले की छानबीन की तो पाया कि विजय उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस मामले में एक टीम गठित की गई। गठित टीम और मोबाइल लोकेशन के आधार पर इटकी से अताउल मंसूरी को गिरफ्तार किया गया। अताउल मंसूरी ने पुलिस को बताया कि वह गाड़ी वगैरह का मरम्मत करता है। उसी क्रम में पुनई उरांव, मंगा उर्फ मनीष उरांव, पेका उरांव से दोस्ती हो गई। तीनों पीएलएफआई नक्सली है। दोस्ती के बाद वह हथियार सप्लाई में जुट गया। पुनई उरांव की मौत के बाद मंगा उर्फ मनीष उरांव ने पीएलएफआई का मोर्चा संभाला। 20 जनवरी, 2023 को इलाके में दहशत फैलाने के लिए सड़क निर्माण कंपनी में जुटे आरकेडी कंपनी की रोलर में आग लगा दी। वहां के गार्ड को धमकी देकर रंगदारी मांगी, लेकिन उनलोगों को रंगदारी नहीं मिली। जब पूरे मामले की जानकारी ली गई तो पता चला कि विजय उरांव के वर्चस्व के कारण रंगदारी नहीं मिली, तब इनलोगों ने एक योजना के तहत विजय उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी।

# शिक्षकों की प्रोन्नति की होगी जांच, कमेटी गठित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं सारक्षता विभाग ने शिक्षकों की प्रोन्नति की जांच को लेकर कमेटी गठित कर दी है। शिक्षकों की प्रोन्नाति पर कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को जिले आवंटित किए गये हैं। इसका आदेश शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने जारी कर दिया है। शिक्षा सचिव ने जारी आदेश में लिखा है कि राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति के लिए उच्च न्यायालय में अनेक वाद दायर किए गए। वर्तमान में भी किए जा रहे हैं। न्यायालय द्वारा विभिन्न वादों में आदेश पारित किए गए हैं। इसके अनुपालन में विभागीय स्थापित नियमों के विरुद्ध भी प्रोन्नति प्रदान की गई है। बताते चलें कि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्यव प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि इस मामले को संगठन ने भी उठाया था. उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए निराकरण का आग्रह किया था।

**प्रोन्नति का मामला विवादित**

उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में समय-समय पर संकल्प और आदेश निर्गत किए गए हैं। जिलों द्वारा ससमय वरीयता सूची का प्रकाशन नहीं करने एवं समय पर प्रोन्नति नहीं देने के कारण प्रोन्नति का मामला विवादित होता है। इसके कारण शिक्षकों को न्यायालय की शरण में जाना पड़ता है। अनेक मामलों में न्यायालय के समक्ष उच्चाधिकारियों को सशरीर उपस्थित होने का आदेश पारित किया जाता है। साथ ही, प्रतिकूल आदेश भी पारित किये जाते हैं।

**समीक्षा में ये तथ्य हुए उजागर**

बिना पद के वैचारिक प्रोन्नति प्रदान की गई। वरीय को छोड़कर कनीय को प्रोन्नति दे दी गई। बिना पद के प्रोन्नति दी गई। मानक वरीयता सूची संधारित नहीं है। हिन्दी विद्यापीठ, देवघर से निर्गत उपाधिधारी की प्रोन्नति दी गयी और न्यायालय द्वारा पारित आदेश विभागीय नियमों के प्रतिकूल होने के बावजूद जिलों द्वारा न्यायादेश के विरुद्ध अपीलवाद/रिव्यू दायर करने की कार्रवाई नहीं की जाती है।

**कमेटी का गठन किया गया**

इसके मद्देनजर रांची जिले में शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधी मामलों के निष्पादन की समीक्षा की जानी आवश्यक प्रतीत होता है। इसके लिए निदेशालय स्तर पर एक समिति गठित की जाती है। समिति में माध्यतमिक शिक्षा के उप निदेशक शिवेन्द्र कुमार, जेसीईआरटी सदस्यज कमला सिंह और मसूदी टुडू को रखा गया है।

## साहिबगंज के उधबा में 11 करोड़ की लागत से बनेगा कम्युनिटी हेल्थ सेंटर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर रेस हो गया है। सभी जिलों में हेल्थ सब सेंटर खोले जा रहे हैं। इस बीच साहिबगंज के उधवा में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर खोलने की योजना है, जहां पर 11 करोड़ की लागत से हॉस्पिटल का निर्माण कराया जाएगा। इससे वहां के लोगों को इलाज से लेकर दवाएं मुहैया कराई जाएगी। साथ ही बीमारी होने पर लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना होगा।

**1.92 एकड़ में होगा निर्माण**

कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के लिए साहेबगंज डीसी के आदेश के बाद 1.92 एकड़ जमीन हस्तांतरित कराई गई है। झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड को योजना के क्रियान्वयन के लिए डीपीआर भी सौंपा जा चुका है। इस हेल्थ सेंटर में 1 मेजर आपरेशन थिएटर और एक माइनर आपरेशन थिएटर बनाया जाएगा। वहीं सभी तरह की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे कि मरीजों को कोई परेशानी न हो। इसके अलावा डॉक्टरों के लिए फ्लैट भी बनाया जाएगा, ताकि डॉक्टर 24 घंटे वहां मौजूद रह सकें।

## एथलेटिक्स आशा किरण बारला के गांव पहुंचा प्रशासन

### गांव को मूलभूत सुविधाओं से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू

**रांची।** गुमला के कामडारा प्रखंड के नवाडीह गांव स्थित एथलेटिक्स आशा किरण बारला गांव के घर समेत पूरे गांव को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस गांव में झारखंड की एथलीट आशा और फ्लोरेंस बारला का घर है। गांव में पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय समेत अन्य सुविधा नहीं होने जानकारी सामने आई थी। इसके उपरांत जिला प्रशासन ने स्वतरू संज्ञान लेकर गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की है।

एथलेटिक्स आशा किरण बारला के गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए आईएएस प्रोबेशनर के नेतृत्व में अंचल अधिकारी कामडारा, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बसिया ने जायजा लिया। इसके बाद गांव के सम्पूर्ण विकास के लिए विभिन्न योजना प्रारम्भ की गई। आशा के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। पेयजल के लिये गांव में दो बोरिंग का काम प्रारंभ किया हुआ है। आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवास को तेजी से पूर्ण की प्रक्रिया शुरू हुई। स्कूल नहीं जा रही बच्चियों का स्कूल में नामांकन के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। सम्पूर्ण गांव के विकास के लिए ग्राम सभा जल्द आयोजित किया जायेगा।

# रामगढ़ उपचुनाव में परिवारवाद बना हॉटकेक

उदय चौहान



**रांची।** राजनीति में परिवारवाद को लेकर ढ़ेरों बहस और दावे होते हैं। अमूमन सैद्धांतिक तौर पर इसका विरोध होता है। लेकिन राजनीति में पारिवारिक विरासत के ढ़ेरों उदाहरण हैं। झारखंड भी इस हकीकत से अछूता नहीं है। रामगढ़ उपचुनाव में भी इसकी बानगी देखने को मिल रही है। यहां सत्तापक्ष के साथ-साथ विपक्ष ने पारिवारिक विरासत को प्राथमिकता दी है। रामगढ़ की कांग्रेस निवर्त्तमान विधायक ममता देवी को कोर्ट से सजा मिलने के बाद विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई। इससे यहां उपचुनाव की नौबत आई है। उपचुनाव में सत्तारूढ़ महागठबंधन की तरफ से कांग्रेस को यह सीट मिली है। निवर्तमान विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो पर कांग्रेस ने दांव लगाया है। कवायद सहानुभूति वोट बटोरने की हो रही है। इधर विपक्ष भी इसी राह पर है। भाजपा-आजसू पार्टी गठबंधन ने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है। चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ से विधायक रह चुके हैं। उनकी पत्नी पिछला विधानसभा चुनाव यहां से हार चुकी हैं। उपचुनाव की नौबत आने पर चंद्रप्रकाश चौधरी ने एक बार फिर अपनी पत्नी को उम्मीदवार बनाया है।

रामगढ़ विधानसभा में पहले भी उपचुनाव की नौबत आई है। राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने यहां से उपचुनाव लड़ा और जीता था। रामगढ़ में सत्तारूढ़ गठबंधन और भाजपा -आजसू गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है। कुछ छोटे दलों ने भी चुनाव लड़ने की घोषणा की है। कांग्रेस के प्रचार अभियान की कमान प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय सं.ाल रहे हैं। झामुमो, राजद के साथ एक संयुक्त अभियान समिति बनी है। उधर, भाजपा-आजसू पार्टी गठबंधन के महत्वपूर्ण नेता प्रचार की कमान संभाल रहे हैं।

**झामुमो राजद व कांग्रेस में परिवारवाद : भाजपा**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि झामुमो, राजद व कांग्रेस पार्टी परिवारवाद को पाल-पोस रही है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ के पहले मांडर, बेरमो में भी कांग्रेस ने वंशवाद को प्रश्रय दिया है। मांडर में बंधु तिर्की की सदस्यता जाने के बाद उनकी बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को टिकट दिया गया। इसी प्रकार, बेरमो उपचुनाव में स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र अनुप सिंह को टिकट दिया गया।

## खबर एक नजर में

### पीएलएफआइ के एरिया कमांडर जेठा कच्छप को हाइकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर जेठा कच्छप को झारखंड हाईकोर्ट ने बेल दे दी है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अम्बुज नाथ की खंडपीठ में जेठा कच्छप की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। जेठा कच्छप की ओर से अधिवक्ता सुजय दयाल ने अदालत में पक्ष रखा। बता दें कि जेठा कच्छप को रांची सिविल कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के केस में दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। जेठा के ऊपर खूंटी और रांची के अलग अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

### कृषि शुल्क के विरोध में कांग्रेस आला कमान को चैंबर ने लिखा पत्र

**रांची।** कृषि शुल्क विधेयक के विरोध में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पत्राचार किया। पत्रचार के माध्यम से विधेयक पर हस्तक्षेप का आग्रह किया है। पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया गया कि साल 2015 में समाप्त किये गये कृषि शुल्क को फिर से राज्य कृषि मंत्री द्वारा झारखंड में प्रभावी किये जाने की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। जिससे झारखण्ड के सभी जिलों के खाद्यान्न व्यापारी, कृषक एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी आंदोलनरत हैं। कुछ अधिकारियों द्वारा भ्रमात्मक स्थिति बनाकर कांग्रेस पार्टी के ही कृषि मंत्री से इस भ्रष्टाचार रूपी विधेयक की वापसी करायी जा रही है। जिस कारण राज्य में चहुंओर कांग्रेस पार्टी की आलोचना हो रही है। इस विधेयक के प्रभावी होने से खाद्यान्न व्यापारियों, कृषकों, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के अलावा मत्स्य पालन, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, बागवानी करनेवाले सभी लोग दायरे में आयेंगे।

### कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट, 40 नेताओं को मिली जिम्मेदारी

**रांची।** रामगढ़ उप चुनाव में कांग्रेस का फिर से झंडा बुलंद करने के लिए कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 40 नेताओं को जगह मिली है। जिसमें झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, मधु कोड़ा, बंधु तिर्की, प्रदीप बलमुच्चू, कालीचरण मुंडा, फुरकान अंसारी, प्रणव झा, प्रो. गौरव बल्लभ, सुखदेव भगत, धीरज साहु, गीता कोड़ा, प्रदीप यादव सहित कई कांग्रेस नेताओं को जगह मिली है।

### गॉलब्लाडर के ऑपरेशन में युवक की मौत का मामला पहुंचा हाइकोर्ट

**रांची।** गॉलब्लैडर के ऑपरेशन के बाद 30 वर्षीय युवक की हालत बिगड़ने पर मौत मामले में हत्या की एफआईआर को निरस्त करने को लेकर स्टैनफोर्ड अस्पताल, देवघर के डॉक्टर प्रशांत कुमार गुप्ता की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से कोर्ट में दलील दी गई कि युवक सुदीप कुमार सिंह की मौत का मामला ना तो मर्डर का है और नहीं मेडिकल नेगलिजेंस का है। इसलिए इसे लेकर दर्ज हत्या की प्राथमिकी को निरस्त किया जाए। वहीं मामले के सूचक मृतक के पिता कल्याण कुमार सिंह की ओर से कहा गया कि यह सुदीप कुमार की हत्या का मामला है। डॉ प्रशांत कुमार गुप्ता ने उसके बेटे का गॉलब्लैडर का ऑपरेशन किया था, आनन-फानन में हालत बिगड़ने पर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया था, जहां रास्ते में ही सुदीप कुमार सिंह की मृत्यु हो गई थी। यह मामला 7 जून 2021 का है। सूचक की ओर से यह भी कहा गया अस्पताल के लोगों ने मृतक सुदीप के सारे दस्तावेज गायब भी करा दिया। मामले को लेकर देवघर देवघर टाउन थाना में कांड संख्या 294/ 2021 दर्ज किया गया है।

### कांची ने मयूराक्षी और भैरवी ने गंगा को हराकर अगले चक्र में किया प्रवेश



**रांची।** बीएयू स्टेडियम में खेली गयी मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले में मयूराक्षी को हरा कांची बना विजेता, तो एकतरफा मुकाबले में भैरवी ने गंगा को मात दी। चौथे दिन पहला मुकाबला कांची और मयूराक्षी के बीच खेला गया। कांची ने टॉस जीतकर निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट 134 रन बनाए। कांची के सलामी बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की। शमीम राजा ने शानदार 52 रन और रियाज आलम ने 32 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए मयूराक्षी की टीम ने 5 रन से इस मैच को गंवा दिया। टीम की शुरूआत धीमी हुई, जिससे 16 ओवर में 4 विकेट पर 129 रन ही बना सकी। कांची के शमीम राजा को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

### भारत जोड़ो यात्रा में शामिल रहे अमरजीत नाथ मिश्रा का कांग्रेस ने किया स्वागत



**रांची।** भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी के साथ पूरे यात्रा में शामिल रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जमशेदपुर निवासी अमराजीत नाथ मिश्रा को रांची महानगर अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटी के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अख्तर अली ने कहा की 65 के इस उम्र में अमरजीत जी ने जो काम किया वो अविश्वनीय है। प्रदेश अध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा की अमरजीत मिश्रा से आम कार्यकर्ता को सीखने की जरूरत है। अमरजीत मिश्रा ने पूरे 3600किलोमीटर की पदयात्रा को सुखद बताया और कहा कि अब पूरा देश राहुल गांधी जी के ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है, आने वाला समय बदलाव लाएगा। सम्मानित करने वालो में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशि भूषण राय, निरंजन पासवान, पूर्व युवा महानगर अध्यक्ष राजीव रंजन, प्रभात कुमार, जफर इमाम, सब्बीर अंसारी, रमजान अंसारी, गुलाम रब्बानी, फिरोज आलम, वारिश कुरैशी, मेराज अंसारी शामिल रहे।

### सेंट्रल डेपुटेशन पर गये अखिलेश वारियार

**रांची।** आईपीएस अखिलेश वारियार सेंट्रल डेपुटेशन पर चले गए हैं। वे झारखंड कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। राज्य सरकार ने उन्हें विरमित कर दिया है। अखिलेश वारियार पिछले दो साल के बाद स्टडी लीव से वापस लौटे थे। राज्य सरकार के द्वारा विरमित किए जाने के बाद आईपीएस अखिलेश वारियार पीएमओ के अधीन आनेवाले एनटीआरओ में एनालिस्ट के पद पर योगदान दिया है। केंद्र सरकार से झारखंड सरकार को जल्द से जल्द विरमित करने का पत्र भेजा था। इसके बाद उन्हें विरमित कर दिया गया।

### बाबूलाल दलबदल मामले में पटाक्षेप शीघ्र : स्पीकर

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा है कि जल्द ही पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के दलबदल मामले में फैसला सुना दिया जायेगा। श्री महतो गुरूवार को पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि 27 फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा। इसे लेकर विभिन्न दलों के नेताओं से सहयोग मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को नया नेता प्रतिपक्ष चुन लेना चाहिये। दरअसल, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से संबंधित दलबदल का मामला स्पीकर कोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के नहीं होने की वजह से सूचना आयुक्त और लोकायुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हैं। उन्होंने प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष दीपक प्रकाश को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि जब तक दलबदल मामले का निस्तारण नहीं हो रहा है, तबतक किसी अन्य नेता का चयन कर लें। स्पीकर ने कहा कि हर सत्र के आहूत होने से पहले सर्वदलीय बैठक की जाती है। कोशिश होती है कि सर्वसम्मति से जनहित के मसलों पर चर्चा हो।

# न्याय की भाषा हिंदी

देश अंग्रेजी दासता से मुक्त होगा तो उन्हें अपनी मातृभाषा के जरिये न्यायिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलेगा। निरक्षरता के दंश से जूझते देश में तो यह और भी जरूरी था कि आम लोगों को न्यायिक फैसले मातृभाषा में सहजता से समझ में आ सकें। आजादी के अमृतकाल में जब मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायालय के फैसले हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की बात कही तो पूरे देश ने इसका स्वागत किया। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस कदम पर सकारात्मक प्रतिसाद दिया। कह सकते हैं आम जनमानस को गणतंत्र दिवस से पूर्व एक सौगात मिली है। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश ने इस बात की घोषणा महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल के सम्मेलन के दौरान की। उनका मानना था कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद इस अभियान में ली जाएगी, जिससे हिंदी व अन्य भाषाओं में शीर्ष अदालत के निर्णयों का अनुवाद किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष मुख्य न्यायाधीश का पद संभालने के बाद न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की कोशिश रही है कि न्याय तक आम आदमी की पहुंच सरल हो। इसी क्रम में उन्होंने यह भी महसूस किया कि आम आदमी की पहुंच में न्याय होने के मार्ग में भाषायी बाधा एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने माना कि न्याय अपने उद्देश्य में तभी सार्थक साबित होगा जब वादी-प्रतिवादी की समझ में आने वाली भाषा में फैसले उपलब्ध होंगे। दरअसल, आजादी के बाद संविधान में उल्लेख किया गया था है कि संसद द्वारा कानून बनाकर अंतिम व्यवस्था देने तक सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्टों की भाषा अंग्रेजी ही रहेगी। विडंबना यह है कि देश की भाषायी जटिलताओं और इससे जुड़ी राजनीति की चुनौती के चलते कोई गंभीर पहल नहीं हो पायी है। आज अमृत काल पर देश की मांग भी है।

# सही दिशा में संबंध

मिस्त्र उन देशों में शुमार है जिनके साथ आजादी के चंद दिनों के बाद कूटनीतिक रिश्ते कायम हो गये थे। पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू और मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल जमाल नासिर की दोस्ती दुनिया भर में चर्चा में रही है। ये दोनों कालांतर गुटनिरपेक्ष संगठन के आधार स्तंभ भी बने। लेकिन बाद में कतिपय कारणों से दोनों देशों के संबंधों में ठहराव आ गया भी। फिर कोरोना संकट के दौर में दोनों फिर तब करीब आए जब मिस्त्र ने मेडिकल ऑक्सीजन आपूर्ति में भारत का सहयोग किया। वैसे ही भारत ने भी रूस-यूक्रेन संकट के चलते गेहूं आपूर्ति बाधित होने पर मिस्त्र की मदद की है। दरअसल, मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अस-सीसी हालिया गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि बनकर भारत आये थे। इस दौरान पांच महत्वपूर्ण समझौते भी हुए। खासकर रक्षा क्षेत्रों में दोनों देश सहयोग बढ़ाने को तैयार हुए हैं। वास्तव में भारत मिस्त्र को स्वनिर्मित हथियारों के बड़े बाजार के रूप में देखता है। काहिरा भी भारतीय रक्षा उपकरणों में रुचि दिखाता रहा है। खासकर भारत-मिस्त्र ने जिस तरह आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता जतायी है, वह उम्मीद जगाती है। विशेष रूप से मिस्त्र ने उन देशों की आलोचना की है जो आतंकवाद को समर्थन करते हैं। निश्चित रूप से अपरोक्ष रूप से पाकिस्तान को संदेश दिया गया है। इसके अलावा इस्लामिक देशों का संगठन जिस तरह कश्मीर के मुद्दे पर पाक के इशारे पर भारत विरोधी रवैया अपनाता है, मिस्त्र से हमारी दोस्ती उसमें काम आ सकती है। साथ ही भारत व मिस्त्र साइबर सुरक्षा, सूचना प्रोद्योगिकी, प्रसारण व संस्कृति जैसे मामलों में सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। इस हकीकत को स्वीकारा गया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देशों की दोस्ती के गहरे निहितार्थ हैं।

# तुलसी: मेरे जाति-पाति न चहौं, काहू का जाति-पाति





- एनके मुरलीधर

तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालने वाले बहिर्साक्ष्यों से उनके माता-पिता की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर प्रकाश नहीं पड़ता। केवल मूल गोसाईं-चरित' की एक घटना से उनकी चिंत्य आर्थिक स्थिति पर क्षीण प्रकाश पड़ता है। उनका यज्ञोपवीत कुछ ब्राह्मणों ने सरयू के तट पर कर दिया था। उस उल्लेख से यह प्रतीत होता है कि किसी सामाजिक और जातीय विवशता या कर्तव्य-बोध से प्रेरित होकर बालक तुलसी का उपनयन जाति वालों ने कर दिया था।

**महान** कवि तुलसीदास की प्रतिभा-किरणों से न केवल हिन्दू समाज और भारत, बल्कि समस्त संसार आलोकित हो रहा है । अब तक प्राप्त शोध-निष्कर्ष भी हमें निश्चितता प्रदान करने में असमर्थ दिखाई देते हैं। मूलगोसाईं-चरित के तथ्यों के आधार पर डा० पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल और श्यामसुंदर दास तथा किसी जनश्रुति के आधार पर 1554 का ही समर्थन करते हैं। इसके पक्ष में मूल गोसाईं-चरित की निम्नांकित पंक्तियों का विशेष उल्लेख किया जाता है।

पंद्रह सै चौवन विषै, कालिंदी के तीर,
सावन सुक्ला सत्तमी, तुलसी धरेउ शरीर
। तुलसीदास की जन्मभूमि

तुलसीदास की जन्मभूमि होने का गौरव पाने के लिए अब तक राजापुर (बांदा), सोरों (एटा), हाजीपुर (चित्रकूट के निकट), तथा तारी की ओर से प्रयास किए गए हैं। संत तुलसी साहिब के आत्मोल्लेखों, राजापुर के सरयूपारीण ब्राह्मणों को प्राप्त ₹मुआफी' आदि बहिर्साक्ष्यों और अयोध्याकांड (मानस) के तायस प्रसंग, भगवान राम के वन गमन के क्रम में यमुना नदी से आगे बढ़ने पर व्यक्त कवि का भावावेश आदि अंतर्साक्ष्यों तथा तुलसी-साहित्य की भाषिक वृत्तियों के आधार पर रामबहोरे शुक्ल राजापुर को तुलसी की जन्मभूमि होना प्रमाणित हुआ है।

रामनरेश त्रिपाठी का निष्कर्ष है कि तुलसीदास का जन्म स्थान सोरों ही है। सोरों में तुलसीदास के स्थान का अवशेष, तुलसीदास के भाई नंददास के उत्तराधिकारी नरसिंह जी का मंदिर और वहां उनके उत्तराधिकारियों की विद्यमानता से त्रिपाठी और गुप्त जी के मत को परिपुष्ट करते हैं।

जाति और वंश के सम्बन्ध में तुलसीदास ने कुछ स्पष्ट नहीं लिखा है। कवितावली एवं विनयपत्रिका में कुछ पंक्तियां मिलती हैं, जिनसे प्रतीत होता है कि वे ब्राह्मण कुलोत्पन्न थे-दियो सुकुल जनम सरीर सुदर हेतु जो फल चारि को

जो पाइ पंडित परम पद पावत पुरारि मुरारि को । (विनयपत्रिका)

भागीरथी जलपान करौं अरु नाम द्वै राम के लेत निते हों ।

मोको न लेनो न देनो कछु कलि भूलि न रावरी और चितैहौ ।।

जाति-पांति का प्रश्न उठने पर वह चिढ़ गये हैं। कवितावली की निम्नांकित पंक्तियों में उनके अंतर का आक्रोश व्यक्त हुआ है -

***धूत कहौ अवधूत कहौ रजपूत कहौ जोलहा कहौ कोऊ काहू की बेटी सों बेटा न व्याहब,काहू की जाति बिगारी न सोऊ।***

***मेरे जाति-पांति न चहौं काहू का जाति-पांति,मेरे कोऊ काम को न मैं काहू के काम को ।***

राजापुर से प्राप्त तथ्यों के अनुसार भी वे सरयूपारीण थे। तुलसी साहिब के आत्मोल्लेख एवं मिश्र बंधुओं के अनुसार वे कान्यकुब्ज ब्राह्मण थे। जबकि सोरों से प्राप्त तथ्य उन्हें सना ब्राह्मण प्रमाणित करते है, लेकिन दियो सुकुल जनम सरीर सुंदर हेतु जो फल चारि को' के आधार पर उन्हें शुक्ल ब्राह्मण कहा जाता है। परंतु शिवसिंह सरोज' के अनुसार सरबरिया ब्राह्मण थे।

ब्राह्मण वंश में उत्पन्न होने के कारण कवि ने अपने विषय में जायो कुल मंगन' लिखा है। तुलसीदास का जन्म अर्थहीन ब्राह्मण परिवार में हुआ था, जिसके पास जीविका का कोई ठोस आधार और साधन नहीं था। माता-पिता की स्नेहिल छाया भी सर पर से उठ जाने के बाद भिक्षाटन के लिए उन्हें विवश होना पड़ा।

तुलसीदास के माता पिता के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं है। प्राप्त सामग्रियों और प्रमाणों के अनुसार उनके पिता का नाम आत्माराम दूबे था। किन्तु भविष्यपुराण में उनके पिता का नाम श्रीधर बताया गया है। रहीम के दोहे के आधार पर माता का नाम हुलसी बताया जाता है।

सुरतिय नरतिय नागतिय, सब चाहत अस होय । गोद लिए हुलसी फिरैं, तुलसी सों सुत होय ।। गुरु तुलसीदास के गुरु के रुप में कई व्यक्तियों के नाम लिए जाते हैं। भविष्यपुराण के अनुसार राघवानंद, विलसन के अनुसार जगन्नाथ दास, सोरों से प्राप्त तथ्यों के अनुसार नरसिंह चौधरी तथा ग्रियर्सन एवं अंतर्साक्ष्य के अनुसार नरहरि तुलसीदास के गुरु थे। राघवनंद के एवं जगन्नाथ दास गुरु होने की असंभवता सिद्ध हो चुकी है। वैष्णव संप्रदाय की किसी उपलब्ध सूची के आधार पर ग्रियर्सन द्वारा दी गई सूची में, जिसका उल्लेख राघवनंद तुलसीदास से आठ पीढ़ी पहले ही पड़ते हैं। ऐसी परिस्थिति में राघवानंद को तुलसीदास का गुरु नहीं माना जा सकता।

सोरों से प्राप्त सामग्रियों के अनुसार नरसिंह चौधरी तुलसीदास के गुरु थे। सोरों में नरसिंह जी के मंदिर तथा उनके वंशजों की विद्यमानता से यह पक्ष संपुष्ट हैं। लेकिन महात्मा बेनी माधव दास के ₹मूल गोसाईं-चरित' के अनुसार हमारे कवि के गुरु का नाम नरहरि है।

तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालने वाले बहिर्साक्ष्यों से उनके माता-पिता की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर प्रकाश नहीं पड़ता। केवल मूल गोसाईं-चरित' की एक घटना से उनकी चिंत्य आर्थिक स्थिति पर क्षीण प्रकाश पड़ता है। उनका यज्ञोपवीत कुछ ब्राह्मणों ने सरयू के तट पर कर दिया था। उस उल्लेख से यह प्रतीत होता है कि किसी सामाजिक और जातीय विवशता या कर्तव्य-बोध से प्रेरित होकर बालक तुलसी का उपनयन जाति वालों ने कर दिया था।

तुलसीदास का बाल्यकाल घोर अर्थ-दारिद्रय में बीता। भिक्षोपजीवी परिवार में उत्पन्न होने के कारण बालक तुलसीदास को भी वही साधन अंगीकृत करना पड़ा। कठिन अर्थ-संकट से गुजरते हुए परिवार में नये सदस्यों का आगमन हर्षजनक नहीं माना गया

जायो कुल मंगन बधावनो बजायो सुनि,
भयो परिताप पाय जननी जनक को ।
।(कवितावली)

मातु पिता जग जाय तज्यो विधि हू न लिखी कछु भाल भलाई ।

नीच निरादर भाजन कादर कूकर टूकनि लागि ललाई ।

स्वारथ को परमारथ को रघुनाथ सो साहब खोरि न लाई ।तुलसी को जाने बिना रामचरितमानस पर टिप्पणी अक्षम्य अपराध है। दुर्भाग्य से कई व्यक्ति यह अपराध करते नहीं अघाते हैं। काश वे तुलसी के समाजिक साहित्य को समझ पाते।

## खास बात

# पेशावर का संकेत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**पाकिस्तान** के शहर पेशावर में हुए विस्फोट ने पूरे देश और सरकार को हिलाकर रख दिया है। शाहबाज सरकार आर्थिक संकट से पहले ही जूझ रही है, अब इस विस्फोट ने जले पर नमक छिड़क दिया है। इस विस्फोट में हताहतों की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग 100 लोग तो मर चुके हैं और डेढ़ सौ लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। यह विस्फोट भी कहां हुआ है? पेशावर की एक मस्जिद में। और वह किस वक्त हुआ है? दोपहर की नमाज के वक्त! दूसरे शब्दों में तहरीके-तालिबान के आतंकवादियों ने इस्लाम का भी अपमान कर दिया है। वे लोग अपने को कट्टर इस्लामी कहते हैं और उन्होंने मस्जिद में ही विस्फोट करवा दिया। इस्लामी राष्ट्र होने का दावा करने वाला पाकिस्तान इस घटना से कोई सबक सीखेगा या नहीं? उसने आतंकवाद को इसलिए बढ़ावा दिया कि वह भारत से कश्मीर छीन सकेगा।

उसने भारत से लड़े युद्धों में विफल होने के बाद आतंकवाद को ही अपना हथियार बनाया लेकिन अब मियां की यह जूती मियां के सिर ही पड़ रही है। दहशतगर्दी के चलते जितने लोग भारत में मरते रहे हैं, उनसे कहीं ज्यादा पाकिस्तान में मर रहे हैं। पिछले साल एक शिया मस्जिद पर हुए हमले में दर्जनों लोग मारे गए थे। इसी पेशावर में 2016 में हुए हमले के कारण लगभग डेढ़ सौ मासूम बच्चे कुर्बान कर दिए गए थे। वे बच्चे एक फौजी स्कूल में पढ़ रहे थे। इस मस्जिद में अभी मृतकों में ज्यादातर पुलिस के अफसर और जवान ही हैं।

इस हमले की जिम्मेदारी ह्यतहरीके-तालिबान पाकिस्तानह्न के कमांडर ने ली है। उसने कहा है कि यह हमला उस हत्या का बदला है, जो पिछले साल अगस्त में टीटीपी के कमांडर उमर खालिद खुरासानी की काबुल में की गई थी। ह्यतहरीकह्न यों तो पाकिस्तानियों का संगठन है लेकिन यह अफगानिस्तान के तालिबान के साथ गहरे में जुड़ा हुआ है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार और पाकिस्तानी सरकार के बीच भी लगातार खटपट चल रही है। ह्यतहरीकह्न के नेता पठान हैं और तालिबान भी पठान हैं।

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,
और शोहरत की कमाई क्या है,
इस बुलंदी पे आ के जाना है,
अच्छा होने में बुराई क्या है..!
– कुमार विश्वास, कवि

## आपके ट्वीट

**दुमका** में झामुमो परिवार के 44वां स्थापना दिवस की सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। पार्टी के नेतागण तथा राज्य के कोने-कोने से आये कर्मठ कार्यकर्ता और अन्य लोग रातभर चलने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे अद्भुत बना देते हैं। – हेमंत सोरेन,





**स्वस्थ** जीवन का मजबूत आधार 'श्री अन्न'।भारत 'श्री अन्न' का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। वर्ष 2021-22 में भारत से 34.32 मिलियन डॉलर का श्री अन्न निर्यात हुआ।

– नरेन्द्र मोदी

# दुनिया एक परिवार

## धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यसंगानंद सरस्वती

**एक** बार मैंने श्री स्वामी जी से पूछा, क्या आत्मा की दृष्टि, आत्मा की दृष्टि, जैसा कि किताबों में लिखा है? उन्होंने कहा, हाँ, बेशक.मैंने पूछा, रास्ता क्या है? उसने कहा, रास्ता सेवा, प्यार और देना है ।

उन्होंने नहीं कहा कि योग पर अधिक ग्रंथों का अध्ययन करें, या अधिक आसन और प्राणायाम करें, या योग पर अधिक पुस्तकें लिखें, या योग पर अधिक सेमिनार दें । नहीं! इसके बजाय उसने हमें हमारे कर्मों को सतकरमा में बदलने के लिए कहा । अपनों के लिए काम करने के बजाय दूसरों के लिए काम करो । पूरी दुनिया को अपना परिवार ही रहने दो । प्रकाश को व्यापक और दूर फैलने दो! ईशावास्य उपनिषद का कहना है कि एक ही धागा सबके माध्यम से चल रहा है । आप इसे कुछ भी कह सकते हैं: आत्मा, भगवान, परमात्मा, जागरूकता ।

आप सभी के लिए यही संदेश है । इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ से हैं, आपको आत्मा की झलक और चमक वापस लेना होगा और इसे दूसरों के साथ साझा करना होगा । जलती हुई रोशनी को अपने भीतर ले जाना है और जहाँ भी जाना है उसे फैलाना है ।

जनादेश 'दे' का महत्व यह है कि आप इसे शेयर जरूर करें । आज का आदमी एक जमावड़ा है । कुछ शेयर नहीं करना है ज्ञान भी नहीं । आप असुविधाजनक हैं, आप एक दूसरे को आसानी से संवाद नहीं करते हैं । आप खुद से संवाद भी नहीं करते । आखिर अपने आप को भूल कर आप किसको याद करते हैं?

## कार्टून वर्ल्ड

यह युद्ध की विभीषिका है



# कल्पवास की जिंदगी और रेहान की बांसुरी

प्रभुनाथ शुक्ल

'माघ मकरगत रवि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई। देव दनुज किन्नर नर श्रेनीं। सादर मज्जहिं सकल त्रिवेणी।' तीर्थ प्रयाग क्षेत्र गंगा नदी के विशाल मैदान में बसा है। प्रयाग को सभी तीर्थों का राजा कहा गया है। प्रयाग समस्त कष्टों को हरने वाला ही नहीं, अनेक संस्कृतियों के मिलन का संगम भी है। यहां गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के साथ देश की विभिन्न धर्म-संस्कृतियों की भी कल्पवास में त्रिवेणी बहती है। गंगा और त्रिवेणी स्नान से सिर्फ मोक्ष ही नहीं अर्थ एवं धर्म की भी प्राप्ति होती है। दुनिया भर में नदी सभ्यता में इतना बड़ा भू-भाग कहीं नहीं मिलता है जहां विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला आयोजित होता है। कल्पवास में साम्प्रदायिक सद्भाव भी देखने को मिलता है।

प्रयागराज को कुंभ, संगम और तंबुओं की नगरी से भी जाना जाता है। पूरे महीने भर देश-विदेश से आए श्रद्धालु और भक्त तंबू में कल्पवास करते हैं। चारों पीठों के शंकराचार्य एवं साधु-संतों का आगमन होता है। प्रत्येक 12 साल पर कुंभ का आयोजन होता है। कहा जाता है ब्रह्मा ने सृष्टि का प्रथम यज्ञ यहीं किया।'प्र' से प्रथम और 'याग' से यज्ञ। इसकी वजह इसका नाम प्रयाग पड़ा। इस पवित्र नगरी के अधिष्ठाता भगवान विष्णु हैं। वो स्वयं यहां वेणी माधव के रूप में विराजमान है।

पुराणों में सात पुरी-अयोध्या, मथुरा, मायापुरी, काशी, कांची, अवंतिका और द्वारका हैं। पुरियों को तीर्थराज प्रयाग की

## समाज

धर्मपत्नियों की संज्ञा दी गई है। सात पुरियों में काशी सर्वश्रेष्ठ है। इसे तीर्थराज की पटरानी कहा गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सभी क्षेत्रों की उत्पत्ति प्रयागराज से हुई है और प्रयागराज ने इन्हें मोक्ष का अधिकार प्रदान किया है। प्रयाग में मास भर आयोजित होने वाला कल्पवास हमारी सांझी सांस्कृतिक विरासत है। कल्पवास क्षेत्र में जाति-धर्म, भाषा और रंग का भेद मिट जाता है। प्रयाग में विभिन्न धर्म और संस्कृतियों से आने वाला व्यक्ति सिर्फ और सिर्फ प्रयाग का होकर रह जाता है। प्रयाग में सिर्फ मनुष्यता दिखती है। यहां आपको सब कुछ मिल जाएगा। प्रयाग को अच्छी तरह जानने के लिए सिर्फ कल्पवास और त्रिवेणी स्नान काफी नहीं है। उसे पढ़ने के लिए रेत-रेत में बिखरना होगा। तब आपको पता चलेगा कि इस पवित्र रेती में पूरा भारत विभिन्न रंग-रूपों में बिखरा पड़ा है।

संगम की रेती में बिहार के रेहान राजा की बांसुरी क्यों बजती है। झारखंड के जय प्रकाश की फिरंगी क्यों नाचती है। सहारनपुर के सलीम बालमखीरा का चूरन क्यों बेचने आते हैं। इनके लिए कल्पवास का क्या मतलब है। इन्हीं के जीवन संघर्ष में छुपा है अर्थ, धर्म और मोक्ष का अर्थ। परेड ग्राउंड में खादी ग्रामोद्योग की दुकानें मिल जाएंगी। कान्हा-श्याम की सुंदर मूर्ति और कपड़े मिल जाएंगे। गीता प्रेस गोरखपुर दुकानें जगह-जगह मिल जाएंगी। रामदाने की पट्टी और बच्चों के खिलौने भी खूब बिकते हैं। कल्पवास शिवरात्रि तक चलेगा। गंगा घाट पर स्नान के दौरान हमें बिहार के रेहान राजा बांसुरी बेचते मिल गए। उसकी उम्र तकरीबन 15 साल है। अपने अब्बा के साथ पहली बार आए हैं। लॉकडाउन के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी। अब अब्बा के साथ मेलों में बांसुरी बेचकर पैसा कमाते हैं। उस पैसे से बहन की शादी करेंगे। रेहान छपरा जिले के बनियापुर थाना के मिसकारी टोला गांव के हैं। रेहान की तीन बहने हैं। एक की शादी हो चुकी है। अब्बा पर बैंक का काफी कर्ज है। अब्बा इसी बांसुरी की कमाई से बैंक की किस्त भरते हैं। रेहान राजा ने बताया कि अमावस के दिन पंद्रह सौ रुपये की कमाई हुई। उनके गांव के 80-90 लोग हैं कल्पवास मेले में। सभी बांसुरी बेचते हैं।

# बजट काफी अच्छा है लेकिन इसके असर पर शक है

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**कोई** सरकार कैसा भी बजट पेश करे, विरोधी दल उसकी आलोचना न करें, यह संभव ही नहीं है। विरोधी दलों की आलोचनाएं हमेशा असंगत होती हैं, ऐसा भी नहीं है। वे कई बार सरकार और संसद को नई दिशा भी दे देती हैं। इस बार भी कुछ विरोधी दलों ने इस बजट को किसान और मजदूर-विरोधी बताया है और सरकार से पूछा है कि उसने अपना खर्च इतना ज्यादा बढ़ा लिया है तो वह पैसा कहां से लाएगी? लेकिन सरकार के इस बजट की ज्यादातर वित्तीय विशेषज्ञ तारीफ कर रहे हैं।

वे वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा अब तक पेश किए गए बजटों में इसे सर्वश्रेष्ठ बता रहे हैं। किसी भी सरकार से यह उम्मीद करना कि वह अपने बजट का इस्तेमाल करते समय अपने वोट बैंक पर ध्यान नहीं देगी, गलत है। चुनावों से चुनी जानेवाली कोई भी सरकार अपने हर कदम को सबसे पहले वोट बैंक की तराजू पर तोलती है। इस दृष्टि से यह बजट काफी सफल रहा है। क्योंकि यह देश के लगभग 45 करोड़ मध्यम वर्गों के लोगों को काफी राहत दे रहा है। आयकर से 7 लाख तक की आमदनी को मुक्त कर देना अपने आप में सराहनीय कदम है। यदि लोगों के पास पैसा ज्यादा बचेगा तो वे खर्च भी ज्यादा कर सकेंगे। इससे बाजारों में चुस्ती पैदा होगी। अर्थव्यवस्था अपने आप मजबूत होगी।

## बजट

जनसंघ और भाजपा के अनुयायियों में मध्यम वर्ग के लोग ही ज्यादा रहे हैं। ये लोग सुशिक्षित और प्रभावशाली भी हैं। पत्रकारिता और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इस वर्ग की पकड़ काफी मजबूत है। इसके अलावा इस बजट में बुर्जुगों, महिलाओं, आदिवासियों और कमजोर वर्गों के लिए भी तरह-तरह की सुविधाएं प्रदान की गई हैं। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की घोषणा पहले ही हो चुकी है। किसानों को इस साल 20 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया जाएगा। बच्चों में एनीमिया (रक्ताल्पता) की कमी को दूर करने के लिए सरकार इस बार ज्यादा खर्च करेगी। नए हवाई अड्डे तो बनेंगे ही, लेकिन रेल प्रबंध भी बेहतर बनाया जाएगा। नितिन गडकरी की देखरेख में सड़क-निर्माण कार्य तेजी से हो ही रहा है।

डिजिटल लेनदेन में यूं भी भारत दुनिया के देशों में अग्रगण्य है, लेकिन उसे अब अधिक बढ़ाया जाएगा। ऐसी कई पहल इस बजट में हैं लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो क्रांतिकारी पहल भारत को करना चाहिए, उसके संकेत बहुत हल्के हैं। किसी भी राष्ट्र को सुखी और संपन्न बनाने के लिए इन दोनों मुद्दों पर जोर देना बहुत जरूरी है। है। यदि लोगों के पास पैसा ज्यादा बचेगा तो वे खर्च भी ज्यादा कर सकेंगे। इससे बाजारों में चुस्ती पैदा होगी। अर्थव्यवस्था अपने आप मजबूत होगी।

राष्ट्रवादियों की विचारधारा और उनके अनुयायियों में मध्यम वर्ग के लोग ही ज्यादा रहे हैं। ये लोग सुशिक्षित और प्रभावशाली भी हैं। पत्रकारिता और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इस वर्ग की पकड़ काफी मजबूत है।

शोध और शिक्षा का माध्यम जब तक भारतीय भाषाओं में नहीं होगा और चिकित्सा में पारंपरिक भारतीय पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष बजट नहीं बनेगा, भारत की प्रगति की रफ्तार तेज नहीं हो पाएगी। आखिर आपके नारों से आगे भी देश की समस्या है इन नारों का अंत है समस्या का नहीं। लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)

## नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

– रितु लकड़ा, कांके रांची

## चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात दिलाने के लिए दिन-रात वैक्सीन लगाने में लगे हुए है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। आये दिन आंकड़ों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। पहले की तुलना में आकड़ें कम अवश्य हुआ है लेकिन मामला नियंत्रिण नहीं है।

–अवंतिका राज, लोहरदगा


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### कांग्रेस प्रखंड कार्यसमिति ने बैठक कर तैयारियों पर की चर्चा

# हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की 13 से शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही स्थित एन.एच. ए.आई.बी. डाकबंगला में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी की अध्यक्षता में प्रखण्ड कार्यसमिति सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। संचालन विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 11 फरवरी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा प्रदेश में पाकुड़ जिला से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शुरूआत की जा रही है।जिला अध्यक्ष हजारीबाग के निदेर्शानुसार बरही प्रखंड से भी अधिक से अधिक कार्यकताओं को पाकुड़ के कार्यक्रम में शामिल होना है। साथ ही हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शुरूआत बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 13 फरवरी से शुरू की जाएगी। जिसके लिए प्रभारी का मनोनयन किया गया है। भंडारों पंचायत से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शरुआत की जाएगी। 13 फरवरी को भंडारों पंचायत में प्रभारी रामानंद यादव, 15 फरवरी को केदारुत पंचायत में प्रभारी मो तौकीर रजा, 20 फरवरी को ड़पोक में उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, 16 फरवरी को विजैया पंचायत में महेश कुमार, 13 फरवरी को मलकोको में मनोज मंडल, 19 फरवरी को रानीचुंवा में राजेंद्र


कांग्रेस प्रखंड समिति बैठक करते

यादव, 11 फरवरी को बरसोत में मुखिया मनोज कुमार, 12 फरवरी को करियातपुर में मीना देवी, 17 फरवरी को दुलमहा में मुखिया दसरथ यादव, 12 फरवरी को धनवार में मो वारिस अंसारी, 17 फरवरी को दुलमहा में दसरथ यादव, बसरिया पंचमाधव में 12 फरवरी को प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कोनरा में 12 फरवरी को विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, बरही पूर्वी में 19 फरवरी को अशोक सिंह, बरही पश्चिमी में 12 फरवरी को कुणाल कतरियार, रसोइया धमना में 14 फरवरी को सुरेश शर्मा, बेन्दगी पंचायत में मुकेश निषाद, 20 फरवरी को करसो पंचायत में प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, खोड़ाहर में यमुना यादव, गौरियाकरमा में देवनंदन यादव, कोल्हुआकला में 14 फरवरी को सुनील पांडेय को प्रभारी बनाया गया है। इनके नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में तोखन रविदास, रघुवीर यादव, दशरथ यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, मिथिलेश कुमार उपाध्याय, राजेंद्र प्रसाद यादव, रामानंद कुमार यादव, धिरेंद्र कुमार उर्फ द्वारिका रविदास, मोहम्मद तौकीर रजा, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार साहू, अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार पांडे, मोहम्मद वारिस अंसारी, मनोज कुमार यादव, अशोक शर्मा, मीना देवी, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड उपप्रमुख देव लाल कुशवाहा, गाजो यादव, देवचंद यादव, रघुनंदन गोप सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

**एक नजर में**

## आज होगा धनवार पंचायत में रोजगार मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन


राजेंद्र प्रसाद, धनवार मुखिया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** रोजगार के प्रति जागरूकता को ध्यान रखते हुए धनवार मुखिया ने प्रखण्ड के धनवार पंचायत अंतर्गत पैक्स कार्यालय में 10 फरवरी को प्रशिक्षण सह रोजगार मेला का आयोजन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद करेंगे। इस सम्बंध में पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि यह कार्यक्रम विनायका फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी बोंगा हजारीबाग के प्राचार्य चंदन सिंह एवं प्रशिक्षक जमशेद आलम के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने पंचायतवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि रोजगार जीवन का आधार है। इसकी शुरूवात के लिए कई अहम बातों की जानकारी होनी चाहिए। जिनमे पूंजी, स्थान व उत्पादन की विशेषताएं व बाजार प्रमुख है। इन सभी बातों की जानकारी लोगों को सर्वजनिकरूप से बताई जाएगी। कार्यक्रम साढ़े दस बजे से शुरूआत की जाएगी।

## पूर्व जिप सदस्य ने किया तीन धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास


शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखण्ड के तीन संताल बहुल गांव आदिवासी कसियाडीह, चिरूबेडा व बालीडीह में तीन धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति, चरही मुखिया संझली मुर्मू , चुरचू मुखिया पूनम बेसरा, चुरचू पंसस भाग दो के सुषमा मुर्मू, चरही पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, समाजसेवी आनंद सोरेन व झारखण्ड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। कसियाडीह गांव के लाभुक समिति के अध्यक्ष प्रकाश टुडू ने कहा कि संताल आदिवासी कसियाडीह में 12 लाख 27 हजार 7 सौ की लागत से धुमकुड़िया आवास बनेगा। वंही चिरूबेडा गांव में 12 लाख 27 हजार 7 सौ और बालीडीह गांव में भी 12 लाख 27 हजार 7 सौ की लागत से धुमकुड़िया आवास बनेगा। मौके पर पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि आदिवासी बहुल गांवो में वर्षो से मांग करते आ रहे ग्रामीणों की मांगे अब पूरी हो गई। धुमकुड़िया बनने से ग्रामीणों को गांव की सामाजिक बैठक व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सुविधा होगी। चरही मुखिया संझली मुर्मू ने कहा कि चरही पंचायत का चहुँमुखी विकास करना हमारा पहला प्राथमिकता है चुरचू मुखिया पूनम बेसरा ने कहा कि लाभुक समिति धुमकुड़िया भवन को गुणवत्तापूर्ण बनाये। ज्ञात हो कि पूर्व पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने चुरचू प्रखण्ड के आठ आदिवासी बहुल गांवो में कल्याण मंत्री चम्पई सोरेन से धुमकुड़िया भवन बनाने की मांग की थी, जिसमें मंत्री चम्पई सोरेन ने चुरचू प्रखण्ड के आठ गावो में धुमकुड़िया भवन की स्वीकृति प्रदान की है जिस भवन का बनना अब प्रारम्भ हो गया है इस अवसर पर समाजसेवी आनंद सोरेन, पूर्व उपमुखिया सहदेव किस्कु, संजय सोरेन, बिरजा हांसदा, संतोष टुडू, लाजरुस सोरेन, वार्ड सदस्य प्रकाश टुडु, ताहाराम हेम्ब्रोम, मांझी हाड़ाम कैलू मांझी, मिहीलाल मुर्मू, दीपक मुर्मू, फिनि मुर्मू, बाबूजी टुडु, रमेश टुडु, बिरजा हांसदा, कातिलाल हंसदा, गुड्डू महतो, राजेन्द्र महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर जंग तेज

### मुख्य मुकाबला एनडीए और यूपीए के बीच, समर्थक अपने प्रत्याशी के पक्ष में कर रहे जनसंपर्क




सुनीता चौधरी एनडीए, बजरंग महतो यूपीए, संतोष कुमार महतो झारखंड पार्टी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी 27 फ रवरी को संपन्न होनेवाले रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए जंग तेज हो गई है। चुनाव में एनडीए की ओर से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी एवं यूपीए की ओर से पूर्व विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो प्रत्याशी हैं। वहीं, झारखंड पार्टी की ओर से संतोष कुमार महतो चुनाव मैदान में हैं। जबकि नवोदय जनतांत्रिक पार्टी की ओर से युगन कुमार, निर्दलीय अजीत कुमार, इमाम सफ ी, कामदेव महतो, तुलेश्वर कुमार पासवान, धनंजय कुमार पुटूस, पांडव कुमार महतो, प्रदीप कुमार, फ रूख अंसारी, मनोज कुमार बेदिया, महिपाल महतो, रामावतार महतो, रंजीत महतो, सहदेव कुमार और सुलेन्द्र महतो मैदान में हैं। कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। जिनमें दो का नामांकन रद्द हो गया। इसलिए अब 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। 10 फ रवरी को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है।

**एनडीए और यूपीए द्वारा किया जा रहा है जनसंपर्क :** इधर, एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी और यूपीए प्रत्याशी बजरंग महतो के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

दोनो के समर्थक मतदाताओं से घर घर जाकर मिल रहे हैं और अपने अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। वैसे तो चुनावी पंडित चुनाव परिणाम को लेकर अलग अलग राय दे रहे हैं। पर वास्तविक स्थिति का पता तो 2 मार्च को होनेवाले मतगणना के बाद ही चलेगा।

फि लहाल सभी अपने अपने पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने में लगे हुए हैं। वहीं, झारखंड पार्टी के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो भी लगातार अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन की अपील कर रहे हैं। उनका कहना है कि जीत उनकी होगी क्योंकि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता ने एनडीए और यूपीए दोनो के प्रत्याशियों को मौका दिया ।

लेकिन दोनो में से कोई भी उनकी अपेक्षाओं पर खरा नही उतर सका है। साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा भी समर्थकों के साथ लोगों के घर घर जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है। इसलिए रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव का मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

## नि:शुल्क भोजन वितरण शिविर का आयोजन

**चरही।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा चरही में चलाए जा रहे निःशुल्क भोजन वितरण शिविर गुरुवार को 8 वें दिन भी चलाया गया।इस कार्यक्रम में सीसीएल चरही के महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा की पत्नी अनिमा सिन्हा ने संयुक्ता महिला मंडल की ओर से भोजन सामग्री लेकर सहयोग देने कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां पर गरीबों के बीच भोजन वितरण कार्य चलाए जाने पर काफी खुशी जाहिर की। मौके पर अनिमा सिन्हा, सुनीता साहू, रंजीता राय, सरीता मिश्रा के हाथों भारतीय विद्यार्थी को आवश्यक सामग्री एंव सहयोग राशि दिया गया। मौके पर राजेश कुमार बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, उप मुखिया शिवचंद मुर्मू अमिशा प्रशाद, बीना मिश्रा,आरिफ अंसारी, मंजू देवी, ललन प्रसाद, राजन कुमार महतो, विनोद कुमार केशरी, राजू राम, महादेव रविदास, केयर महतो आदि उपस्थित थे। यह सेवा निरंतर जारी रहेगा। इसमे सभी जनप्रतिनिधि, बुद्धि जीवियों, समाज सेवी एंव ग्रामीणों से बढ़ चढ़ कर सहयोग की अपील की गई है।

## प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार को दी गयी विदाई


विदाई समारोह में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** उप विकास आयुक्त हजारीबाग के पत्रांक 178 दिनांक 08-02-2023 के आलोक मे बिष्णुगढ़ प्रखण्ड में पदस्थापित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार को कार्यालय ज्ञापांक 29/ म. दिनांक 09-02-2023 के द्वारा चौपारण प्रखण्ड मे योगदान देने हेतु विरमित करने के पश्चात विदाई समारोह का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया गया। विदाई कार्यक्रम में सभी कार्यालय कर्मी द्वारा राजेश कुमार को वस्त्र, पुष्प माला, एवम साल दिये। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने राजेश कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बिष्णुगढ़ मे जो विकास की गति का नाम राजेश कुमार है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कंगारी द्वारा राजेश कुमार को सराहना देते हुए चौपारण प्रखंड में भी विकास के पहिए को गति देने का आशीर्वाद दिया। वही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि चौपारन प्रखण्ड को आगे ले जाने में मैं अपनी महती भूमिका निभायेंगे। राजेश कुमार ने कहा की पारिवारिक एवं दिक़्कतो के कारण घर से नजदीकी प्रखंड मे स्थानांतरण हेतु आवेदन दिया गया था जिसके उपरांत जिला प्रशासन द्वारा मेरा स्थानांतरण घर से नजदीकी प्रखण्ड मे किया गया है इसके लिए जिला प्रशासन को साधुवाद देता हूँ।

# झामुमो जवाहर नगर पंचायत कमेटी का गठन

### अध्यक्ष विक्की पासवान, सचिव विक्की पंडित व कोषाध्यक्ष बने शुभम पासवान, दी गयी बधाई


जवाहर नगर पंचायत कमेटी गठन के मौके पर उपस्थित ग्रामीण और झामुमो के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर पंचायत कमेटी गठन को ले गुरुवार को जवाहर नगर दुर्गा मंडप प्रांगण में झामुमो की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पार्टी के केंद्रीय सदस्य मुकेश राउत व संचालन भोलू हासमी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य संजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रोहन बेदिया, जिला संगठन मंत्री हरिलाल बेदिया, जिला मंत्री उदय मालाकार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र यादव, आजाद अंसारी व शहनबाज खान उपस्थित थें। बैठक में उपस्थित लोगों की झामुमो नेताओं ने समस्या सुन समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही सबों को सरकार द्वारा धरातल पर उतारी गई कल्याणकारियों की जानकारी देकर इसका लाभ उठाने की बात कही गई। बैठक में सर्वसम्मति से झामुमो जवाहर नगर पंचायत कमेटी का गठन किया गया। चयनित पदाधिकारियों को अतिथियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी होते हैं। झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है जो संपूर्ण झारखंड का विकास कर सकती है। मुकेश राउत ने कहा की जैसे सीएम हेमंत सोरेन सूपंर्ण झारखंड का विकास कर रहे हैं वैसे ही यहां के जमीनी नेता संजीव बेदिया बड़कागांव विधानसभा का विकास करेंगे। वर्तमान में बड़कागांव की जनता विकास से कोसो दूर है। उन्होंने कहा कि संजीव बेदिया के लिए बडकागांव की जनता एक परिवार की तरह है और परिवार के हर सुख दुःख में संजीव बेदिया 24 घंटे खड़ा रहकर समस्याओं का समाधान करने वाले नेता है।

**जवाहर नगर पंचायत कमेटी में ये हैं शामिल :** जवाहर नगर पंचायत कमेटी में अध्यक्ष विक्की पासवान, सचिव विक्की पंडित, कोषाध्यक्ष शुभम पासवान, उपाध्यक्ष सुनीता देवी, गुड़िया देवी, करण गौड़ व श्रीनिवास अग्रवाल, सहसचिव डीके पंडित, सहसंगठन सचिव ओम प्रकाश व राजन राय चुने गए।

### इलाज के लिए एचएमसीएच में सर्जन नदारद, भड़के सदर विधायक तब शुरु हुआ उपचार

# स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर, कई बच्चे हुए घायल

### ड्यूटी से नदारद रहने पर डॉ. उत्कृष्ट कांत को सुप्रीटेंडेंट ने दिया कारण बताओ नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था भगवान भरोसे है। अस्पताल के इमरजेंसी सेवा स्थल ट्रामा सेंटर में गुरुवार की सुबह दुर्घटनाग्रस्त हुए स्कूली बच्चे के इलाज के लिए सर्जन मौजूद नहीं रहें। इस कारण घायल हुए बच्चों को करीब एक घंटे तक सर्जन के आने का इंतजार करना पड़ा। सर्जन आए भी तब जब घायल बच्चों के परिजनों, स्कूल प्रबंधन के शिक्षकों एवं स्थानीय समाजसेवियों ने इस बात की जानकारी हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी तो उन्होंने तत्काल अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। रंजन चौधरी ने जब देखा की सर्जरी ओपीडी में ड्यूटी डॉक्टर नहीं हैं और किनका ड्यूटी है इसकी जानकारी नहीं हो पाई तो उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी। जिसके बाद विधायक मनीष जायसवाल भड़क गए और हॉस्पिटल सुपरीटेंडेंट डॉ.विनोद कुमार से तत्काल बच्चों का समुचित इलाज कराने और ड्यूटी से नदारद डॉक्टर पर कार्रवाई करने की मांग की। विधायक मनीष जायसवाल के शिकायत के बाद अस्पताल प्रबंधन सक्रिय हुआ और तत्काल

**सदर विधायक के शिकायत के बाद सुप्रीटेंडेंट के आग्रह पर सर्जरी एचओडी डॉ ओपी श्रीवास्तव, सर्जन डॉ. अभिषेक और गाइनी एचओडी डॉ. श्वेता लाल ने दिखायी मानवता तत्काल पहुंचकर बच्चों का किया इलाज**

सुपरिटेंडेंट के विशेष आग्रह पर ड्यूटी में नहीं होने के बावजूद मानवता दिखाते हुए सर्जन डॉक्टर अभिषेक कुमार ने आकर बच्चों का इलाज किया।

इसी बीच खुद सर्जरी एचओडी डॉ.ओ.पी. श्रीवास्तव अस्पताल पहुंचे और घायल बच्चों को देखा। गाइनी एचओडी डॉ.श्वेता लाल भी यहां पहुंची और घायल बच्चियों का ट्रिटमेंट किया। चिकित्सक के निर्देश पर तत्काल विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने एक घायल बच्ची का सीटी स्कैन कराया और दो का एक्स- रे कराया। तीनों बच्चे खतरे से बाहर हैं और इन सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्ञात हो की गुरुवार की सुबह स्कूल जाने के क्रम में शहर के महावीर स्थान चौक पर एक अनियंत्रित ट्रक


घायलों को देखते डॉक्टर।

ने स्कूली बच्चे से भरे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गई और ऑटो में बैठे बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय समाजसेवी गुंजन गुप्ता, अविनाश कुमार उर्फ. सोनू और महावीर मंदिर के पुजारी कार्तिक पंडित ने 108 एंबुलेंस बुलाकर यहां से बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। खुद समाजसेवी अविनाश कुमार उर्फ. सोनू भी अस्पताल पहुंचें। यहां बच्चों का प्राथमिक उपचार हुआ लेकिन सर्जन उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर अस्पताल कर्मी बच्चों के इलाज में टालमटोल करते रहे। इसी बीच बच्चों के स्कूल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्र और कार्यालय प्रमुख कुमार प्रवीण भी अस्पताल पहुंचे। यहां ड्यूटी पर सर्जन के नहीं होने पर उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी और उनसे मदद के लिए आग्रह किया।जिसके बाद मनीष जायसवाल के प्रयास से बच्चों का समुचित इलाज संभव हो सका। घायल हुए स्कूली बच्चों में बच्चों में ओकनी निवासी अनिल कुमार राणा के 08 वर्षीय पुत्र आर्य कुमार, पुलिस लाइन निवासी 14 वर्षीय गायत्री कुमारी और पुलिस लाइन के ही रहने वाले 15 वर्षीय अंशु सिंह शामिल हैं। सभी बच्चे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हरटोली के विद्यार्थी हैं। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने भी बच्चों का कुशलक्षेम जाना । इधर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ.विनोद कुमार ने ड्यूटी से नदारद रहने पर डॉ. उत्कृष्ट कांत

**बच्चों के प्रधानाचार्य ने उठायी इलाज में लापरवाही की बात, सदर विधायक ने कहा, खत्म हो रही है मानवीय संवेदना, चिकित्सक का ड्यूटी से नदारद रहना बर्दाश्त योग्य नहीं**

को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सुपरिटेंडेंट स्पष्टीकरण में सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उत्कृष्ट कांत से पूछा है कि विभागाध्यक्ष, सर्जरी विभाग के ज्ञापांक- 10, दिनांक- 18/1/2023 के द्वारा डॉ.अभिषेक कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, सर्जरी विभाग को दिनांक- 16/01/2023 से 12/2/ 2023 तक कोषागार प्रशिक्षण में चले जाने के कारण इनके स्थान में प्रशिक्षण से लौटने तक उनका आवंटित कार्य एस.ओ.डी. ड्यूटी आपको करना था। दिनांक- 9/ 2/2023 को सुबह आप अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित थे जिसके कारण अस्पताल में एक्सीडेंटल मरीज एवं अन्य मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जो खेद का विषय है एवं कार्य के प्रति लापरवाही तथा अनुशासनहीनता का घोतक है। आगे उन्होंने लिखा है कि 2 दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण विभागाध्यक्ष के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं रहने पर विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाएगा।

घायल बच्चों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही की निंदा की। बच्चों के स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी चिकित्सक नहीं होने के कारण बच्चों के इलाज में देरी को लेकर नाराजगी जताई। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान सरकार और जिला प्रशासन की अनदेखी एवं अस्पताल प्रबंधन कीकू व्यवस्था के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों की मनमानी बढ़ती जा रही है। भगवान माने जाने वाले चिकित्सकों की मानवीय संवेदना भी निष्क्रिय हो रही है। आपातकालीन इलाज के लिए मरीज परेशान रहे और चिकित्सक ड्यूटी से नदारद रहे यह बर्दाश्त योग्य कदापि नहीं है। उन्होंने कहा की ऐसे लापरवाह चिकित्सक पर कार्रवाई नहीं होती है तो स्वस्थ विभाग के वरीय अधिकारी और सरकार तक मामला जरूर पहुंचाएंगे।

## खैरा पंचायत की मुखिया ने किया सिमराढाव विद्यालय में पाठ्यपुस्तक का वितरण


पुस्तक वितरण करतीं मुखिया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड के खैरा पंचायत अंतर्गत नव सृजित प्राथमिक विद्यालय सिमराढाव में खैरा पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी के हाथों 9 फरवरी दिन गुरुवार को झारखंड शिक्षा परियोजना के ओर से वर्ग कक्ष के अनुसार प्रति किताब के आधार पर कॉपी का वितरण किया गया। उपस्थित मुखिया ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने को कहते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया और शिक्षकों से कहा कि छात्र छात्राओं को गुनवता पूर्ण शिक्षा विद्यालय में दे। मौके पर समाज सेवी अरविंद केसरी मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार वर्मा ग्रामीणों में सुरेश मुर्मू विद्यालय के शिक्षक संग कई छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## असंतुलित होकर हाइवा घुसा तालाबनुमा गड्ढे में

**कुजू।** असंतुलित होकर कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा फोरलेन सड़क से एक हाइवा नीचे तालाब नूमा गड्ढे में जा घूसा। जिसमें चालक को मामूली चोटे आयी। बाद में घायल चालक को ईलाज के लिए अस्पातल ले जाया गया। बताया जाता है कि हाइवा संख्या जेएच24जे- 1184 उक्त फोरलेन सड़क से गुजर रहा था। इसी बीच मुरपा के पास आते अनियंत्रित होकर होकर नीचे तालाब नुमा गड्ढे में घुसा। घटना में हाइवा क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में पुलिस द्वारा हाइवा को निकालने का प्रयास किया जा रहा था।

घायलों को देखते डॉक्टर

## स्पीड न्यूज

### लंबित वारंट को जल्द करें निष्पादित



लोहरदगा। एसडीपीओ बीएन सिंह ने कार्यालय में मासिक क्राइम मीटिंग की। इस बैठक में एसडीपीओ ने थानावार कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। अपराध गोष्ठी में विगत माह विभिन्न थानों में घटित सभी संवेदनशील,महिला उत्पीड़न,हत्या,आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन,वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गई। लंबित वारंट निष्पादन में तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया। कई थानों में लंबित कांडो की निष्पादन में शिथिलता बरतने पर नाराजगी व्यक्त किया और अगले माह और तेजी लाने का आदेश दिया। बैठक में इंस्पेक्टर सीसीआर बनारसी प्रसाद, इंस्पेक्टर मंटू कुमार किस्को अंचल, थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उरांव, बगडू थाना प्रभारी पंकज शर्मा सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### डिजिटल अभियान की हुई शुरुआत



कैरो। प्रखंड के बैठक कक्ष में जेएसएलपीएस के तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता सह डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान की शुरुआत हुई। जिसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को वित्तीय सेवाओं, डिजिटल लेनदेन , और सामाजिक सुरक्षा योजना की पहुंच आसान बनाना है। यह कार्यक्रम 02 जनवरी से 23 अगस्त 2023 तक सभी सीएलएफ में होना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, बीडीओ पवन कुमार, सीओ कमलेश राम , कैरो, सढ़ाबे और गजनी के मुखिया, जिला प्रबंधक फाइनेंशियल इंक्लूजन बिट्टू खाखा एवं लाइवलीहुड बीआरपी व अन्य कैडर उपस्थित थे।

### आज से बीएस कॉलेज में वार्षिक स्पोर्ट्स

लोहरदगा। बलदेव साहू महाविद्यालय में 10 फरवरी से दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स शुरू होगा प्राचार्य डॉ शिवकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि स्पोर्ट्स में रांची विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू भी पहले दिन के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर कॉलेज के शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मियों व छात्रों ने पूरी तैयारी की है।डॉ गुप्ता ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में एथलेटिक्स के लगभग 40 प्रतियोगिताएं होंगी।करीब 300 प्रतिभागी शामिल होंगे। शुक्रवार सुबह 10 बजे स्पोर्ट्स का उदघाटन होगा।

### निर्माणाधीन सड़क को जल्द करें पूरा



लोहरदगा।उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में पथ निर्माण से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल के द्वारा संचालित योजना रोघो-महुआटोली पथ में पुल निर्माण, कुडू-चिताकोनी पथ में सफी नदी पर पुल निर्माण, हुसरू नदी पर पुल निर्माण, लावागाई-बाघा पथ में कोयल नदी पर पुल निर्माण समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई और योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये।ग्रामीणों की ओर से ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत पथों की वर्तमान स्थिति व मरम्मति से संबंधित प्राप्त आवेदनों की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त पथ प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निर्माणाधीन पथों की समीक्षा की गई व जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय उच्च पथ अभियंता को राष्ट्रीय उच्च पथों में पड़नेवाले विद्यालयों के समीप रंबल स्ट्रिप लगाये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल लोहरदगा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, ग्रामीण कार्य विभाग और राष्ट्रीय उच्च पथ के अभियंता उपस्थित थे।

### सभी लाभुकों का आधार करें अपडेट



भंडरा । बाल परियोजना कार्यालय के प्रांगण में प्रवेक्षिका नीलम मिंज की अध्यक्षता में बैठक हुई। नीलम मिंज ने सभी सेविकाओं को कई जनउपयोगी निर्देश दिए, उन्होंने सभी सेविकाओं से समय पर केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए । साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र प्रातः 8:00 से 1:00 बजे तक चलेंगे। जिसमें सभी सेविकाओं की उपस्थिति अनिवार्य दर्ज करने का निर्देश दिया गया वही विगत दिनों में सेविका पर केंद्र में नहीं पहुंचने का आरोप को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने उक्त सेविका को फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा एवं समय पर केंद्र पहुंचने का निर्देश दिए । प्रवेक्षिका ने सभी सेविकाओं को अपने अपने पोषक क्षेत्रो में सभी लाभुकों के आधार अपडेट करने करने का निर्देश दिया । मौके पर प्रवेक्षिका नीलम मिंज, पुष्पा उरांव,माया देवी,शिला देवी सहित प्रखंड की सभी सेविकाएं उपस्थित थी।

### पुल निर्माण के दौरान ठेकेदार ने बिना अनुमति के काटा पेड़, रैयत ने दिया ज्ञापन

लोहरदगा। बगडू थाना क्षेत्र के बेट हट सतपारा गांव निवासी भुनेश्वर राम बराई उर्फ वैधनाथ राम बराई ने जिले के ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग में कार्यपालक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपकर पुल निर्माण में गलत तरीके से उनके निजी जमीन पर गार्डवाल निर्माण करने और उस जमीन पर स्थित दो हरे भरे जामुन पेड़ काटने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा कि विभाग द्वारा निविदा के माध्यम से बेटहट सतपारा से ओयना टोंगरी जाने वाले पथ में पुलिया एवं गार्ड वाल का निर्माण संवेदक राजेश अग्रवाल के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें भुनेश्वर राम बराई के निजी जमीन का खाता- 191 प्लॉट- 1266 के आंशिक भाग एवं खाता सं0- 196 प्लॉट सं0-1261 का भाग पर सड़क एवं गाईवाल बनाया जा रहा है। उनके द्वारा मना करने पर भी काम को बन्द नहीं करते हुए जबरदस्ती निर्माण किया जा रहा है तथा जमीन पर अवस्थित हरा जामुन का दो पेड़ को भी काट दिया है। क्योंकि में एक गरीब एवं कमजोर परिवार से सदस्य हूँ। ठेकेदार से कार्य स्थल पर जाकर काम बंद कराने का भी आग्रह किया गया लेकिन वो नही माने ,इसलिए आवेदन के माध्यम से आग्रह कर रहा हूँ कि मेरा जमीन पर किये जा रहे कार्य को अविलंब बन्द कराते हुए अतिक्रमित जमीन का मुआवजा दी जाए। अन्यथा बाध्य होकर न्याय के लिए न्यायालय जाने के लिए मजबूर हो जाऊंगा।

# गुमला में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**ऑल्टो कार से बचने के क्रम में बाइक सवार तीनों युवक सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से टकराये रायडीह थाना क्षेत्र के मांझाटोली के रहने वाले हैं सभी युवक**

खबर मन्त्र संवाददाता



घायल युवक का इलाज करते चिकित्सक।

गुमला। तेज रफ्तार बाईक चलाने के कारण गुरूवार को तीन युवकों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा। बाईक की रफ्तार इतना अधिक था कि चालक उसे नियंत्रित नहीं कर पाया और अल्टो कार से बचने के क्रम में घर बनाने के लिए सड़क किनारे रखे ईंट से जा टकराये। जिसे घटनास्थल पर ही दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जो इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया। मामला गुमला थाना क्षेत्र के करौंदी के समीप की है। मृतकों में कुलदीप खलखो पिता पियूष खलखो, अमन बेक पिता सुधीर बेक व आकाश बेक पिता फागु उरांव के नाम शामिल है। तीनों युवक रायडीह थाना क्षेत्र के मांझाटोली के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक बाईक में सवार होकर गुरूवार को गुमला किसी काम से आ रहे थे। इसी दौरान करौंदी में संचालित अस्पताल के पास अल्टोकार से बचने के क्रम में रोड किनारे रखे ईंट की ढेर से जा टकराये। टक्कर इतना जबरदस्त था कि घटनास्थल पर ही कुलदीप खलखो व अमन बेक की मौत हो गई जबकि घायल आकाश बेक को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। जहां इलाज के क्रम में आकाश ने दम तोड़ दिया। इधर घटना की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे थे। जहां मृतकों के शव को देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### मयूरी ट्रस्ट जिले में शैक्षणिक कार्यो को दे रहा है बढ़ावा : बसंत



गुमला। मयूरी ट्रस्ट गुमला एवं मयूरी चैताली कॉलेज के द्वारा गुरुवार को वीर शहीद तेलंगा खड़िया के जन्म स्थली आदर्श ग्राम मुरगू में शहीद तेलंगा खड़िया की जयंती मनायी गयी। तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मयूरी ट्रस्ट के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि सामाजिक संस्था मयूरी ट्रस्ट के द्वारा लोगों की सुविधा के लिए शैक्षणिक कार्यों को बढ़ावा दे रही है। ट्रस्ट के सचिव चैताली सेनगुप्ता ने कहा है कि स्वतंत्रा सेनानी तेलंगा खड़िया का जन्म 18 सो 6 ईस्वी में मुर्गु गांव में हुआ था। इनका जब जन्म हुआ था उस समय भारत देश गुलामों की जंजीरों में अंग्रेजों का गुलाम था।

# राशन डीलरों को सरकार दे 50 हजार रुपये : देवघरिया

**ग्यारह सूत्री मांग को ले जन वितरण दुकानदारों ने दिया धरना, पीएम व मुख्यमंत्री के नाम का डीसी को सौंपा ज्ञापन**




गुमला। फेयर प्राईस शॉप डीलर एसोसिएशन ने गुरुवार को ग्यारह सूत्री मांग को लेकर कचहरी परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपायुक्त को प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा। मांग पूरा नहीं होने पर एसोसिएशन ने जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अरखिता नंद देवघरिया ने कहा कि जनवितरण प्रणाली के विक्रेता सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत अनुपालन धरातल पर करते हैं। लेकिन महंगाई के युग में नाम मात्र के कमीशन से परिवार का भरण पोषण करना संभव नहीं है। सरकारी कर्मी की तरह कार्य करते हुए भारत सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरा कर रहे हैं। एसोसिएशन के द्वारा गरीब लाभुकों के हित में एनएफएसए कार्डधारियों को पीएमजीकेएवाई के अतिरिक्त पांच किलोग्राम खाद्यान्न की आपूर्ति करने, राशन डीलरों को न्यूनतम मासिक आय पचास हजार रूपये देने, केंद्र सरकार के द्वारा नियुक्त वर्ल्ड फुड प्रोग्रामकी सिफारिशों के अनुसार 764 प्रति क्विंटल का न्यूतम कमीशन लागू करने, ई पोश मशीन के माध्यम से राशन वितरण करने के लिए केंद्रीय खाद्य राज्य मंत्री के बयान का अनुपालन में ग्राहकों का पीड़ा व उत्पीड़न को कम करने, चावल गेहूं च चीनी में एक किलो प्रति क्विंटल परिचालन नुकसान देने, खाद्यान्न की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए जूट के बोरे में खाद्यान्न आपूर्ति करने, राजस्थान सरकार की तर्ज पर कोरोना में मृत राशन डीलरों को 50 लाख रूपया मुआवजा देने सहित कई मांग शामिल है। इस अवसर पर सचिव तनवीर नाज, श्याम बिहारी शुक्ला, निजाम खान, शिव कुमार राम, दिनेश्वर साहु, भूपेंद्र बड़ाईक, अश्विनी नाग, मनोहर साहु, अभय कुमार चौधरी, चंद्रमोहन साहु, होशियाना तिर्की, अर्जुन साहु, बसंत साहु, सुषमा तिर्की, रोजालीन तिर्की, रामकुमार साहु, रमेश केसरी, गणेश केसरी आदि उपस्थित थे।

### शिव व हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



गुमला। मुरकुंडा पुरना टोली में जनसहयोग से निर्मित श्री शिव हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम गुरवार को आरंभ हुआ। जिसको लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। प्रयाग राज से आये पूजक गंगाधर मिश्रा व उड़ीसा के पुरी से पहुंचे पूजक सुशांत मिश्रा के नेतृत्व में जोलो कोयल घाट से सैकड़ो की संख्या में महिला व बहनों द्वारा पूजा अर्चना कर कलश में जल उठाया गया। जहां से कलश लेकर जयकारे लगाते हुए महिलाएं मंदिर परिसर पहुंची। जहां पुरोहितों ने कलश की स्थापना करायी। जिसके बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हुआ। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पूजा में एक दर्जन यजमान शामिल हुए। पूजन के बाद हवन आरती व प्रसाद वितरण किया गया। आचार्य गंगाधर मिश्रा ने कहा विश्वकल्याण और मानव मात्र की शांति के लिए इस मंदिर का स्थापना किया गया है। भक्तों द्वारा स्थापित इस मंदिर से लोगों का कल्याण होगा। दो दिनों तक होने वाले पूजन समारोह को लेकर पुरना टोली के साथ आसपास के टोला में भक्ति का माहौल है। प्राणप्रतिष्ठ समारोह में पहुंची जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने मंदिर समिति के लोगो को बधाई देते हुए कहा कि काफी दिनों से इस मंदिर के स्थापना को लेकर प्रयास किया जा रहा था और आज ईश्वर की मर्जी से आपसी जनसहयोग से पूरा हो रहा है। ईश्वर सभी मानव जाति का कल्याण करे। मौके पर हीरा प्रसाद, विनय साहु, गजेंद्र प्रसाद, सावित्री मेहता, मनोज साहु, दिनेश प्रसाद, कर्मद्यान महतो, राजेश भारती, विष्णु प्रसाद,सिकेन्द्र साहु, रामस्वरूप प्रसाद, दिलेश्वर प्रसाद,संतु महतो सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

### स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कार्यशाला सह प्रशिक्षण

गुमला। गुमला प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशिनी केरकेट्टा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 पर कार्यशाला सह प्रशिक्षण हुआ। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया, जल सहिया, पंचायत सचिव की उपस्थिति में ठोस एवं तरल अपशिष्ट ,मलयुक्त कीचड़ प्रबंधन के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मलयुक्त कीचड़ प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, गोबर गैस प्लांट एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत ली जाने वाली सभी योजनाओं का कार्य योजना 17 फरवरी तक सर्वे कर जमा करने का निर्देश दिया गया। इस योजना के तहत सभी जलसहिया को प्रपत्र 1 से लेकर 8 तक को समझाया गया तथा चलचित्र के तहत बताया कि आपके गांव एवं पंचायत में किस तरह से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज2 का कार्य को किया जाएगा ।

# सड़कों पर बाइक स्टंट रोकने की मांग

**छात्राओं के साथ मनचले युवक करते हैं छेड़खानी : मिशन बदलाव**




एसपी को ज्ञापन सौंपने पहुंचीं मिशन बदलाव की सदस्य।

गुमला। मिशन बदलाव गुमला के सदस्यों ने एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर सड़कों पर नाबालिग बच्चों के द्वारा बेतरतीब व तेज वाहन चलाने की शिकायत की। साथ ही सड़क पर बाइक से स्टंट करने की बात कही है। जिसे स्कूल जाने वाले बच्चे-बच्चियों में भय बना रहता है। वहीं नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया है। मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन, जितेश मिंज ,नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा नगर सचिव ज्योति गलोरिया कुजूर और विनय गोप ने संयुक्त रुप से कहा कि ऐसे मोटरसाइकिल चालकों के वजह से स्कूल जाने वाले लड़कियों को भी छेड़खानी एवं अन्य परेशानी का सामना करना पड़ता है। सैयदा खातून ने बताया कि आज स्कूल जाने वाली लड़कियां बहुत असहज महसूस कर रही है। इनकी सुरक्षा को ध्यानपूर्वक देखते हुए नाबालिग मोटरसाइकिल चालकों पर रोक लगाने की आवश्यकता है और मनचले युवाओं के उपर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज करने की अपील की गई। तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले युवाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। स्कूलों के छूटी होने के बाद स्कूलों के अगल बगल मनचले युवाओं एवं नाबालिग का जमावड़ा लगा रहता है और लड़कियों को असुरक्षा का भाव लगा रहता है। इसलिये स्कूलों के आस पास प्रतिदिन पेट्रोलिंग भी बढ़ाया जाए।

# लोहरदगा का लाल तुर्किये में राहत कार्य में जुटा

रोशन कुमार



तुर्किये के राहत बचाव दल के साथ अभय कुमार।

**बीएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात अभय कुमार एनडीआरएफ टीम के साथ पहुंचे तुर्किये**

लोहरदगा। जिले के लाल तुर्किए में आए प्राकृतिक आपदा भूकंप के बाद राहत कार्य में भारत से भेजे गए एनडीआरएफ टीम के साथ लोगो के मदद में जुटा हुआ है ।शहर के पतराटोली निवासी रामजी प्रजापति और कुमुद देवी के पुत्र अभय कुमार बीएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है ।जो फिलहाल एनडीआरएफ में तैनात है ।सोमवार को तुर्कीय और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में हजारों लोगों की जान चली गई है वही काफी संख्या में अभी भी लोग मलबो में दबे हुए है इस घटना के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोस्ती की भावना और मानवता को देखते हुए राहत सामग्रियों के साथ एनडीआरएफ की बड़ी टीम को तुर्किय के लिए, भेजा है ।जिसमें जिले के अभय कुमार एनडीआरएफ टीम के साथ शामिल है। अभय ने बताया कि तुर्कीए के नुर्दगा शहर में उनकी टीम बचाव व राहत का कार्य में जुटी हुई है। भीषण ठंड के बाद भी वो लोगो सुबह से राहत कार्य में जुट जाते है जो देर रात तक चलता है भारत से आए एनडीआरएफ की टीम पूरे तरह से आधुनिक यंत्रों के साथ यहां पहुंची है जो मलबो के अंदर जिंदे बचे लोगो को जानकारी के साथ साथ शव की भी जानकारी देती है जिसके बाद वहा मलबे हटाकर लोगो को निकालने की काम में जुट जाते है। अभय ने खबर मंत्र से बात करते हुए बताया कि स्थिति बहुत ही भयावह है।लोग काफी डरे सहमे हुए है। हजारों भवन मलबे में तब्दील हो गए है लोग अपनो को ढूंढने के लिए परेशान है। उन्होंने बताया कि सुबह से लोगो के बचाव अभियान में तुर्किय के स्थानीय प्रशासन के साथ भारत की एनडीआरएफ की टीम जुट जा रही है। सोसायटी के सोसायटी जमींदोंज हो गए है इस आपदा में ,जिसके चलते काफी संख्या में लोगो के दबे होने का अनुमान है।राहत दल कोशिश कर रही है जो भी जिंदा ये मुर्दा है उन्हें जल्द से जल्द मलबे से बाहर निकाला जाए।

## एक नजर में

### स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है : बीडीओ



घाघरा। विकास भारती बिशुनपुर ने घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उदघाटन बीडीओ विष्णु देव कच्छप, विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का, टाना भगत इंटर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य विपिन बिहारी सिंह ने संयुक्त रूप से किया।चिकित्सक द्वारा 18 वर्ष से कम आयु के 50 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया। चिकित्सक द्वारा कुपोषित बच्चों को दवा के साथ-साथ बेहतर खानपान की सलाह दी। बीडीओ ने बच्चे को दवा भी पिलाया। उन्होंने ने कहा कि विकास भारती बिशुनपुर द्वारा लगातार कई सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाता है। मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है हम सभी को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। स्वस्थ से बड़ा कोई धन नहीं है आप खुद को स्वच्छ रखें और स्वस्थ रहें ।इस मौके पर हिरण नायक, राजू सिंह तोमर सहित कई बच्चे उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने शहीद तेलंगा खड़िया की मनायी जयंती



गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यो ने गुरूवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में वीर शहीद तेलंगा खड़िया का जयंती मनायी। शहीद तेलंगा खड़िया की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ कांग्रेसी मो. आशिक अंसारी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया का जन्म गुमला जिला के मुरगु ग्राम में हुआ था और 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजो के खिलाफ जंग छेड़ रखा था। सांसद प्रतिनिधि चुमनु उराँव ने कहा कि उनकी विरता की गाथा आज भी खड़िया लोकगीतों में गायी जाती है। इस अवसर पर अरूण कुमार गुप्ता, शाहजहाँ अंसारी, राजु महतो, मो रफी अली, दीपक कुमार, मनसुब अंसारी, मो शदाब मो मुमताज ,आशवीन लकडा, मो मुस्ताक और अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### डीलरों के समर्थन में उतरे पूर्व चैंबर अध्यक्ष

गुमला। फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर तीन दिन से जिले की सभी जन वितरण दुकानें बंद है। गुरूवार को दुकानदारों का एक दिनी धरना प्रदर्शन भी संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने समर्थन किया है। कहा है कि सरकार डीलरों की मांगों को पूरा करने की दिशा में पहल करें। उन्होंने कहा कि दुकानें बंद रहने से जिले के लाखो कार्डधारियों को राशन नहीं मिल पाया है। कई गरीब तबके के लोगों के घरों का चुल्हा राशन की खाद्य सामग्री पर ही आश्रित है। यदि डीलरों की मांग पर पहल नहीं किया गया, तो आगे वे पुनः आंदोलन की ओर बढ़ेंगे। इससे गरीबों को ही परेशानी होगी।

### अपराध मुक्त समाज के लिए नैतिक शिक्षा जरूरी



गुमला। दिन प्रतिदिन समाज में बढ़ती हिंसा एवं अपराध एक चिंतनीय विषय बनता जा रहा है। नैतिक शिक्षा के द्वारा अपराध मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। हम विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन समाज में फैली हुई दुर्भावना और हिंसा चिंता का सबब बनता जा रहा है। आज समाज देश और विश्व की स्थिति को हम देख रहे हैं। भौतिक विकास तेजी से हो रहा है। भौतिक विकास से समाज विकसित नहीं होता बल्कि नैतिक शिक्षा से समाज का विकास होगा। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे हुए राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कही। वे गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और राजकीय मध्य विद्यालय गुमला में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित हिंसा व अपराध एवं नैतिक शिक्षा विषय पर अपना उदगार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा से ही मानवीय मन में रचनात्मक और सकारात्मक चेतना का विकास होता है। नैतिकता से हमारे व्यवहार संस्कार में निखार आता है। भगवान भाई ने कहा कि नैतिक शिक्षा से समाज में फैली हुई ईर्ष्या घृणा नफरत वैर विरोध और अहंकार को नष्ट किया जा सकता है।

### गुमला में फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल



गुमला। फायर सेफ्टी को लेकर गुरुवार को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में अग्निशमन विभाग के द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आग लगने के बाद बचाव व आग पर काबू पाने के तरीको की जानकारी दी गई। इस जागरूकता कार्यक्रम में काफी संख्या में जिले के अधिकारी व लोग शामिल हुए। मौके पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि आग से बचाव के कई तरीके हैं लेकिन जागरूकता के अभाव में लोग वे कर नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए लोग बालू , पानी व अन्य चीजों का प्रयोग सामुहिक भागीदारी से कर आग पर काबू पा सकते हैं। वहीं छोटे चीजों पर आग लगने पर कंबल आदि का उपयोग कर उसे रोका जा सकता है।

### 37 व्यवसायियों को मिला लाइसेंस

गुमला। रायडीह प्रखंड के सभागार में फूड लाइसेंस एंड रजिस्ट्रेशन कैंप लगा। शिविर में करीब 37 की संख्या में खाद्य व्यवसायी भाग लिए। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला के द्वारा सभी खाद्य व्यवसायियों को निर्देश दिया गया कि अपने प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखेंगे कोई भी मिलावट इत्यादि नहीं करेंगे। व्यवसाय रजिस्ट्रेशन निबंधन निश्चित रूप से कराएंगे।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यशाला

गुमला। प्रखंड कार्यालय परिषर के सभागार में गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन फेस दो के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला हुआ । बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि और पंचायत के कर्मी सभी जगह का चयनित कर सुपी उपलब्ध कराएं ताकि ठोस एवं तरल कचड़ा के प्रबंधन, सेफ्टी टैंक शौचालय सहित अन्य जो भी कमियां है उसे जिला में होने वाले बैठक में प्रस्तुत कर कार्य की स्वीकृति लिया जा सके।

## न्यायालय

सिविल जज, सिनियर डिविजन, वन गुमला। टा.सुट नं.-32/2015

जॉय प्यारा बारला - वादी

बनाम

श्रीमति दीप्ति डहंगा वैगरा-प्रतिवादी गण।

नोटिस प्रतिवादी स.- 3 व 4

(3) संदीपा बारला पिता स्व. चौन्हास बारला

(4) श्रीमति मधु होरो पति विजय होरो दोनों निवासी ग्राम- दुन्दुरिया आनन्दपुर थाना व जिला गुमला।

स्थाई पता- खिजुरिया टोली बरियातु थाना बरियातु मोराबादी जिला रांची।

वजरिये इस नोटिस के माध्यम से आप दोनों को सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपके विरुद्ध इस न्यायालय में बंटवारा वाद दायर किया गया है। जिसमें आपलोगों की उपस्थिति अनिवार्य है ताथा आपलोगों को उपस्थिति हेतू न्यायालय द्वारा नजारत व निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया परंतु आपलोग आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। अतः आप दोनों इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि आपलोग दिनांक 10-3-23 को समय 11 बजे या उसके पूर्व न्यायालय में कार्य अवधि में स्वयं से व अपने अधिवक्ता के माध्यम उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलाई जाएगी। इसे सख्त ताकिद जाने।

इस नोटिस आज दिनांक 8-2-23 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर से जारी किया गया है।

**सिविल जज सिनियर डिविजन, वन गुमला।**

## बोले पूर्व सीएम रघुवर दास- झामुमो कांग्रेस गठबंधन का मिशन है कमीशन

# जनसेवा और अंत्योदय है भाजपा का लक्ष्य

**भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला कार्यसमिति में बूथ मजबूती पर पार्टी का फोकस, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रांतीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने संगठन मजबूती पर दिया जोर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर की जिला कार्यसमिति बैठक गुरुवार को एमजीएम मंडल अंतर्गत एनएच 33 स्थित डॉल्फिन क्लब एंड रिसोर्ट में संपन्न हुई। महानगर महानगर अध्यक्ष गूँजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित चतुर्थ कार्यसमिति बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रांतीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत अन्य वरीय नेतागण मुख्यरुप से शामिल हुए। जिलाध्यक्ष गूँजन यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महानगर द्वारा किये गए सांगठनिक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने पिछले दिनों में पार्टी के कार्यों एवं प्रयासों की जानकारी दी। वहीं, जमशेदपुर महानगर अंतर्गत सभी बूथों की स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना पर उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी 11 फरवरी को पार्टी के पितृपुरुष श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को सभी बूथों पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इससे पहले, बैठक में शामिल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रांतीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिलाध्यक्ष गुँजन यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मु समेत अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यकताओं ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकने वाले अमर शहीद तेलंगा खड़िया जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए संबोधन की शुरूआत की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकने वाले अमर शहीद तेलंगा खड़िया जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय नेतृत्व ने 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। कहा कि 2014 में जब देशवासियों के आशीर्वाद और विश्वास से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तबसे देश में जातिवाद, वोट बैंक और परिवारवाद की राजनीति का अंत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब देश में विकास और सुशासन की राजनीति की



शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8 वर्षों के शासन में समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास हुआ है। 11 करोड़ इज्जत घर (शौचालय) का निर्माण, 9 करोड़ो लोगों को उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन, पीएम आवास योजना में तीन करोड़ परिवार को पक्के मकान समेत घरों में नल से जल पहुंचाने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि जनता के आशा एवं आकांक्षा के अनरूप कार्य करना है। कहा कि संवाद, संपर्क और समन्वय के आधार पर केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का कार्य करें और लाभुक से संपर्क करें। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस राज्य में पांच बार झामुमो का मुख्यमंत्री बना। परन्तु आदिवासियों के हितों की चिंता ना कर सोरेन परिवार ने सिर्फ अपनी चिंता की। झामुमो को झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी बताते हुए कहा कि शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झूठ बोलकर युवाओं को ठगने का कार्य किया। कहा कि हेमंत सरकार अबुआ राज के नाम जनता का हक मार रही है और भाई को भाई से लड़ाने का षड्यंत्र कर रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस सरकार का मिशन है कमीशन। एक हजार करोड़ के अवैध खनन में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि जेल में हैं। हेमंत सरकार ने तीन वर्ष में इस राज्य को कटमनी, कमीशन खोर और सिंडीकेट के हवाले कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने 2015 में किसानों, व्यापारियों एवं आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए मंडी शुल्क को झारखंड में समाप्त कर दिया था। किंतु हेमंत सरकार ने कमीशनखोरी को बढ़ावा देने के लिए झारखंड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन 2022 के माध्यम से पुनः 2 प्रतिशत मंडी शुल्क लगा दिया है जो कि पूरी तरह से अव्यवहारिक है। इसे अविलंब वापस लिया जाना चाहिए। कहा कि राज्य में बदलाव की बयार चल रही है। जनता जवाब देने को तैयार है। प्रांतीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने संगठन मजबूती पर जोड़ देते हुए बूथों को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष अपने मंडल अंतर्गत सभी बूथों पर पन्ना प्रमुख एवं पन्ना समिति गठन की दिशा में कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने मंडलों में प्रवास करने का निर्देश दिया उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और राज्य सरकार की विफलता को आमजनों के बीच ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता विचारों के साथ आगे बढ़ता है। राष्ट्र निर्माण के पवित्र भाव से भाजपा कार्यकर्ता अनवरत कार्य करता है। हम सौभाग्यशाली है, इस दल में कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे है। भाजपा वंश आधारित पार्टी नहीं है। कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसमें सामान्य कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर तय करते हैं। प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुडुड ने महानगर के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को बूथ कार्यकताओं के संग नियमित रूप से सुनने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने सरल एप्प के माध्यम से डाटा प्रबंधन पर जोर दिया। सुबोध सिंह गुड्डू ने शक्ति केंद्र के सशक्तिकरण पर मंडल अध्यक्षों को कई निर्देश दिए। उन्होंने हेमंत सरकार में बढ़ते आपराधिक घटना, गिरते स्वास्थ्य व्यवस्था एवं महिला अपराध पर भी हेमंत सरकार पर निशाना साधा। बैठक में शोक प्रस्ताव हुआ पेशः बैठक में विगत दिनों में दिवंगत हुए महानगर के विभिन्न मंडलों से भाजपा कार्यकताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। बैठक के दौरान मंच संचालन महामंत्री अनिल मोदी एवं राकेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, धन्यवाद एमजीएम मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा ने किया। इस दौरान पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, विवेक विकास, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मु, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, नीरज सिंह, शंभू चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिनोद सिंह, कल्याणी शरण, राजन सिंह, मिथिलेश सिंह यादव, रमेश हांसदा, राजकुमार श्रीवास्तव, भरत सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, योगेश मल्होत्रा, अनिल सिंह, डॉ राजीव, जिप सदस्य कुसुम पूर्ति, जिला पदाधिकारी में सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, नीलू मछुआ, मंजीत सिंह, राजीव सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, मणि मोहंती, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अधिकारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष मुचीराम बाउरी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बिनानंद सिरका, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अजीत कालिंदी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद निसार समेत मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, बिनोद राय, फातिमा शाहीन, हन्नु जैन, सुनील सिंह मुंडा, संतोष ठाकुर, ध्रुव मिश्रा, सुरेश शर्मा, अजय सिंह, बबलू गोप, हेमंत सिंह, दीपक झा, संजय तिवारी, राजेश सिंह, प्रशांत पोद्दार, बरजंगी पांडेय, संजय कुमार सिंह, चंचल चक्रवर्ती, रविन्द्र नाथ सरदार, हलदर दास, सुदीप कुमार डे, त्रिदेव चटराज, दीपक पॉल, पवन सिंह, शांतनु मुखर्जी, मंटू चरण दत्ता, प्रधान महतो, अमिताभ सेनापति, निशांत कुमार, बिमल बैठा, रेणु झा, रूबी झा, राजपति देवी, श्रीराम प्रसाद, दीपक पारीख, अनमोल वर्मा, काजू शांडिल समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

स्पीड न्यूज

### कांड्रा में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

**गम्हरिया।** कांड्रा पंचायत के डोकाकुली में गुरुवार की सुबह करीब दस बजे शॉर्ट सर्किट के कारण विपिन महतो के घर में आग लग गई। उक्त आगलगी में घर में रखा वेल्डिंग मशीन, टेंट हाउस समेत घर का अन्य सभी सामान जल कर खाक हो गया। जिस समय मकान में आग लगी थी उस समय अंदर कोई सदस्य मौजूद नहीं था, अन्यथा बडी दुघर्टना घट सकती थी। जिस घर मे आग लगी थी वह घर गोदाम के रूप में इस्तेमाल होता था। जिस घर से धुआं निकल रहा था उसके पास ही स्थित ढाबा में बैठे लोगों ने देखा तो उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय समाजसेवी राम महतो को देते हुए आग को बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान वहां पहुँचे राम महतो द्वारा अमलगम स्टील कंपनी प्रबंधन से बात कर वहां से पानी टैंकर को बुलाया और पानी टंकी की मदद से ग्रामीणों ने उक्त आग पर काबू पाया।

### ब्रम्हकुमारी ने एसडीओ को किया सम्मानित

**गम्हरिया।** ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गम्हरिया शाखा में एक समारोह का आयोजन कर सरायकेला के अनुमंडलाधिकारी रामकृष्ण कुमार को पदोन्नति होने पर स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्रह्मकुमारीज की गम्हरिया शाखा प्रमुख पूनम बहन के नेतृत्व में सदस्यों ने उन्हें माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। इस मौके पर एसडीओ ने कहा कि सभी लोगों को हमेशा दूसरे असहाय व जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। उनके दिल से जो आशीष निकलता है वह लोगों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है।

### मां तुझे सलाम संस्था ने स्वास्थ्य मंत्री को दिया ज्ञापन

**जमशेदपुर।** मां तुझे सलाम संस्था द्वारा झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को एक लिखित ज्ञापन जमशेदपुर के दोमुहानी मे एक ज्ञापन दिया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में कहा गया कि जमशेदपुर के खासमहल स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में उद्योग विभाग का बुनकर सह प्रशिक्षण केंद्र है जिसमें आदिवासी,अल्पसंख्यक एवं दलित परिवार की महिलाएं यहां प्रशिक्षण लेती है। इसलिए मां तुझे सलाम संस्था की टीम झारखंड के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह करती है कि इन गरीब तबके के महिलाओं को छात्रवृत्ति 1000 से बढ़ाकर कम से कम 4000 रुपया किया जाए।

# जमशेदपुर एफसी और एटीके मोहन बागान के बीच मैच ड्रा

## जेआरडी में आईएसएल सीजन के आखिरी मैच में लौटी जेएफसी की रंगत

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग के मौजूदा संस्करण में अपने घरेलू मैदान पर जमशेदपुर बड़े समय बाद अपने प्रतिष्ठा के मुताबिक प्रदर्शन करते नजर आई। जेआरडी में इस सीजन के अपने आखिरी मैच में जमशेदपुर एफ सी बनाम एटीके मोहन बगान के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस दौरान दर्शक भी पूरे रंग में दिखे, मोहन बागान के समर्थक भी बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे थे। मैच के शुरूआत से ही दोनो टीम ने सधी हुई शुरूआत की, मोहन बगान की टीम का आक्रामक रुख मैच में जान डाल रहा था, वही जेएफसी की टीम ने अपने शानदार डिफेंस से दर्शकों का भरोसा जीत लिया। मैच के दौरान दोनों ही टीमें एक दूसरे पर हावी



दिख रही थी, लेकिन कई मौकों के बाद भी कोई टीम स्कोर नही कर सकी। पहले हाफ के ठीक पहले 45वे मिनट में जमशेदपुर ने गोल कर बढ़त लेने का मौका गंवा दिया और मैच का पहला हाफ 0-0 तक ही रहा। मैच के दूसरे हाफ में खेल और भी टक्कर का दिखा, दर्शकों के अति उत्साह के बीच दोनो ही टीमों का आक्रामक खेल बेहद रोमांच पैदा कर रहा था। लीग में चौथे स्थान पर चल रही मोहन बगान के लिए यह मैच तालिका में बेहतर स्थान पाने हेतु बेहद महत्वपूर्ण था, वही जमशेदपुर अपने 18वे मैच में अपनी दूसरी जीत तलाश रही थी। खेल की समाप्ति पर मैच बिना किसी गोल के बराबरी पर छूटा। मैच देखने 9669 दर्शक मैदान पहुंचे। वही सीजन के आखिरी चरण में जमशेदपुर एफसी का खेल अपने प्रशंसकों का भरोसा वापस जीतने वाला रहा। आईएसएल के मौजूदा सीजन में जमशेदपुर केवल एक जीत दर्ज कर सकी है। वही अब केवल दो मुकाबले खेले जाने बाकी है।

एक नजर में

### झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने परिसदन में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने परिसदन में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की । समिति के सभापति श्री जे जे गॉलस्टेन, सदस्य श्री सुखराम उरांव ने स्वास्थ्य, शिक्षा, भवन निर्माण, नगर विकास, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार, जल संसाधन, खनन, समेत अन्य सभी जिला स्तरीय विभागीय पदाधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली । बैठक में लंबित आवास योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया । समिति के सभापति ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में कहा कि बिरसानगर क्षेत्र में जेएनएसी द्वारा क्रियान्वित की जा रही शहरी क्षेत्र के गरीबों के लिए आवास निर्माण की योजना काफी सराहनीय है । वहीं कुछ संवेदकों के कारण आवास निर्माण कार्य अधूरा रहने, कहीं निर्माण के बाद हैंडओवर नहीं किए जाने पर भी असंतोष जाहिर करते हुए लंबित आवास योजनाओं को जल्द पूरा करने तथा निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके भवनों को हैंडओवर का निर्देश दिया गया । बैठक में निदेशक डीआरडीए, निदेशक एनईपी, एडीसी, डीएमओ, डीईओ समेत जिला स्तरीय अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### झारखंड स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ियों का सम्मान

**जमशेदपुर।** आज झारखण्ड स्पोटिंग क्लब के ओर से दिशोम जाहेर, करनडीह में झारखण्ड स्पोटिंग क्लब के खिलाड़ियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। ज्ञातव्य है कि सुपर डिवीजन खरअ फुटबॉल लीग के इस सत्र में झारखण्ड स्पोटिंग क्लब ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया था। इस सम्मान समारोह में सम्मानित खिलाड़ियों का नाम इस प्रकार है - दुर्गा चरण टुडू, गुमदी मार्डी, रविराज मुर्मू, बिक्रम सोरेन, मंगल टुडू, गोविन्द गोप, किशन भूमिज, मदन सोरेन, आनंद गुइयाँ, डाकसिंह सरदार, सुखलाल हेम्ब्रोम, मानु हेम्ब्रोम, करण मुर्मू, नंदू हांसदा, राजू माझी, परशुराम भूमिज है। इस समारोह का संचालन झारखण्ड स्पोटिंग क्लब के अध्यक्ष श्री रबिन्द्र नाथ मुर्मू ने किया। इस समारोह में उपस्थित सम्मानित अतिथि तथा पदाधिकारी इस प्रकार है- शिव शंकर काणडेयोंग, बहादुर किस्कू, रामचंद्र टुडू, सी आर माझी, वीर प्रताप मुर्मू, भरत सरदार, मार्क विलियम, सोहनलाल हांसदा, मंगल टुडू आदि।

# दिशोम जाहेर करनडीह के ओर से बाहा पर्व विषय पर गोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** आज जाहेर थान कमिटी, दिशोम जाहेर करनडीह के ओर से बाहा पर्व विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बाहा पर्व को मनाने का परंपरा, पूजा विधि आदि के बारे में वक्ताओं ने वक्तव्य दिया। ज्ञातव्य है कि सभी गाँव में मुलुः मोड़े माहा (शुक्ल पक्ष का पंचमी) में बाहा पर्व मनाया जाता है, जो तीन दिनों तक मनाया जाता है। आज का गोष्ठी में श्री वीर प्रताप मुर्मू ने बाहा पर्व का प्रथम दिन के बारे में वक्तव्य देते हुए कहा कि प्रथम दिन जाहेर स्थान का सफाई एवं जाहेर छत्त छाने का कार्य गाँव के अविवाहित युवकों द्वारा किया जाता है। नायके बाबा द्वारा पूजा स्थान को सफाई एवं गोबर से लिपाई किया जाता है, संध्या बेला नायके बाबा के गाँव में एकत्रित होकर रुम डकाव किया जाता है जिसमें धनुष, बाण तथा पूजा सामाग्री को मुवायना किया जाता है। बाहा पर्व का मुख्य दिन के बारे में वक्तव्य देते हुए श्री बुढ़ान माझी ने कहा प्रातः काल से ही नायके बाबा के घर में एकत्रित होते हैं, इसके पश्चात नायके बाबा को नृतीय संगीत के साथ जाहेर थान के लिए प्रस्थान करते हैं इसके पश्चात 'जाहेर थान' में पूजा अर्चना किया जाता है तत्पश्चात पूजा सोड़े खाने के बाद सभी लोग नायके बाबा से शाल फूल ग्रहण करते हैं, जिसमें महिलाएं बच्चे भी शामिल होते हैं, इसके पश्चात नाच गान का कार्यक्रम होता है। बाहा पर्व का बाद का दिन अर्थात तीसरा दिन गाँव के सभी पुरुष 'नायके बाबा' के घर में एकत्रित होते हैं तथा धनुष से प्रत्यंचा उतारने का परंपरा गीत-संगीत के साथ संपन्न किया जाता है।

## निप्पोन क्रायो कंपनी के साथ भाजपा नेता ने की मारपीट

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित निप्पोन क्रायो कंपनी के चालक मनोज कुमार राय पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री कृष्णा प्रधान द्वारा जानलेवा हमला किया गया। उक्त हमले में उनके सिर पर चोट लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची गम्हरिया पुलिस द्वारा घायलावस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में भर्ती कराया गया है। इस बावत आरोपी कृष्णा प्रधान समेत अन्य पर गम्हरिया थाना में मामला दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। इधर, इस घटना से कंपनी के कामगारों में आक्रोश व्याप्त है। कंपनी के चालक एसोसिएशन एवं कामगारों ने पुलिस से आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना के संदर्भ में बताया गया कि बीती रात करीब दस बजे अपनी ड्यूटी समाप्त कर चालक मनोज राय दुगार्पूजा मैदान से सटे अपने घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान शर्मा स्टूडियो के समीप भाजपा नेता अपने कुछ समर्थकों के साथ उन पर टूट पड़े और लाठी-डंडों से उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में चालक राय का सिर फट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि आरोपी प्रधान निप्पोन क्रायो कंपनी में ही काम करता था।

## यूसील में सामाजिक सुरक्षा को लेकर जोर पकड़ रही पेंशन की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**जादूगोड़ा।** यूसील में रिटायर्ड के बाद थर्ड बेनिफिट व मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा को लेकर पेंशन स्कीम की मांग आहिस्ता आहिस्ता जोर पकड़ने लगी जोर इधर फोर मैन स्तर के अधिकारियों को भी बीते दिनों पेंशन के दायरे में लाने व यूसील मजदूरो को वंचित किए जाने के बाद झारखंड व झारखंड के बाहर यूरेनियम प्रोजेक्ट के मजदूरों में बवाल मचा हुआ है। मजदूरों में इस बात को लेकर नाराजगी है की यूरेनियम उत्पादन में अधिकारियों के तर्ज पर मजदूर भी अहम भूमिका निभा रहे है तो रिटायर्ड के बाद उन्हें पेंशन से वंचित क्यों रखा जा रहा है। कम्पनी प्रबंधन भेद भाव न करे व अधिकारियों के तर्ज पर मजदूरों को भी पेंशन लागू करे ताकि मजदूर रिटायर्ड के बाद बेहतर जिन्दगी जी सके। यह अधिकार कम्पनी अधिकारियों तक सीमित न रहे इधर मामले की गंभीरता को भपाते हुए तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के दो मजदूर संगठनो मसलन वाई एस आर तुम्मा पल्ली यूरेनियम लेबर यूनियन महामंत्री एल अंकी रेड्डी व यूरेनियम इंप्लाइज यूनियन महामंत्री सुख नाथ रेड्डी ने पेंशन का प्रस्ताव को लेकर कंपनी के सी एम डी डॉक्टर सी के अस्नानी को आज बृहस्पतिवार को त्राहिमान संदेश भेजा है। दोनों नेताओं ने कम्पनी के सी एम डी श्री अस्नानी को भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि यूसील में फॉरमैन स्तर के अधिकारियों में ई जीरो से ई थ्री ग्रेड तक के अधिकारियों को पेंशन स्कीम के दायरे में लाया गया है। ऐसे में मजदूरों को वंचित क्यों रखा जा रहा है जबकि कार्य में ज्यादा जोखिम मजदूर उठाते है व यूरेनियम उत्पादन में मजदूरों की अहम भूमिका होती है। श्रमिक नेताओं ने कम्पनी के सी एम डी की लिखे पत्र में यूसील कम्पनी कर्मियों को भी पेंशन स्कीम का लाभ जितना संभव है देखकर दिया जाय इस बाबत उन्हें पेंशन स्कीम से भी अवगत कराया जाय।

# जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के पोस्ट बजट सत्र के पांचवें दिन युवाओं के अवसर और सप्तऋषि की चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** यूनिवर्सिटी के कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट के द्वारा 3 फरवरी से 10 फरवरी के बीच आयोजित किये जानेवाले पोस्ट बजट चर्चा के छःदिवसीय कार्यक्रम के पांचवें दिन पोस्ट बजट चर्चा 2023-24 सत्र में अतिथि वक्ता सीए श्वेता जियोल, सीएस शिखा नरेदी ने ज्ञानवर्द्धन किया। प्रॉक्टर डॉ. सुधीर कुमार साहू और डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा शरण ने बजट पर प्रकाश डाला और अतिथि वक्ता का परिचय दिया। अतिथि वक्ता सीएस शिखा नरेदी ने केंद्रीय बजट 2023 पर जोर दिया जिसमें उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था पर कैपिटा आय, बजट में महिलाओं की भूमिका, भारत के बजट का इतिहास, अमृत काल, कोविड 19 के बाद बजट पर प्रभाव, डिजिटलीकरण के बारे में चर्चा की। भारत में मजबूत और स्थिर मैक्रो इकोनॉमी का माहौल, युवाओं के लिए अवसर, सप्तऋषि, प्रधान मंत्री द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाएँ, भारत में 5जी और एआई की वृद्धि, डिजिलॉकर्स का उपयोग, एमएसएमइ, ग्रीन क्रेडिट कार्ड इत्यादि। दूसरी अतिथि वक्ता सीए श्वेता जियोल ने भारत में कराधान नीति, प्रौद्योगिकी योजना, पीएम कौशल विकास योजना, लघु बचत योजना, आय के 5 प्रमुख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर आदि के बारे में जानकारी दी। छात्राओं के अनुसार सत्र बहुत ही ज्ञानवर्द्धक था। धन्यवाद ज्ञापन डॉ ग्लोरिया पूर्ति ने किया। प्राध्यापकों में डॉ छगन अग्रवाल, अमित गुंजन और राजीव झा भी मौजूद थे।



# सांसद ने लोकसभा में जंगली जानवरों से हो रही जानमाल की क्षति का मामला उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जंगली जानवरों के आतंक से हो रही जान-माल की क्षति से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू एवं गढ़वा जिला में आजकल जंगली जानवरों का आतंक इस कदर बढ़ा हुआ है कि लोग अपना घर द्वार छोड़कर एक जगह एकत्रित होकर रात गुजारने के लिए विवश हो गए हैं। गढ़वा जिला के रंका, रमकंडा, चिनियां, भंडरिया एवं बड़बड़ प्रखंड में एवं पलामू



जिला के सतबरवा प्रखंड में तेंदुए का आतंक फैला हुआ है। तेंदुए द्वारा अब तक दो लोगों का जान मार दिया गया और एक व्यक्ति तथा एक बच्चा अस्पताल में इलाजरत है।वन विभाग के द्वारा इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है तेंदुए को पकड़ने के लिए महाराष्ट्र से एक शिकारी को भी बुलाकर इस कार्य में लगाया गया है परंतु कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला है। स्थानीय वन विभाग के पदाधिकारियों का यह प्रयास नाकाफी है। इसके साथ-साथ हाथियों के द्वारा भी बार-बार बड़गड़ एवं भंडरिया प्रखंड के निवासियों के घरों को गिरा दिया जा रहा है उनके घरों में रखे अनाज को खा लिया जा रहा है एवं फसलों को बर्बाद कर दिया जा रहा है। नीलगायों का भी आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है खासकर हुसैनाबाद अनुमंडल एवं बिश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत। नीलगायों का प्रकोप तो इतना बढ़ गया है कि किसानों ने कई प्रकार की फसलों को उपजाना बंद कर दिया है क्योंकि वन विभाग के द्वारा क्षतिपूर्ति की जो राशि भी यदा-कदा दी जाती है वह अत्यंत कम होती है। सांसद ने वन एवं पर्यावरण मंत्री से आग्रह किया कि वे पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को इन जंगली जानवरों के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने का कष्ट करें। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी।

### पर्यावरणविद ने छतरपुर अनुमंडल के दो लोगों के श्राद्ध में शामिल होकर मृतक के नाम पर लगाया पौधा

# श्राद्ध में पौधरोपण से पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल

**माता-पिता के नाम पर अवश्य लगाना चाहिए पौधा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के अलग -अलग गांवों



पौधा लगाते व शपथ दिलाते पर्यावरणविद कौशल।

के दो श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर पौधरोपण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया। छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में स्व मनजीत रामऔर मुरुमदाग पंचायत के भीखही निवासी स्व हरीभुइयां के धर्मपत्नी सरती कुंवर के श्राद्धकर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। वहीं परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि लोगों को माता- पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधरोपण कर उसकी सेवा करना चाहिए।

कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया सह वीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने स्व मनजीत के असामयिक मृत्यु पर उनके घर जाकर परिजनों को न सिर्फ हर संभव मदद करने की भरोसा दिलाई बल्कि हर सुख दुख में उनके साथ खड़ा रहने की प्रतिबद्धता भी दुहरायी। मौके पर स्व मनजीत राम के पिता नरेश राम और स्व सरति कुंवर के पुत्र दिनेश भुईयां व मुरुमदाग पंचायत के मुखिया भोला सिंह डाली पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी , जुबेर अंसारी, मनोज यादव, अशोक यादव, मुकेश यादव, रामा सिंह, विकास कुमार, अमरेंद्र कुमार रवि, शमीम अंसारी, नारद भुईयां, भरथि भुईयां संतोष उरांव उपस्थित थे।

# संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल का एनुअल फंक्शन 12 को

### विद्यालय के विद्यार्थी करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल का एनुअल फंक्शन कल 12 फरवरी रविवार को मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी की जा रही है। विद्यालय के निदेशक एनके तिवारी ने कहा कि बतौर मुख्य अतिथि पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक अनिल चौधरी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत



जानकारी देते विद्यालय के निदेशक एनके तिवारी।

कुमार, बिड़ला के एचआर हेड अजीत तिवारी आदि शामिल होंगे।

## बीकेपीसीएल महुगावां में सीइओ ने किया योगदान

**मेदिनीनगर।** बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड महुगावां ऑफिस में गुरुवार को नए सीइओ राहुल कुमार ने योगदान किया। इस मौके पर अध्यक्ष अशोक चौरसिया, सचिव ब्रजेश कुमार पाण्डेय, बीओडी मेम्बर्स अवधेश चौरसिया, धीरेन्द्र चौरसिया, रविन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, उएड राहुल कुमार, अकाउंटेंट फरजाना और अन्य लोग शामिल थे।

# पुलिस से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए पहनें हेलमेट : कर्नल संजय

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा प्रदेश सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोगों से सड़क सुरक्षा नियम पालन करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग हेलमेट पुलिस से बचने के लिए पहनते है लेकिन हेलमेट हमारे जीवन के रक्षा के लिए है। बिना हेलमेट के हाल फिलहाल में हमारे आसपास में कई दर्दनाक दुर्घटनाएं घटित हुई हैं जैसे सिंदुरिया निवासी देवेंद्र कुमार सिंह का मृत्यु, कमगारपुर में दो लोगों का बाइक दुर्घटना में मौत, सिमरसोत में एक



युवक का मौत तथा दंगवार रोड, देवरी रोड, जपला छतरपुर तथा हैदरनगर रोड में भी इस तरह की घटनाएं दिन प्रतिदिन घटित हो रही है जो चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोग सड़क सुरक्षा और उससे जुड़े नियमों के बारे में जानते नहीं हैं, जिस कारण दुर्घटनाएं और हादसे होते रहते हैं। बहुत तेज स्पीड में गाड़ी चलाना,नशे में गाड़ी चलाना, ड्राइवर का ध्यान बंटाने वाली चीजें,ट्रैफिक सिग्नल तोड़ना,सीट बेल्ट नहीं लगाना या हेलमेट नहीं पहनना तथा लेन का पालन नहीं करना और ओवरटेकिंग करना। इसलिए यातायात नियमों का पालन करके सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि छोटी सी भी गलती हो जाने से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है । यातायात के नियमों के पालन के अभाव में किसी की भी जान जा सकती है जिसका खामियाजा परिवार के लोगों को भुगतना पड़ सकता है।

## धूप और बरसात में भी पहुंचने वाले ग्रामीणों को मिलेगी राहत : प्रदीप

**मनातू (पलामू)।** मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चक पंचायत के ग्राम करमाही में दो लाख 49999 रूपये से बनने वाली श्मशान शेड निर्माण कार्य को गुरुवार को शिलान्यास किया गया। शिलान्यास जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य ने कहा कि श्मशान घाट में शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शेड निर्माण होने से शव लेकर पहुंचने वाले ग्रामीणों को परेशानियों से निजात मिलेंगी। धूप बरसात जैसे मौसम में भी पहुंचने वाले ग्रामीणों को राहत मिलेगी। धूप बरसात जैसे मौसम में भी पहुंचने वाले ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

# उपायुक्त ने विद्यालय का किया निरीक्षण

### वर्ग सात की छात्राओं को वायुमंडल के बारे में बताया



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/ पांकी।** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को पांकी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डन से आवासीय विद्यालय में रह रहे बच्चियों की जानकारी ली । साथ ही विभिन्न वर्ग के छात्राओं संग अलग-अलग विषयों पर सवाल-जवाब किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने वर्ग 7 की छात्राओं को वायुमंडल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसके अलावे उन्होंने कई अलग-अलग वर्ग के बच्चियों संग संवाद किया। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने व खूब मेहनत से पढ़ाई करने की बात कही। मौके पर पांकी बीडीओ चंदन कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त श्री दोड्डे ने विद्यालय के किचन व होस्टल के अन्य कमरों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डन को किचन की साफ-सफाई रखने व बच्चियों को मेन्यू के अनुसार ही गुणवत्तापूर्ण खाना परोसने की बात कही। वहीं अकाउंटेंट को विद्यालय में निर्बाध बिजली की आपुर्ति सुनिश्चित कराने की बात कही।

# सुधा चौधरी ने कमेटी विस्तार की घोषणा की

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह जदयू नेत्री सुधा चौधरी ने पलामू जिला कमेटी विस्तार की घोषणा किया। उन्होंने अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे के मौजूदगी में जिला कमेटी एवं प्रखंड अध्यक्षों के नामों की घोषणा किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कमेटी विस्तार से पलामू में जदयू एक ऊजार्वान पार्टी के रूप में विकसित होगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के निर्देशन में पार्टी मजबूती के साथ काम करेगी। आने वाले समय में पलामू जिला ही नहीं पूरे झारखंड में जदयू अपनी पुरानी तेवर में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि कमेटी विस्तार होने से पार्टी के कार्य एवं जनहित के मुद्दों को लेकर कार्य करने में सफलता मिलेगा। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने कहा कि नए पुराने लोगों को साथ लेकर चलेंगे और जो भी कार्यकर्ता निष्क्रिय हैं उन्हें सक्रिय करते हुए पार्टी को मजबूत किया जाएगा।



पलामू जिला में दो हजार सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे बहुत ही कम समय में पूरा किया जाएगा। श्रीमती चौधरी ने जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, उपाध्यक्ष कमिश्नर सिंह,अजय कुमार सिंह, अवध किशोर सिंह, विजय सिंह, भीम मेहता, महासचिव सुरेंद्र कुमार यादव विपिन कुमार पांडे, संतोष कुमार मेहता, सचिव प्रमोद सोनी, पृथ्वीनाथ मेहता, कमलेश यादव, पंकज चौधरी, कंचन वाला शिवकांत तिवारी, देवेंद्र प्रसाद, राजपति प्रजापति, शमीम अंसारी, धीरेंद्र मेहता, निजामुद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, मीडिया प्रभारी दुर्गेश प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू देवी, प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार वर्मा, एवं पाटन प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार मेहता, पड़वा प्रखंड अध्यक्ष प्रेमचंद मेहता, छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गिरजा चंद्रवंशी, नोडिया प्रखंड अध्यक्ष किशोर विश्वकर्मा, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे, हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, इसके अलावा विशेष आमंत्रित सदस्य में सुधा चौधरी, राम तिवारी, अक्षय कुमार सिंह, संतोष तिवारी, राज नारायण पटेल ब्रह्मदेव प्रसाद, सुशील कुमार मंगलम, यशवंत सिंह, जनकधारी मेहता, शंभूनाथ दुबे जिला कार्यसमिति सदस्य में बसंत दुबे, उमेश राय, मेघनाथ मिस्त्री, रमेश पासवान, उपेंद्र चंद्रवंशी जगदीश उरांव, गोपाल मेहता रामप्रवेश यादव, मुरारी यादव, चंदन कुमार पासवान, हरिओम कुमार, अरुण प्रसाद, विजय मिश्रा के नामों का घोषणा किया गया। प्रेस वार्ता में सुरेंद्र यादव, चिंटू कुमार, अरुण गुप्ता, मनोज दुबे उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा, धार्मिक आयोजन से मिलती है सुख, समृद्धि व शांति

# श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा में श्रीमदभागवत कथा महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसे लेकर बाजे गाजे के साथ श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली।

श्रद्धालु यज्ञ स्थल से माथे पर कलश लेकर कोयल नदी पहुंचे। जहां कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पहुंचकर स्थापित किया। कलश यात्रा में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी संतोष कुमार दूबे, नगर



निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह, संतोष तिवारी उर्फ पिंकु तिवारी, विवेक कुमार, मिथिलेश दूबे, मुखिया संतोष दूबे उर्फ पपलू दूबे, पंसस प्रदीप दूबे, कृष्णामणि दूबे, रूक्मणि दूबे, फोटू दूबे अरूण दूबे, बिकेश दूबे, नारायण दूबे समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। मौके पर यज्ञ समिति के संतोष कुमार दूबे ने बताया कि यज्ञ से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है।

## क्रशर संचालकों की मनमानी से लोगों का जीना हुआ मुहाल : रविंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने कहा है कि क्रेशर प्लांट के द्वारा लगातार कई वर्षों से मनमानी किया जा रहा है। भारी वाहनो के चलने से सड़क की स्थिति दयनीय हो गयी है। लगातार ओवरलोड गाड़ियां सड़क पर बेधड़क दौड़ रही है। प्रशासन के द्वारा पानी का छिड़काव समय-समय पर करते रहने के निर्देश का भी क्रेशर संचालकों के द्वारा उल्लंघन किया जा रहा है।सड़क से उड़ती धूल के कारण सांस लेना मुश्किल होते जा रहा है। सड़क किनारे की खेत में लगे फसल धूलकण के कारण फसल लगातार बर्बाद हो रहे हैं।

# हार ही जीत की राह दिखाती है : रामाशीष

### फाइनल मुकाबले में पतासा की टीम ने उंटारी रोड को 3-2 से हराया, वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड के जोगा पंचायत के जरही टोला स्थित आजनवन खेल मैदान में आजनवन विकास समिति सह वीर भगत सिंह फुटबॉल टूनामेंट आयोजन समिति के तत्वाधान में पिछले एक सप्ताह से चल रहे फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच बुधवार को खेला गया। जिसके मुख्य अतिथि श्रम, नियोजन व खाद्य आपूर्ति सलहकार समिति के सदस्य रामाशीष यादव के साथ मुख्य वक्ता अंतराष्ट्रीय निशानेबाज अमर कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर, युवा समाजसेवी नेता अभिमन्यु सिंह, केंद्रीय सचिव आजसू इम्तेयाज अहमद को सर्वप्रथम कमिटी के लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ स्वागत करते हुए तिलक लगाकर मंचासिन कराया।



विजेता व उपविजेता टीम के बीच शील्ड प्रदान करते मुख्य अतिथि व अन्य।

जिसके बाद अतिथियों ने वीर भगत सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद दोनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल किक मारकर व कबूतर उड़ाकर खेल की शुरूआत की गई। खेल शुरू होने से मध्यांतर तक पतासा की टीम दो गोल से आगे हो गई। मध्यांतर के बाद खेल शुरू हुई तो उंटारी रोड की टीम दो गोल से बराबरी पर हो गया जिसके बाद पुनः दस मिनट का समय निर्धारित किया गया जिसमे पतासा की टीम एक गोल दागकर मैच पर कब्जा जमाया। मौके पर मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा कि खेल हमेशा खेल की भावना से खेलनी चाहिए। खेल एक सिक्के के दो पहलू हैं जिसमे कभी जीत तो कभी हार लगा रहता है हमे हार से कभी निराश नही होना चाहिए क्योंकि हार ही जीत की राह दिखाती हैं। विशिष्ट अतिथि अभिमन्यू सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत है सही मार्गदर्शन की। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा की जनता का आशीर्वाद रहा तो आजनवन खेल मैदान को स्टेडियम का रूप दिया जाएगा। मुखिया कमला देवी ने कहा कि पढाई के साथ साथ खेल भी बहुत जरूरी है। खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है और मनुष्य तनाव मुक्त रहता है। वहीं विजेता व उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने संयुक्त रूप से सिल्ड प्रदान किए। टूनामेंट को सफल बनाने में अध्यक्ष असरेश पाल,मनोज चौधरी, सचिव बैजनाथ राम, कोषाध्यक्ष विक्रम चौधरी, सलाहकार रामकृष्ण पाल, पर्यवेक्षक उदेश चौधरी, अखिलेश राम, मीडिया प्रभारी अमित चौधरी, व्यवस्थापक चंदन चौधरी, संदीप चौधरी, मनोज पाल ने अहम भूमिका निभाई।

# रविदास ने समाज में फैली कुरीतियों को मिटाया : आरडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महासभा के सतबरवा प्रखंड इकाई के द्वारा बुधवार को रात्रि में गुरु रविदास जी की 646 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन रविदास महासभा के जिला अध्यक्ष आरडी राम, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, प्रखंड प्रमुख पति युगल किशोर राम, कमलेश प्रसाद, भीष्म चौरसिया, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अमलेश चौरसिया, इंजीनियर ददन राम, कृषि वैज्ञानिक संजय कुमार समेत कई



लोगों ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष आरडी राम ने कहा कि संत शिरोमणी रविदास एक ऐसे संत थे जिन्होंने समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे एक कवि, दार्शनिक, समाज सुधारक तथा विचारक थे। वही भीष्म चौरसिया ने कहा कि गुरु रविदास समतामूलक समाज के पक्षधर थे। समतामूलक समाज के निर्माण के लिए उन्होंने हर संभव प्रयास किया। जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि बहुजन समाज में जन्मे संत रविदास ने अपने कर्म को करते हुए धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि संत रविदास की जीवनी से हम सबों को सीख लेने की जरूरत है। वही कृषि वैज्ञानिक संजय राम ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है इसलिए अपने बच्चों को अवश्य शिक्षा दें ताकि समाज की कुरीतियों को मिटाया जा सके। मौके पर मुनीराम व्यास के टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा भंडारा का भी आयोजन किया गया। वही प्रतिमाओं के साथ गुरुवार को शोभायात्रा भी निकाली गई। मौके पर मुखिया गिरवर प्रसाद राम, अजय उरांव, गुलाब भुइयां, पूर्व उप प्रमुख अशोक राम, वैद्य सुनील कुमार मिश्रा, पप्पू सिंह, रोशन कुमार, संजय यादव, नीरज पासवान, बब्लू राम, सुनील राम, निर्दोश कुमार, संजय मेहता, कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, विकास कुमार, रामेश्वर राम, अर्जुन राम, पूरनचंद कुमार, विपिन कुमार, संजीत राम, दीपक कुमार समय काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# धनबाद में लगा स्वाभिमान स्वदेशी मेला

## जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय चेतना संघ सामाजिक संस्था की ओर से जिला परिषद मैदान में आयोजित स्वाभिमान स्वदेशी मेला का भव्य उद्घाटन गुरुवार को जिला परिषद की अध्यक्षा शारदा सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष बलदेव महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण राय, अभिषेक सिंह उपस्थित हुए। जिला परिषद मैदान में 9 से 19 फरवरी तक स्वाभिमान स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया है।मेला के संयोजक धर्मजीत चौधरी ने बताया कि मेले का उद्देश्य स्वदेशी उद्योग को बढ़ावा देना एवं छोटे-छोटे उद्योग को मार्केट उपलब्ध कराना है. मेले में लगभग 80 स्टॉल लगाए गए हैं। स्टॉलो में आसाम का बम्बू से बना सामान, आगरा का ब्रास एवं पीतल, बरेली का पर्स, काथा वर्क, जूट बैग, ब्लॉक प्रिंट, भागलपुरी सिल्क, खादी के वस्त्र, बनारसी साड़ी, लखनवी चिकेन, रेडिमेड कपड़े इत्यादि वस्तुएँ बिक्री के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस, जम्पींग, वाटर पार्क की भी व्यवस्था है।मेले में कई लजीज व्यंजनों जैसे राजस्थान के व्यंजन, चाट, भेलपुरी, पानीपुरी इत्यादि के स्टॉल लगाए गए है।उन्होंने बताया मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है।11 फरवरी से 17 फरवरी तक रोजाना प्रतियोगिता करायी जाएगी।11 फरवरी को चित्रकला प्रतियोगिता करायी जाएगी।जिसमें चार श्रेणी में 6 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए स्वरूचि थीम,13 से 16 वर्ष के लिए प्राकृतिक दृश्य,17 से 21 के लिए पोट्रेट थीम होगी.वर्ग (द) में 21 से ऊपर के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।12 फरवरी को स्पन्दन रॉक का लाइव परफॉर्म और भारतीय परिधान में फैशन का आयोजन किया जा रहा है। फैशन शो में 18 से ऊपर के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।13 फरवरी को भाषण प्रतियोगिता (मोबाईल के फायदे और नुकसान ) और मेहंदी प्रतियोगिता होगी।14 फरवरी को पुलवामा की घटना में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।जिसमें पहला कदम जीवन ज्योति,धनबाद ब्लाइंड रिलीफ सोसाइटी के बच्चो द्वारा शहीद वीर जवानों के लिए गायन, एक्ट, भजन एवं कविता पाठ का कार्यक्रम होगा।15 फरवरी को सभी आयु वर्ग के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। मेला को सफल बनाने में धर्मजीत चौधरी,अब्दुल राजा कश्मी, कैफी मल्लिक, सलाहुद्दीन कमर मनोज कुमार ,बैधनाथ महतो, अर्पिता अग्रवाल,गणेश शर्मा की सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

### 16 को होगा भारतीय व्यंजन कुकिंग कंटेस्ट

16 फरवरी को भारतीय व्यंजन पर कुकिंग कोंटेस्ट का आयोजन किया गया है।प्रतिभागी अपने घर से ही खाना पकाकर लाएंगे। गार्नीशिंग करने के लिए प्रतिभागियों को 30 मिनट का समय मिलेगा.इसमें महिला - पुरुष दोनों भाग ले सकते है।17 फरवरी को क्राफ्ट प्रतियोगिता (बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट) घर से मेटेरियल लाए एवं प्रतियोगिता एवं स्थल में 1 घंटे के अंदर बनाएँ। 18 फरवरी को पुरस्कार वितरण होगा। सभी प्रतियोगिताएं दोपहर 2 बजे से करायी जाएगी। प्रतिभागियों के पंजीयन के लिए 20 रू शुल्क निर्धारित है. दिव्यांगों के लिए पंजीयन नि:शुल्क है।

# कांग्रेस का हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ अभियान को लेकर दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के निदेर्शानुसार, संगठन सशक्तिकरण व मजबूती को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में वासेपुर, पांडरपाला में हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ो अभियान को गति देते हुए बूथ स्तरीय सघन दौरा किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन सशक्तिकरण व संगठनात्मक मजबूती को लेकर कांग्रेस पार्टी जिला के सभी क्षेत्रों में निरंतर हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ो अभियान चलाकर संगठन को धारदार व सशक्त बनाते हुए पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम कर रही है,इसी कड़ी में गुरुवार को वासेपुर पांडरपाला में हाथ जोड़ो -बूथ जोड़ों अभियान के तहत बूथ स्तरीय दौरा किया गया और पांडरपाला दास टोला के बालिका मध्य विधालय में बुथ संख्या-58,59,60,61से होते हुए ऊर्दु मध्य विधालय बुथ संख्या-69,70 होते हुए भारत चौक में बुथ संख्या-50,51,52,53,54 में हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ो अभियान चलाया गया और इसी क्रम में सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ली आगे संतोष कुमार सिंह ने कहा कि संगठन के मजबूती एवं पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने को लेकर सभी प्रखंडों एवं नगरों में बूथ स्तरीय अभियान चलाई जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी ने जिला के सभी प्रखंडों-नगरों के हर बूथ में हाथ जोडो-बूथ जोडो अभियान चलाकर पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाते हुए संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर पार्टी को धारदार,सशक्त और मजबूत का संकल्प लिया है।




### मौके पर थे मौजूद

मौके पर शब्बीर अली,तबरेज खान,मो.तौसीफ राजा, मुन्ना अंसारी, राजा खान, फरमान खान,क्यूम खान, बाबू खान,शमीम खान,अफरोज कुरैशी सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## विद्यार्थी विज्ञान मंथन नेशनल में 5 विद्यार्थी डीपीएस बोकारो के

**बोकारो।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में राष्ट्र स्तरीय शिविर के लिए झारखंड से चयनित कुल 12 विद्यार्थियों में से 5 डीपीएस बोकारो से हैं। नेशनल कैंप में इस स्कूल के पांच विद्यार्थियों सहित डीएवी हजारीबाग से चार तथा होली क्रॉस हजारीबागए डीएवी बरियातू ;रांचीद्ध और डीएवी धनबाद से एक.एक विद्यार्थी चयनित हो सके हैं। डीपीएस से निर्वाणए कुणाल आनंदए स्वप्निल स्निग्धए अभिनव अभि एवं इशिता घोष तथा राज्य स्तरीय शिविर में आरुष बनर्जी ने विभिन्न रैंक प्राप्त किया। प्राचार्य डॉण् एण् एसण् गंगवार ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# सरस्वती विद्या मंदिर, बाघमारा में खुला अटल टिंकरिंग लैब

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा में अटल टिंकरिंग लैब का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मौके पर विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ,महाप्रबंधक चितरंज दास (एरिया-2) ,महाप्रबंक पियूष किशोर ,(एरिया-1), बाघमारा कॉलेज के प्राचार्य रंजन सिंह , धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडे, धनबाद जिला के मा. जिला संघचालक विशु रवानी, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष माधव सिंह, सचिव विनय कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल तथा बाल कल्याण समिति के संस्थापक अधिकारी , सदस्य उपस्थित रहें। विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। ए.टी.एल. प्रमुख आचार्य संजीत कुमार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा अटल टिंकरिंग लैब अटल इनोवेशन मिशन का हिस्सा है। इसके माध्यम से भैया- बहनों को नवीन तकनीकों से जुड़ने का मौका मिलेगा। ए.टी.एल उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति, झारखंड के माननीय सचिव महोदय ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि आज बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा देना जरूरी है। अटल टिंकरिंग लैब की विद्यालय में स्थापना होने से बच्चे प्रौद्योगिकी नवाचार से परिचित होंगे एवं विज्ञान-गणित की अवधारणा को उपकरण के माध्यम से सीखेंगे। आज तक हमारे झारखंड प्रांत में विद्या भारती के 27 विद्यालय ए.टी.एल लैब सुसज्जित हो चुके हैं। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष माधव सिंह ने अध्यक्षीय आशीर्वचन देते हुए कहा इस लैब के माध्यम से भैया-बहन आधुनिक तकनीकों से जुड़ेंगे। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडे ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा 21वीं शताब्दी में तकनीक का बड़ा महत्त्व है। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में मदद मिलेगी । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रभारी आचार्य संजय सिंह द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन नवीन कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण विद्यालय का सहयोग रहा।



## एसडीपीओ ने किया बोकार थर्मल थाना का निरीक्षण

**बेरमो।** बेरमो के एसडीपीओ सतीश चंद्र झा ने बुधवार को बोकारो थर्मल थाना का निरीक्षण कियाण यहां उन्होंने बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेश कुमार चौहान सहित अन्य एसआई तथा एएसआई पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दियाण बैठक के दौरान बोकारो थर्मल थाना में लंबित कांडों सहित दैनिक कार्यों की भी जांच व निरीक्षण किया। पत्रकारों से बात करते हुए एसडीपीओ ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। क्षेत्र में चल रहे कोयला व लोहा तस्करी पर भी पूर्णतः अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया।

# फेयर प्राइस डीलर्स एसो. के बैनर तले एक दिवसीय धरना

**धनबाद।** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरनाफेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरनाफेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना कर सरकार से कई मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन। फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश सिंह ने मीडिया को बताया कि धनबाद जिले के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत अनुपालन करते हैं इस महंगाई के युग में नाम मात्र के कमीशन पर हम अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पा रहे। सरकारी कर्मचारियों के समकक्ष कार्य करते हुए भारत सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना का संचालन कोरोना काल में कर चुके हैं। जो अभी भी जारी है। हमारे लिए भारत सरकार मानदेय की घोषणा करें जिस तरह अन्य संस्थाओं के दी जा रही है। हम सभी डीलर के पास 2जी ई पोस मशीन से लाभुकों का राशन देने में कठिनाई होती है, अतः सरकार से अभिलंब 2जी ई पोस मशीन बदलने की मांग की है।

# विजेता और उप विजेता हुए सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने ट्रॉफी पुरस्कार पाने वालों में एजीएम नितेश रंजनए सौरभ सिंह एवं वरीय प्रबंधक आनंद राज की टीमए प्रथम रनर अप वरीय प्रबंधक चन्दन कुमारए प्रबंधक शरद पीयूष एवं तनु प्रिया की टीम तथा द्वितीय रनर अप प्रबंधक सजल कुमारए अमन राजन तथा रवि रंजन की टीम व समर्थ क्विज में रनर अप टीम में प्रियंक राज एवं शिवेंद्र कुमारए 31वाँ नेशनल मैनेजमेंट गेम्स में सेकेण्ड रनर अप सुधीरए एस सरकार तथा अमित आनंदए आइमा वुमेन क्विज में रनर अप टीम में अंकिता देव एवं सोनाक्षी प्रियाए सेल स्वर्ण जयंती क्विज में विजेता टीम में डी चौधरी एवं राजीव गौतम तथा टेक क्वेस्ट क्विज 2₀0 में विजेता टीम में आनंद राज एवं ऋषि कांत गुप्ता को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर ईडी बी के तिवारीए सी आर महापात्राए एस रंगानीए अमिताभ श्रीवास्तवए जे दास गुप्ताएआर प्रसाद सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता तथा उपविजेता उपस्थित थे।निदेशक प्रभारी ट्राफी।कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक अमित आनंद ने किया।



# डोमगढ़वासी अब नहीं फाकेंगे धूलः धीरज सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** हर्ल सिंदरी मेटेरियल गेट के समीप गौशाला बलियापुर मुख्य सड़क पर बढ़ते प्रदूषण नियंत्रण को लेकर डोमगढ़वासियों ने भाजपा सिन्दरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। धीरज सिंह ने हर्ल प्रबंधन व एफसीआई की छाई उठा रहे कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा कि डोमगढ़वासी शनिवार से धूल नहीं फाकेंगे। उन्होंने दिन में पाँच बार जल छिड़काव की शुरूआत करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण से सड़कों पर चलने में दिक्कतें आ रही हैं। आसपास के घरों व दुकानों में इससे गंदगी का अंबार लग जाता है। खाने पीने के सामानों पर धूल जम जाने से व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। लोगों को साँस की बिमारियों से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 10 फरवरी से हर्ल व बीआरसी कंपनी दिन में पाँच बार जल छिड़काव करें, अन्यथा शनिवार से डोमगढ़वासी उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। वयोवृद्ध डोमगढ़वासी श्याम बहादुर सिंह व अमित कुंडू ने बताया कि आए दिन हर्ल मेटेरियल गेट से आने जाने वाली गाड़ियों व छाई ढोनेवाले वाहनों से प्रदूषण हो रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को विभिन्न प्रकार की बिमारियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन को चाहिए कि जल छिड़काव कर इससे डोमगढ़वासियों को निजात दिलाया जाए। सड़क पर छाई गिराकर ले जाते हाइवा संख्या जे एच 10 सी एम 0749 चालक ने बताया कि एफसीआई की छाई दामोदर नदी किनारे से उठाकर गौशाला कांटा घर में वजन के लिए लेकर जा रहे हैं। कभी कभी अतिरिक्त छाई गाड़ियों से गिर जा रही है। उन्होंने बताया कि बाबूलाल अग्रवाल की बीआरसी कंपनी की गाड़ियों से रिशु अग्रवाल की आर आर कंपनी यह छाई ढोने का काम कर रही है।



### प्रदर्शन में थे शामिल

प्रदर्शन में डॉ चाँदसी, अमित कुंडू, श्याम बहादुर सिंह, प्रकाश श्रीवास्तव, ज्वाला प्रसाद, अनिल साह, पप्पू अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मानिक, रोबिन, सपन कुंडू, श्यामल दा, श्री राम जी, मिथुन बाल्मीकि, राजू सिंह, भोला कुंडू, सुभाष सरकार, लखु यादव, मुजाहिर आलम, मिंटू खान उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बंद पड़े केएफएस फैक्ट्री में मिला युवक का शव

**कुमारधुबी।** बुधवार की शाम 5 बजे से लापता फिटर लाइन निवासी राजेश प्रसाद उम्र (22) वर्ष का शव बंद पड़े केएफएस फैक्ट्री में मिला। घटना की सूचना सुबह 6 बजे आसपास के लोगों ने जब शोच करने के लिए आए तो देखा कि राजेश प्रसाद युवक का शव पीले रंग की लेलून की रशशी से पेड़ से झूलता हुआ मिला। घटना की सूचना पर कुमारधुबी बाजार के समाजसेवी व मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, स्थानीय लोग एवं कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। मृतक घर का इकलौता वारिस था, उसके अलावा उसकी दो बहनें तथा मां पिता विश्वकर्मा प्रसाद हैं। 1 बहन जिनकी शादी हो गई है। पिता डीवीसी में होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के पिता विश्वकर्मा प्रसाद ने बताया कि बुधवार की शाम 5:30 यह बोलकर निकला कि वह अपने दोस्त से मिलकर आ रहा है। उसके बाद वह घर नहीं लौटा।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी स्टेशन के पश्चिम वे ब्रीज के पास ट्रेन की चपेट में आ जाने के कारन झोपड़पट्टी निवासी 55 वर्षिय रवि मल्लिक उर्फ मामा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जीआरपी कुमारधुबी ने शव को कब्जे में कर लिया है।स्थानिय लोगों ने बताया कि रवि बुधवार की रात्रि शौच के लिए रेलवे लाइन पार रहा था उसी दौरान अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया।

### दुर्गापुर पंचायत में ग्राम सभा आयोजित

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत दुर्गापुर पंचायत में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत पंचायत सचिवालय भवन के सभागार में मुखिया अमरेश कुमार महतो की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सड़कए नालीए गार्डवालए पेयजलए स्वच्छताए सिंचाई कूप निर्माणए आजीविका के साधन आदि से संबंधित योजनाओं का प्रस्ताव ग्रामीण द्वारा लिया गया। मौके पर पंचायत सेवक भकतू तूरीए पंसस अंजू देवीए रोजगार सेवक रजनीश राकेशए उपमुखिया पंचानन महतोए वार्ड सदस्यए कुंती देवीए संजू देवीए विनिता देवीए सोनी देवीए बबीता देवी, समेत दर्जनों महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### मधुमक्खियों के हमले में चार लोग घायल

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी स्थित रीजनल कॉलोनी में बुधवार को मधुमक्खियों ने राहगीरों पर अचानक हमला कर दियाण जिससे सीसीएल के सेंट्रल अस्पताल ढोरी मे कार्यरत डीजी ऑपरेटर मांगू महतो व उनका पुत्रए समाजसेवी राजीव महतो सहित आशा देवी नामक महिला भी घायल हो गयीण मधुमक्खियों के हमले में घायल लोगों ने अस्पताल में उपचार करायाण सभी लोग खतरे से बाहर है। समाजसेवी राजीव महतो ने बताया कि कॉलोनी स्थित पीपल पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता लगा थाण वे लोग सड़क से गुजर रहे थेए तभी अचानक मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दियाण शोर मचाते हुए वे लोग भागने लगेण इस दौरान हमें व अन्य तीन लोगों को मधुमक्खियों ने अपने चपेट में ले लिया।

### बाइक सवार लुटेरों ने दंपत्ति से की चार लाख की लूट

**कुमारधुबी।** दिन दहाड़े लगभग 12 .45 बजे निरसा थाना क्षेत्र के निरसा चौक से बाइक सवार दो लुटेरों ने बैंक ऑफ इंडिया निरसा शाखा से रुपया लेकर आ रहे दम्पति से लूट कर धनबाद की ओर भाग गए । भुक्तभोगी दम्पति द्वारा निरसा पुलिस को सूचना दे दी है। निरसा थाने में भुक्तभोगी शामपुर भुइयांडीह निवासी डब्लू महतो उनकी पत्नी शोभा मेहताइन ने बताया कि घर बनाने के लिये बैंक ऑफ इंडिया निरसा शाखा से 4 लाख रुपया निकाल थैले में रखा और निरसा चौक पर जैसे ही आये पहले से घात लगाए बाइक सवार लुटेरों ने थैले पर झपट्टा मार कर धनबाद की ओर फरार हो गए।

## इंटर स्टील प्लांट क्रिकेट में टाटा स्टील विजेता

**बोकरो।** इंटर स्टील प्लांट क्रिकेट चैम्पियनशिप के फाइनल में टाटा स्टील की टीम ने बोकारो स्टील प्लांट को 5 विकेट से हराकर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया।

## पेज एक का शेष

### कस्तूरबा के शिक्षकेतर ...

लेकिन यहां से पूरे जिले में परेशानी हो रही है। इसलिए मॉनिटरिंग के लिए स्टेट लेवल कमांड कंट्रोल सिस्टम बनेगा। उन्होंने कहा कि नेतरहाट एवं कोयल व्यू प्वाइंट 6.4 किलोमीटर रोड 30 करोड़ की लागत से बनेगा। स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट के लिए बकाया 2.4 8 करोड़ का भुगतान करने की मंजूरी दी गयी। गोंदा मोहाली शिवनगर रोड को 79 करोड़ में बनाने की मंजूरी दी गयी। 4401 उर्दू शिक्षकों के पद को योजना मद से गैर योजना मद में शामिल किया गया। इससे इनके वेतन भुगतान में अब आसानी होगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी साहिबगंज अमृत नरेश खलखो को सेवा से बर्खास्त किया गया।

### राज्यपाल बैस ने ...

मालूम हो कि यह विधेयक इसके पहले भी दो बार राज्यपाल के अनुमोदन के लिए राजभवन भेजा गया था। पहली बार हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण में रूपातंरण संबंधी विसंगतियों के कारण इस विधेयक को वापस कर दिया गया। उसके बाद राज्य सरकार ने विधेयक को संशोधित कर बिना विधानसभा में पारित किए ही राज्यपाल के पास सहमति के लिए भेज दिया था। राज्यपाल द्वारा राज्य सरकार को यह कहते हुए इस विधेयक को फिर वापस कर दिया गया कि संशोधित विधेयक को विधानसभा से पारित कराकर अनुमोदन प्राप्त करने के लिए भेजें।

### नेहरू महान थे...

हमने सैचुरेशन का रास्ता चुना : पीएम मोदी ने कहा कि इंदिरा गांधी के समय आर्टिकल 356 का 50 बार उपयोग किया और विपक्षी और क्षेत्रीय दलों की सरकारों को गिरा दिया गया। केरल में वामपंथी सरकार चुनी गयी, जिसे नेहरू पसंद नहीं करते थे, उसे गिरा दिया गया। करुणानिधि जैसे दिग्गजों की सरकारें गिरा दी गयी। लेकिन आज वामपंथी और डीएमके वहां खड़े हैं। कांग्रेस ने राजभवनों को कांग्रेस का दफ्तर बना दिया था। बच्चों के नसीब में बबार्दी छोड़कर ना जायें, देश की आर्थिक सेहत से खिलवाड़ मत करें। ऐसा कोई पाप मत कीजि। कांग्रेस को देश बार-बार नकार रहा है, लेकिन कांग्रेस के साथी अपनी साजिशों से बाज नहीं आते हैं। जनता उन्हें देख रही है और हर मौके पर सजा भी दे रही है।

**जितना कीचड़ उछालोगे, कमल खिलेगा :** हंगामे के बीच पीएम मोदी ने कहा, 'सदन में जो भी बात होती है, उसे देश गंभीरता से सुनता है और गंभीरता से लेता है। लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोगों की वाणी न सिर्फ सदन को, बल्कि देश को निराश करने वाली है। इस प्रकार की प्रवृत्ति के सदस्यों को यही कहूंगा कि कीचड़ उसके पास था, मेरे पास गुलाल। जो भी जिसके पास था, उसने दिया उछाल। जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलेगा। कमल खिलाने में प्रत्यक्ष या परोक्ष आपका जो भी योगदान है, इसके लिए मैं उनका भी आभार व्यक्त करता हूं।

**इनका काम लटकाना, भटकाना था :** पीएम मोदी ने कहा तमाम परियोजनाओं का जिक्र करते हुए भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। कहा, 'हमने सीधे जनधन खाते में लाभार्थियों को पैसे भेजे। हम नया इको सिस्टम लाये। जिन लोगों को पुराने इको सिस्टम के फायदे मिलते थे, उनका चिल्लाना स्वाभाविक है। पहले परियोजनाएं लटकाने, भटकाने का कल्चर था। हमने टेक्नोलॉजी का प्लेटफॉर्म तैयार किया और इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट को गति देने का काम किया। योजनाएं बनाने में महीनों लगते थे, आज सप्ताहभर में योजनाएं आगे बढ़ा दी जाती हैं।

### जमशेदपुर में टाटा ...

यह भारत का पहला औद्योगिक शहर और एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र है। यह जमशेदपुर एफसी का भी घर है और तीरंदाजी, फुटबॉल और हॉकी में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए जाना जाता है।

विजया होम्स ग्रुप : विजया होम्स ग्रुप 1988 से किफायती और आरामदायक घर उपलब्ध कराने के व्यवसाय में है। यह एक ऋण मुक्त समूह है और जमशेदपुर में विभिन्न स्थानों पर कई आवासीय परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा कर चुका है और 4000 से अधिक घरों को सौंप चुका है। विजया गार्डन, विजया की विरासत, विजया की शताब्दी आदि समूह द्वारा विकसित कुछ परियोजनाएं हैं।

**इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड :** इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आइएचसीएल) और इसकी सहायक कंपनियां ब्रांडों और व्यवसायों के एक समूह को एक साथ लाती हैं जो भारतीय आतिथ्य और विश्व स्तरीय सेवा का मिश्रण पेश करते हैं। इनमें ताज शामिल है।

दुनिया भर में टाटा के 257 होटल, 70 नये बन रहे : टाटा समूह के संस्थापक, जमशेदजी टाटा द्वारा निगमित, कंपनी ने अपना पहला होटल - द ताजमहल पैलेस, बॉम्बे में 1903 में खोला था। आईएचसीएल के पास 257 होटलों का पोर्टफोलियो है, जिसमें 70 विश्व स्तर पर 4 महाद्वीपों, 11 देशों और 11 से अधिक देशों में विकसित हो रहे हैं। 100 स्थान। इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) बाजार पूंजीकरण द्वारा भारत की सबसे बड़ी आतिथ्य कंपनी है। यह मुख्य रूप से बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध है।

### रामगढ़ की जनता ...

तीन साल से रामगढ़ नेतृत्व विहीन : आजसू प्रमुख ने कहा कि तीन साल से रामगढ़ नेतृत्व विहीन है। 27 को होने वाले उपचुनाव में जीत दर्ज कर एनडीए की उम्मीदवार नीता चौधरी रामगढ़ की खोयी गरिमा वापस दिलाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता की सेवा ली है, उसे आम आदमी के राशन की नहीं अपनी चिंता रही है। वहीं आजसू जनता की सेवा करती रही है। आजसू के नेतृत्व में ही रामगढ़ का परिचय बदला, लेकिन कांग्रेस ने उस परिचय को तीन साल में ही चौपट करके रख दिया। हमने विकास का जो मुकुट सजाया था, उसे कांग्रेस ने नोंच ली।

**राज्य भर में चौतरफा अराजकता :** सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस सरकार में चारो तरफ अराजकता है। बिना घूस के कोई काम नहीं होता। युवा बेरोजगार बैठे हैं और मुख्यमंत्री जोहार यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस और झामुमो ने अल्पसंख्यकों को मानसिक रूप से गिरवी बना दिया है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल माफी की बात करनेवाली सरकार गरीबों का कनेक्शन काट रही है। यह परिवार कभी नहीं चाहता था कि अलग राज्य बने, उनका मकसद सिर्फ विषय को जिंदा रखकर राजनीति करने का है। अगर इन्होंने ईमानदार प्रयास किया होता तो 1993 में ही अलग राज्य का गठन हो गया होता। हेमंत सोरेन की यही मानसिकता स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति को लेकर है। आजसू पार्टी की पहल का असर है कि सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित कराने को लेकर राज्य सरकार को निर्देश दिया है।

### झारखंड का 15...

पुलिस नक्सली के पास से एक रायफल और 925 कारतूस बरामद किया गया है। बिहार-झारखंड में लूट, हत्या आगजनी जैसे 21 मामले उस पर दर्ज है।**चार लोगों को फंदे पर लटकाया था :** नक्सली अभ्यास भुइयां ने नवम्बर 2021 में गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के मोनबार गांव बघमरवा टोले में चार लोगों को फंदे से लटका कर हत्या में भी शामिल था। हत्या के बाद घर को बम से उड़ा दिया था। वारदात के बाद नक्सलियों ने घर के बाहर एक पर्चा भी चिपकाया था। इसमें बदला लेने के लिए इस परिवार के सदस्यों की हत्या की बात कही गई है। झारखंड सरकार ने प्रेम भुइंया के विरूद्ध 15 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था, वहीं बिहार में भी उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। भाकपा माओवादी के रीजनल कमेटी का सदस्य अभ्यास भुइयां की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। वर्ष 2003 में अभ्यास भुइयां नक्सली संगठन से जुड़ा था। वर्ष 2015 में उसे रिजनल कमांडर बनाया गया था।

स्पीड न्यूज

## महिलाओं ने हर क्षेत्र में बेहतर काम किया : मुर्मू



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि जब भी महिलाओं को समान अवसर मिले हैं, उन्होंने हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर और कभी-कभी उनसे बेहतर प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की के लिए महिलाओं को परिवार से और अधिक सहयोग मिलने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार सशक्त होगा।

## केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन के घर पर हमला

**तिरुवनन्तपुरम।** केरल की राजधानी तिरुवनन्तपुरम में केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन के घर पर हमला हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञात बदमाशों ने वी मुरलीधरन के घर पर पथराव किया। मुरलीधरन अभी केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री हैं।

## केजरीवाल के घर के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** फीडबैक यूनिट (एफबीयू) को लेकर भाजपा गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा ने दिल्ली सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार राजनीतिक विरोधियों के प्रति दुर्भावना से काम करती है, उनके दमन में विश्वास करती है।

## गुजरात के कच्छ में भूकंप से कांपी धरती

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ में गुरुवार की सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3 मापी गई है। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र दुधई था।

## सेंसेक्स में तेजी

**मुंबई।** गुरुवार को सेंसेक्स 142.43 अंक की तेजी लेकर 60806.22 अंक और निफ्टी 21.75 अंक यानी 0.12 प्रतिशत बढ़कर 17893.45 अंक पर रहा।

## पटना : बस मालिक की गोली मारकर हत्या

**पटना।** अगमकुआं थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात बैरिया बस स्टैंड से बाइक से लौट रहे बस मालिक कृपाशंकर सिंह की बदमाशों ने ताबड़तोड़ पांच गोली मारकर हत्या कर दी। गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोली मारकर अपराधी भाग निकले।

## मोदी-अडाणी भाई-भाई नारों के बीच विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री

# देश देख रहा, एक अकेला सब पर भारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बाद जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को जमकर घेरा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही झूठ की राजनीति की और सत्ता पाई। मोदी ने अपने भाषण में एक ओर जहां अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं तो दूसरी और कांग्रेस की नाकामयाबियों के भी चिट्ठे खोले।



**एक अकेला सभी पर भारी**

पीएम के भाषण के दौरान विपक्षी नेताओं ने जमकर अडाणी को लेकर नारेबाजी की। इस बीच पीएम ने कांग्रेस के घोटालों की पूरी लिस्ट गिनवां दी। पीएम ने शोरशराबे की बीच कहा कि जनता इस संसद में हो रहे कामकाज को देख रही होगी कि कैसे एक अकेला कितनों पर भारी है।

**कांग्रेस ने देश को बर्बाद किया**

पीएम ने कांग्रेस को जमकर खरी-खोटी सुनाई। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में सिर्फ घोटाले का काम किया और देश को बर्बाद कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे कर दिए हैं, जिसे अब हम भरने का काम कर रहे हैं।

**जनता दे रही कांग्रेस को जवाब**

कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए पीएम ने कहा कि मेरे पर कीचड़ उछालने का काम करती है, मेरे ऊपर गलत आरोप लगाती है, लेकिन देश की जनता उन्हें जवाब दे रही है। मोदी ने कहा कि देश बार-बार कांग्रेस को नकार रही है, फिर भी उनके नेता साजिशों से बाज नहीं आ रहे हैं।

**आपको जनता ही नकार दे रही...**

पीएम ने मल्लिकार्जुन खरगे पर पलटवार किया। मोदी ने कहा कि उनकी (खरगे) पीड़ा मैं समझ सकता हूं। आप दलित की बात करते हैं, यह भी देखें कि उसी जगह दलित को चुनाव में जीत भी मिली। अब आपको जनता ही नकार दे रही है तो आप उसका रोना यहां रो रहे हैं।

### सांसदों का हंगामा

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया। गौतम अडानी मामले में जेपीसी जांच की मांग करते हुए विपक्षी सांसदों ने सदन में पीएम मोदी के भाषण के दौरान कई नारे लगाए। गुरुवार दोपहर जैसे ही पीएम मोदी का भाषण शुरू हुआ, तुरंत कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। सदन में 'मोदी-अडानी भाई-भाई' के कई बार नारे लगे। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विपक्षी सांसदों पर तंज कसा। उन्होंने शायरी सुनाते हुए कहा कि कीचड़ में ही कमल खिलेगा।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच की मांग शीर्ष अदालत में सुनवाई आज

सुप्रीम कोर्ट हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की जांच को लेकर दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए राजी हो गया है। याचिका में रिपोर्ट की जांच कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि कोर्ट इसके लिए केंद्र को एक समिति गठित करने का निर्देश दे। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता विशाल तिवारी ने गुरुवार को सीजेआइ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया।

## एनएसए अजीत डोभाल ने रूस में राष्ट्रपति पुतिन से की मुलाकात



एजेंसी

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूस में एनएसए अजित डोभाल ने गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस बारे में रूस में भारत के दूतावास ने जानकारी दी। डोभाल मास्को में अफगानिस्तान पर बहुपक्षीय सुरक्षा को लेकर हुई बैठक में शामिल होने पहुंचे हैं।

**राष्ट्रपति से किन मुद्दों पर हुई चर्चा**

रूस में स्थित भारतीय दूतावास की ओर से बताया गया कि एनएसए अजीत डोभाल ने राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को लागू करने की दिशा में काम जारी रखने पर भी सहमति बनी।

**अफगानिस्तान मुश्किल दौर से गुजर रहा :** अफगानिस्तान पर सुरक्षा परिषदों/एनएसए के सचिवों की पांचवीं बैठक में बुधवार को बोलते हुए एनएसए डोभाल ने कहा था कि काबुल में समावेशी और प्रतिनिधि व्यवस्था अफगान समाज के व्यापक हित में है। उन्होंने यह भी कहा कि अफगानिस्तान के लोगों की भलाई और मानवीय जरूरतें भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एनएसए ने कहा कि आतंकवाद क्षेत्र के लिए बड़ा खतरा बन गया है।

उन्होंने जोर दिया कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और दाएश जैसे आतंकी संगठनों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच गहन खुफिया और सुरक्षा सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान एक कठिन दौर से गुजर रहा है और जरूरत के समय में भारत अफगान लोगों को कभी नहीं छोड़ेगा।

## अब भारतीयों को जल्द मिलेगा अमेरिकी वीजा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वीजा के लिए अप्लाई करने वालों के लिए अच्छी खबर है। अमेरिकी विदेश विभाग ने राष्ट्रपति आयोग की सिफारिशों को लागू कर दिया है। इसमें सुझाव दिया गया था कि वीजा बैकलॉग को खत्म किया जाए। जल्द से जल्द वीजा के लिए इंटरव्यू कराए जाएं। भारत उन देशों में से एक है जहां कोरोनो से संबंधित यात्रा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद अमेरिकी वीजा के लिए आवेदनों में बड़ी तेजी देखी गई है। भारतीय मूल के अजय जैन ने राष्ट्रपति आयोग के सामने ये मुद्दा उठाया था। इसपर आयोग ने पाया कि वीजा नियुक्ति में देरी से उन छात्रों और आगंतुकों के लिए भारी समस्याएं पैदा हो रही हैं।

## 2022 में 2.25 लाख लोगों ने छोड़ी भारतीय नागरिकता : विदेश मंत्री

साल 2011 के बाद 16 लाख से अधिक लोगों ने छोड़ी नागरिकता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** साल 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है। केंद्र सरकार ने सरकारी आंकड़ों के हवाले से गुरुवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी।

**2020 में सबसे कम भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक सवाल के लिखित जवाब में साल 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है, जिसमें पिछले साल 2,25,620 शामिल थे, जो इस अवधि के दौरान सबसे अधिक थे, जबकि 2020 में सबसे कम 85,256 थे। साल 2015 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 1,31,489 थी, जबकि 2016 में 1,41,603 लोगों ने नागरिकता छोड़ी और 2017 में 1,33,049 लोगों ने नागरिकता छोड़ी।

उनके मुताबिक 2018 में यह संख्या 1,34,561 थी, जबकि 2019 में 1,44,017, 2020 में 85,256 और 2021 में 1,63,370 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी थी।

## तुर्किये : भारत ने चलाया ऑपरेशन दोस्त



**अंकारा।** भारत तुर्किये और सीरिया के लोगों को बचाने के लिए 'ऑपरेशन दोस्त' चलाया है। 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत भारतीय सैनिक तुर्किये के खंडहर से कइयों के अपने और सपने को निकाल रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में तुर्की की एक महिला भारतीय महिला सैनिक को किस देते नजर आ रही हैं। यह तस्वीर वाकई दिल जीतने वाली है।

## तुर्किये-सीरिया में मृतकों का आंकड़ा 19 हजार से पार

### अब भी मलबे में दबे हैं लोग

एजेंसी

**अंकारा।** तुर्किये और सीरिया में भूकंप के कहर से मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। द एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, तुर्किये और सीरिया में शक्तिशाली भूकंपों के कारण अब तक 19,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। व्यापक तबाही के बीच मरने वालों की संख्या में वृद्धि जारी है। करीब 50 हजार से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। बड़ी तादात में लोग अभी भी मलबे के नीचे फंसे हुए हैं। इस बीच, तुर्किये में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यूनाइटेड स्टेट



जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, तुर्किये के नूरदगी शहर में ये भूकंप महसूस हुआ है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई है। वहीं, भूकंप से आई तबाही के बाद मलबे के नीचे लोगों के जिंदा होने की अभी भी आशंका है। इसको देखते हुए राहत-बचाव का काम भी काफी संभलकर चल रहा है। जो जिंदा हैं, वो मलबों के ढेर में अपनों को तलाश रहे हैं। दिनरात मलबे की खुदाई चल रही है। लोग हाथों से भी मलबा साफ कर रहे हैं। कई जगहों पर रेस्क्यू करने वालों की कमी पड़ गई है। आलम ये है कि मलबे के अंदर से जिंदा लोग चीख रहे हैं, लेकिन उनकी मदद करने वाला कोई नहीं है।

## छपरा में हिंसा के बाद अब भी तनाव, इंटरनेट बैन

**छपरा।** बिहार के छपरा में दो फरवरी को बेहद चौंकाने वाला घटनाक्रम सामने आया जब तीन लोगों की बंद कमरे में बेरहमी से पिटाई की गई थी। लाठी-डंडों से पिटाई में पहले एक शख्स की मौत हुई थी। इसी बीच दूसरे शख्स की बुधवार को इलाज के दौरान जान चली गई। इस घटना बाद इलाके में काफी बवाल देखने को मिला था। हिंसा में मृत शख्स के परिजनों ने हंगामा किया था। जिसके बाद प्रशासन ने प्रभावित गांव में धारा 144 के साथ इंटरनेट सेवा बंद कर दी थी। वहीं इलाके में तनाव अभी थमा नहीं है ऐसे में बिहार सरकार ने छपरा में इंटरनेट सेवाएं 10 फरवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। पूरा मामला छपरा के मांझी थाने के मुबारकपुर गांव में दो फरवरी की शाम को सामने आया था। जब मुबारकपुर में तीन युवकों की बेरहमी से पिटाई की गई थी। इस वारदात में दो युवकों की मौत हो चुकी है।

## पेंटागन : परमाणु ठिकानों की जानकारी के लिए चीन ने पहले भी भेजे थे जासूसी गुब्बारे

**अमेरिका ने मांगा भारत का साथ**

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के हवाई क्षेत्र में देखे गए चीन के जासूसी गुब्बारे को लेकर पेंटागन ने बड़ा दावा किया है। पेंटागन ने कहा है कि इससे पहले चीनी जासूसी गुब्बारों के चार बार अमेरिकी क्षेत्र के ऊपर उड़ने की घटनाएं हुई हैं। हालांकि, पहले इन गब्बारों की पहचान नहीं की गई थी, लेकिन बाद में खुफिया जानकारी के तहत पता चला कि वे सभी चीनी गुब्बारे थे।

पैट राइडर ने कहा कि चीन द्वारा जासूसी गुब्बारे का कार्यक्रम कई सालों से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिका यह जानता है कि चीन इन गुब्बारों को अमेरिका के रणनीतिक स्थलों का सर्वेक्षण करने के लिए भेज रहा था। हालांकि, उन्होंने उस ठिकाने के बारे में नहीं बताया, जहां से चीन इन जासूसी गुब्बारों को लॉन्च कर रहा है।

**अमेरिका ने मांगा भारत का साथ**

इस बीच पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका न सिर्फ भारत का सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है बल्कि उसकी असाधारण विकास गाथा में उसका प्रमुख साझेदार भी बनना चाहता है। पेंटागन के प्रेस सचिव ने कहा, हम भारत के साथ अपने रक्षा सहयोग पर अधिक जानकारी साझा करने के लिए तत्पर हैं क्योंकि नई पहल आगे बढ़ रही हैं। ये पहल रक्षा बिक्री से रक्षा संयुक्त उत्पादन और विकास में तेजी लाएगी और अमेरिका और भारतीय रक्षा फर्मों के बीच एकीकरण को बढ़ावा देगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने भारत और जापान सहित कई देशों को निशाना बनाते हुए जासूसी गुब्बारों का एक बेड़ा संचालित किया है।

## इस्लामिक स्टेट खुरासान की धमकी, भारत-चीन और ईरान दूतावास पर होगा आतंकी हमला

**नयी दिल्ली।** इस्लामिक स्टेट (खुरासान) यानी आइएस ने अफगानिस्तान में भारत, ईरान और चीन के दूतावासों पर आतंकवादी हमले शुरू करने की धमकी दी है। इसके जरिए ये आतंकी समूह तालिबान और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच संबंधों को कमजोर करने की कोशिश में हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेश की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। गुरुवार को सुरक्षा परिषद ने 'आतंकवादी कृत्यों के कारण अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे' विषय पर एक बैठक की। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएसआईएल (खुरासान) ने खुद को तालिबान के लिए 'प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी' के रूप में तैनात करना शुरू किया है। इनका कहना है कि तालिबान के लड़ाके देश को सुरक्षा प्रदान करने में असक्षम हैं।

## मिसेज फलानी में नौ किरदार निभायेंगी स्वरा

अभिनेत्री स्वरा भास्कर अपनी आने वाली फिल्म 'मिसेज फलानी' में नौ अलग-अलग किरदार निभाती नजर आयेंगी। स्वरा भास्कर ने 'मिसेज फलानी' के लिए पुराने जमाने के फैशन को दोहराया है।



जिसमें वह नौ अलग-अलग किरदारों को निभाती हुई नजर आएंगी। इन किरदारों की उम्र 30 से 42 साल के बीच होगी, जो 9 अलग-अलग राज्यों से ताल्लुक रखती है। स्वरा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब जैसे विभिन्न राज्यों से ताल्लुक रखने वाली एक गृहिणी की भूमिका निभाएंगी। स्वरा भास्कर ने कहा, 'मिसेज फलानी' मेरे जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्म होने जा रही है। निस्संदेह, एक फिल्म में इतने सारे अलग-अलग किरदार निभाना हर एक्टर का सपना होता है। मैं वास्तव में इसे लेकर अभिभूत हूं!

# नागपुर टेस्ट : अश्विन-जडेजा की फिरकी में फंसी कंगारू टीम, भारत ने बनाये 77/1

एजेंसी

**नागपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत हो गई है। टेस्ट सीरीज का पहला मैच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टी ब्रेक के ठीक बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी 177 रनों पर सिमट गई। रविंद्र जडेजा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये। जवाब में भारत ने एक विकेट पर 77 रन बना लिये हैं। ऑस्ट्रेलिया के पास सिर्फ 100 रनों की बढ़त बची है।

**जडेजा और अश्विन की फिरकी का कमाल**

कैरी ने रिवर्स स्वीप से कुछ अच्छी बाउंड्री लगाई लेकिन अश्विन की गेंद पर इसी शॉट को दोहराने की कोशिश में गेंद को विकेटों पर खेल गए। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (6) को स्लिप में कोहली के हाथों कैच कराया जबकि जडेजा ने पदार्पण कर रहे टॉड मर्फी (0) को पगबाधा करके ऑस्ट्रेलिया को आठवां झटका दिया। टी के बाद जडेजा ने हैंडकॉम्ब (31) को आउट कर अपने 5 विकेट पूरे किये। बोलैंड को बोल्ड कर अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को 177 रनों पर समेट दिया।

**रोहित शर्मा ने जड़ी फिफ्टी**

भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने तेज शुरूआत की। उन्होंने पहले ही ओवर में पैट कमिंस को तीन चौके मार दिये। इसके बाद रोहित ने एक छोर से तेजी से रन बनाए। वहीं केएल राहुल विकेट बचाते दिख रहे थे। रोहित ने 22वें ओवर में नाथन लायन की गेंद पर चौका मारकर अपना 65 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। यह रोहित की टेस्ट में 15वीं फिफ्टी है। टेस्ट कप्तान के रूप में उन्होंने पहली बार 50+ का स्कोर बनाया है। रोहित की फिफ्टी के बाद अगली ही ओवर में केएल राहुल टॉड मर्फी का शिकार हो गए। मर्फी का यह डेब्यू टेस्ट है। भारतीय उपकप्तान के बल्ले से 71 गेंदों पर 20 रन निकले। अश्विन नाइटवॉट मैन के रूप में तीसरे नंबर पर उतरे। स्टंप्स तक भारत का स्कोर एक विकेट पर 77 रन था। रोहित शर्मा 56 रन बनाकर नाबाद हैं।



ऑस्ट्रेलिया की पारी 177 रनों पर सिमटी

### सूर्यकुमार, भरत का डेब्यू

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में सूर्यकुमार यादव ने अपने टेस्ट करियर की शुरूआत की। सूर्यकुमार ने 32 साल 148 दिन की उम्र में पहला टेस्ट खेला और मैदान में उतरते ही इतिहास रच दिया। यादव टी20, वनडे और टेस्ट तीनों फॉर्मेट में 30 साल के बाद डेब्यू करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं, विकेटकीपर केएस भरत को भी पहली टेस्ट खेलने का अवसर मिला। भरत को टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने डेब्यू कैप दिया। डेब्यू कैप लेने के बाद भरत सीधे अपनी मां के पास गए। वह भावुक हो गए थे। उन्होंने मैदान पर ही मां को लगे लगाया।

### रविचंद्रन अश्विन सबसे तेज 450 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज

अश्विन ने मैच के पहले दिन एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने टेस्ट करियर में 450 विकेट पूरे कर लिए। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 450 विकेट पूरे करने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए। उन्होंने 89वें टेस्ट में यह आंकड़ा छू लिया। उनसे तेज सिर्फ श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन ने 450 विकेट लिए थे। उनसे पहले अनिल कुंबले ने ऐसा किया था।




## रणजी ट्रॉफी : कप्तान मयंक के दोहरे शतक से फ्रंट फुट पर कर्नाटक



**बेंगलुरु।** प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज और कप्तान मयंक अग्रवाल (249) के दोहरे शतक के दम पर कर्नाटक ने सौराष्ट्र के विरुद्ध रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में गुरुवार को ऑलआउट होने से पहले 407 रन बना लिये। दूसरे दिन का खेल खत्म होने से पूर्व सौराष्ट्र ने 76 रन बनाकर दो विकेट गंवा दिये हैं। मयंक ने अपने पहले दिन के शतक को आक्रामकता के साथ दोहरे शतक में बदला। उनके पिछले दिन के साझेदार श्रीनिवास शरत 66 रन के स्कोर पर पगबाधा आउट हो गये, जिसके बाद मयंक ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं। मयंक ने विजयकुमार (छह रन) के साथ आठवें विकेट के लिये 22 रन जोड़ने के बाद विधवत केरप्पा (15) के साथ 91 रन की बहुमूल्य साझेदारी की।

### बंगाल ने मध्य प्रदेश पर शिकंजा कसा

**इंदौर।** पश्चिम बंगाल ने अभिषेक पोरेल (51) और मनोज तिवारी (42) की जुझारू पारियों के बाद अनुशासित गेंदबाजी के दम पर मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बंगाल ने पहली पारी में ऑलआउट होने से पहले 438 रन बनाये, जबकि मध्य प्रदेश ने स्टंप्स से पहले दो विकेट गंवाकर 56 रन जोड़ लिये हैं। बंगाल के खिलाड़ी पोरेल ने 102 गेंदों पर आठ चौकों के साथ 51 रन बनाये, जबकि मनोज ने 129 गेंद खेलकर 42 रन की पारी खेली।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar – II | ₹ 100 | English Grammar – II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!